

एचडीएफसी बैंक ने बाहरी कानूनी कंपनी को सौंपी जांच
- 12



बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 1,372 अंक चढ़ा, निफ्टी 400 अंक मजबूत
- 12



किम जोंग का एलान-उत्तरी कोरिया को बनाएंगे परमाणु शक्ति संपन्न
- 13



टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे ऋषभ पंत : एलएसजी कोच जस्टिन लैंगर
- 14


आज का मौसम

$33.0^0$ अधिकतम तापमान

$20.0^0$ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.08 | सूर्यास्त 06.22

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ • बरेली • कानपुर • मुरादाबाद • अयोध्या • हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी 01:50 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 25 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 46, पृष्ठ 14 • मूल्य 6 रुपये


## इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले शख्स हरीश राणा का निधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- 13 साल से थे कोमा में, शाम 4:10 बजे दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस

भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद एम्स-दिल्ली में मंगलवार को निधन हो गया। राणा (32) को 14 मार्च को गाजियाबाद स्थित उनके घर से एम्स के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टिट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की उपशामक देखभाल इकाई में स्थानांतरित किया गया था। वह 2013 से कोमा में थे।

एम्स ने कहा, हरीश राणा का 24 मार्च को शाम चार बजकर 10 मिनट पर दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वह डॉक्टरों की एक विशेष टीम की देखरेख में थे और उन्हें ऑन्को-एनेस्थीसिया और पैलिएटिव मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. सीमा मिश्रा के नेतृत्व वाली पैलिएटिव ऑन्कोलॉजी यूनिट में भर्ती कराया गया था। इस कठिन समय में एम्स उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है।



शीर्ष कोर्ट ने 11 मार्च को ऐतिहासिक फैसले में हरीश राणा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। राणा पंजाब विश्वविद्यालय में बीटेक के छात्र थे। वह 2013 में चौथी मंजिल की बालकनी से गिर गए थे और उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं। तब से वह कोमा में। अदालत ने माता-पिता निर्मला राणा और अशोक राणा का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए, अपने बेटे के प्रति अपार स्नेह और देखभाल के लिए उनकी सराहना व्यक्त की। कहा था, उनके परिवार ने कभी उनका साथ नहीं छोड़ा। इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश अदालत के 2018 के कॉमन कॉज मामले में निर्णय के अनुरूप है, जिसे 2023 में संशोधित किया गया था और गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी।

वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग के मामले में इच्छामृत्यु के लिए याचिका दायर करने वाली पत्रकार और कार्यकर्ता पिंकी विरानी ने एम्स के डॉक्टरों व नर्सों को करुणापूर्वक निष्क्रिय इच्छामृत्यु की प्रक्रिया को लागू करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आग्रह किया कि यदि कोई व्यक्ति इस अधिकार का प्रयोग करना चाहता है, तो उसे अपने परिवार के सदस्यों को बता देना चाहिए। कोर्ट ने शानबाग की ओर से विरानी की याचिका खारिज कर दी थी, जो नवंबर 1973 में हुए बर्बर यौन हमले के बाद से मुंबई के अस्पताल में कोमा जैसी स्थिति में बिस्तर पर पड़ी थीं। मुंबई की नर्स शानबाग की अंततः 2015 में निमोनिया से मृत्यु हो गई।

### पोषण संबंधी सहायता धीरे-धीरे की गई थी बंद

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद राणा की पोषण संबंधी सहायता धीरे-धीरे बंद कर दी गई। राणा की मृत्यु के बाद, उनके परिवार ने उनका कॉर्निया और हृदय वाल्व दान कर दिए, जिन्हें अस्पताल द्वारा प्राप्त किया गया। कोर्ट के फैसले के बाद राणा के परिवार ने कहा था कि कृत्रिम जीवनरक्षक सहायता हटाने से परिवार को व्यक्तिगत रूप से कोई लाभ नहीं होगा, लेकिन व्यापक जनहित में यह निर्णय समान परिस्थितियों का सामना कर रहे अन्य लोगों की मदद कर सकता है। हरीश राणा के पिता अशोक राणा ने कहा था कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु से वर्षों के अपूरणीय कष्ट से हरीश को मुक्ति मिलेगी।

## हवाई हमले में तेहरान का गैस प्लांट उड़ाया, ईरान ने भी खाड़ी देशों व इजराइल पर दागे बम

दुबई, एजेंसी



- खाड़ी देशों में कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणालियां तैनात करेगा ब्रिटेन
- जोलघाद्र ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के नए सचिव नियुक्त

ईरान पर मंगलवार को किए गए हवाई हमलों ने राजधानी तेहरान में भारी तबाही मचाई और गैस प्लांट के साथ पाइपलाइन उड़ा दी, लेकिन ईरानी मिसाइलों और ड्रोन ने भी इजराइल के तेल अवीव और पश्चिम एशिया के कई ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य के साथ बातचीत कर रहा है। हजारों और अमेरिकी मरीन सैनिकों के खाड़ी क्षेत्र की ओर रवाना होने, दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर तीव्र हमला जारी रहने और ईरान द्वारा किसी भी प्रकार की बातचीत से इनकार करने के बीच युद्ध तेज होता दिखा। वहीं, ब्रिटेन खाड़ी देशों में कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणालियां तैनात तैनात करेगा।

हालांकि, इसके एक दिन पहले ट्रंप ने ईरान को दी गई वह समयसीमा भी आगे बढ़ा दी, जिसके तहत होर्मुज को जहाजों के लिए नहीं खोलने पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों को हवाई हमलों में निशाना बनाने की चेतावनी दी गई थी।

पाकिस्तान ने राजनयिक वार्ता की मेजबानी की पेशकश की, लेकिन ईरान अपने रुख पर अड़ा रहा और पूर्ण विजय प्राप्त होने तक लड़ने की कसम खाई। ईरान ने मंगलवार को एक ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड के पूर्व कमांडर को देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नया सचिव नियुक्त किया, जिन्होंने हवाई हमले में मारे गए अली लारीजानी की जगह ली। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने नए सचिव की पहचान मोहम्मद बागेर जोलघाद्र के रूप में की है

### होर्मुज स्ट्रेट से आने को किसी अनुमति की जरूरत नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि तेल समृद्ध फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ने वाले एकमात्र समुद्री मार्ग होर्मुज से गुजरने के लिए किसी भी देश की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नौवहन नियमों के अनुसार जलडमरूमध्य में आवागमन की स्वतंत्रता है। चूंकि जलडमरूमध्य संकरा है, केवल प्रवेश और निकासी मार्ग चिन्हित हैं, जिनका पालन सभी जहाजों को करना आवश्यक है। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत जलडमरूमध्य को पार करने से पहले सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं।

### ब्रीफ न्यूज

#### लॉरेंस बिश्नोई और दो अन्य को जबरन वसूली के मामले में किया तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जबरन वसूली से संबंधित फोन कॉल के एक मामले में आरोप-मुक्त किए जाने के एक महीने बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और दो अन्य आरोपियों को तलब किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह 20 फरवरी को एक अलग मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा आरोपमुक्त किए जाने के आदेश के खिलाफ सरकार की पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई कर रहे थे। अदालत ने 23 मार्च के अपने आदेश में कहा, जांच अधिकारी (आईओ) के माध्यम से प्रतिवादियों/आरोपियों को पुनरीक्षण याचिका को लेकर नोटिस जारी करें, जिसका जवाब सुनवाई की अगली तारीख तक देय होगा।

#### दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से बजट पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस ने बताया कि विधानसभा परिसर की तलाशी के बाद अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और तलाशी अब भी जारी है। उसने बताया कि सुबह सात बजकर 28 मिनट पर विधानसभा को बम की धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ और इसके बाद सुबह सात बजकर 49 मिनट पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को भी एक ईमेल भेजा गया।

# प. एशिया जंग जारी रही तो यह भारत के लिए चिंताजनक : मोदी

## राज्यसभा में कहा- संकट से निपटने के लिए 7 नए समूह गठित किए

- प्रधानमंत्री बोले- आने वाला समय देश की सबसे कड़ी परीक्षा लेगा
- पूरे भारत को टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी



राज्यसभा में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में छिड़े वर्तमान संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निबटने के लिए सात नए समूहों का गठन किया गया है जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे।

प्रधानमंत्री ने जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर वक्तव्य देते हुए कहा कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है। इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसे जरूरी सामान की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है। कहा, हमारी अर्थव्यवस्था के आधारभूत स्तंभ मजबूत हैं तथा सरकार पल पल बदलते हालात पर नजर रखे हुए है। सरकार इसके अल्पकालिक, मध्य कालिक एवं दीर्घकालिक प्रभावों पर नजर रखने के लिए एक रणनीति के तहत काम कर रही है। मोदी ने कहा कि सरकार ने एक अंतर मंत्रालयी समूह बनाया है जो नियमित बैठक कर आयात-निर्यात में आने वाली बाधाओं का आकलन करता है। जैसे कोरोना महामारी के दौरान अलग अलग क्षेत्रों की चुनौतियों का सामना करने के लिए विशेषज्ञों एवं अधिकारियों के विभिन्न समूह बने थे, वैसे ही सोमवार को सात नए समूहों का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये समूह गैस, महंगाई आदि विषयों पर विचार कर समाधान के लिए काम करेंगे।

### खाड़ी में एक करोड़ भारतीयों की आजीविका चिंता का कारण

मोदी ने कहा कि खाड़ी के देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं, वहां काम करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन एवं आजीविका भारत के लिए बहुत बड़ी चिंता का कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में दुनिया के कई जहाज फंसे हुए हैं। उनमें भारतीय चालक दल की संख्या भी बहुत अधिक है तथा यह भी भारत की एक बड़ी चिंता का विषय है।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने मोदी को किया फोन होर्मुज सुरक्षा पर की बातचीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर हुई बातचीत के बाद कहा कि भारत पश्चिम एशिया में जल्द से जल्द तनाव कम करने और शांति बहाल करने का समर्थन करता है। ईरान के लिए अमेरिका की ओर से समयसीमा पांच दिन बढ़ाए जाने के एक दिन बाद ट्रंप ने मोदी को फोन किया। मोदी ने कहा, भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। होर्मुज का खुला, सुरक्षित और सुलभ रहना पूरी दुनिया के लिए आवश्यक है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की। इस संबंध में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण पोत परिवहन मार्ग को खुला रखने के महत्व पर विचार-विमर्श किया। गोर ने सोशल मीडिया पर कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की अभी बातचीत हुई। उन्होंने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का महत्व भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोई विवरण साझा किए बिना यह भी कहा कि संघर्ष के पूर्ण और समग्र समाधान के लिए अमेरिका तथा ईरान के बीच सार्थक बातचीत हुई है।



### तेल का खेल



पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी की अफवाहों से घबराकर लोग वाहनों की टंकियां फुल कराने पहुंच गए। नागपुर में पेट्रोल पंप पर लगी लंबी कतार।

## धर्म बदलते ही खत्म होगा अनुसूचित जाति का दर्जा

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला रखा बरकरार

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित व्यक्ति, किसी अन्य धर्म को अपनाकर एससी का दर्जा तुरंत और पूरी तरह खो देता है।

पीठ ने कहा, ऐसे किसी भी व्यक्ति को धारा तीन के अनुसार अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाता। उसे संविधान या संसद या राज्य विधानमंडल के किसी कानून के तहत कोई भी वैधानिक लाभ, संरक्षण या आरक्षण नहीं दिया जा सकता। यह पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसमें कोई अपवाद नहीं है। कोई व्यक्ति धारा तीन में उल्लेखित धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करते हुए अनुसूचित जाति की सदस्यता का दावा नहीं कर सकता। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने 30 अप्रैल 2025 को कहा था कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना लेता है और उसे सक्रिय रूप से मानता व पालन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा कि ईसाई धर्म में जाति व्यवस्था नहीं है और इसलिए ईसाई धर्म अपनाने वाले व्यक्ति पर अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होते।

### 2021 में एक मामले में सुनाया आदेश

पादरी सी आनंद ने 2021 में एक आपराधिक मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने एआर रेड्डी नामक व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और एससी/एसटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं का हवाला दिया था। आनंद ने आरोप लगाया कि पादरी के तौर पर कर्तव्यों का पालन करते समय आंध्र प्रदेश के एक गांव में रविवार की प्रार्थना के दौरान उन पर हमला किया गया। उन्होंने दावा किया कि आर रेड्डी ने उन पर कई बार हमला किया और जातिसूचक अपशब्द कहकर अपमानित किया।

## प. एशिया पर सर्वदलीय बैठक आज

- रक्षामंत्री राजनाथ करेंगे बैठक की अध्यक्षता, राहुल गांधी नहीं होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने प. एशिया संकट पर चर्चा करने के लिए बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक बुधवार शाम पांच बजे बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर सकते हैं और विदेश मंत्री एस जयशंकर के भी इसमें मौजूद रहने की उम्मीद है।

इस बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि वह सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि उनका केरल में एक कार्यक्रम पहले तय है। विपक्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य के बाद इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक की मांग उठाई थी। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दल पश्चिम एशिया युद्ध और इसके भारत पर प्रभाव को लेकर सरकार से लगातार सवाल कर रहे हैं। राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए अधिकार संपन्न सात नए समूहों का गठन किया गया है जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे।

## रेलवे टिकट 8 घंटे पहले कैंसिल करने पर ही रिफंड

नई दिल्ली, एजेंसी



- चार घंटे का नियम खत्म, ट्रेन छूटने के 30 मिनट पहले बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे

रेल मंत्री ने मंगलवार को टिकट क्षेत्र में सुधारों की घोषणा करते हुए कहा कि ट्रेन के प्रस्थान करने के आठ घंटे पहले तक कंफर्म टिकट रद्द करने पर कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा, जबकि वर्तमान में यह नियम चार घंटे का है। मंत्री ने बताया कि पुनर्भुगतान का नया नियम इस साल एक से 15 अप्रैल के बीच लागू होगा।

उन्होंने बताया कि टिकट रद्दीकरण के अन्य नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब ट्रेन के प्रस्थान करने से 24 घंटे से आठ घंटे पहले टिकट रद्द करने पर केवल 50 प्रतिशत राशि का पुनर्भुगतान किया जाएगा जबकि वर्तमान में यह अवधि 12 घंटे से चार घंटे है। इसी प्रकार, ट्रेन के प्रस्थान करने के समय से 72 से 24 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर टिकट की कुल राशि में से 25 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। संशोधित नियमों के तहत ट्रेन के प्रस्थान से 72 घंटे से अधिक समय पहले किए गए टिकट रद्दीकरण पर प्रति यात्री एक निश्चित राशि काटने के बाद पूरी राशि वापस कर दी जाएगी। वर्तमान नीति के तहत ट्रेन के प्रस्थान करने से 48 से 12 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर कुल राशि में 25% की कटौती होती है, जबकि 48 घंटे से अधिक पहले किए गए रद्द करने पर पूरी राशि वापस कर दी जाती है। वैष्णव ने कहा कि कालाबाजारी और एजेंटों द्वारा अंतिम समय में टिकट की बिक्री को हतोत्साहित करने के लिए पुनर्भुगतान नियमों में बदलाव किया जा रहा है।

पारदर्शिता

योगी ने लांच किया निवेश मित्र 3 .0, उद्योगों को दिए 2781 करोड़ रुपये इंसेंटिव, कहा, 50 हजार रोजगार का मार्ग प्रशस्त

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच यूपी बना भरोसेमंद निवेश गंतव्य : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के इस दौर में उत्तर प्रदेश निवेश और उद्योग के लिए सबसे सुरक्षित व भरोसेमंद गंतव्य बनकर उभरा है। उन्होंने निवेशकों के बढ़ते भरोसे को प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों में पारदर्शी नीतियों, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते यूपी की छवि पूरी तरह बदली है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोकभवन में 'निवेश मित्र 3.0' सिंगल विंडो सिस्टम के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान 85 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कंफर्ट और एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट के आधार पर 2781 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की गई। साथ ही 62 कंपनियों को एलओसी जारी किए गए, जिनके माध्यम से करीब 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 50 हजार रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त होगा। 'निवेश मित्र 3.0' उद्योग स्थापना को अधिक सरल, पारदर्शी और तेज बनाएगा। इसमें एआई चैटबॉट, रियल-टाइम ट्रैकिंग, जीआईएस लैंड बैंक और एंड-टू-एंड डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे निवेशकों को एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी सेवाएं मिल सकेंगी। 43 से अधिक विभागों की 530 सेवाओं को समेकित कर 200 से कम सेवाओं में बदल दिया गया है, जिससे प्रक्रिया अधिक सुगम और समयबद्ध हो गई है। सीएम ने बताया कि प्रदेश में निजी बिजनेस पार्क नीति लागू कर औद्योगिक विकास को नई गति दी जा रही है। प्लग-एंड-प्ले मॉडल के तहत निवेशक आसानी से उद्योग स्थापित कर सकेंगे, जिसमें सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के साथ पारदर्शी रेवेन्यू शेयर व्यवस्था लागू होगी। साथ ही 'स्किल कनेक्ट' और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल के माध्यम से उद्योगों को कुशल मानव संसाधन और नए उद्यमियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह भी बताया, 2012 से 2017 के बीच जहां मात्र 16 एलओसी जारी हुए थे, वहीं पिछले नौ वर्षों में यह संख्या बढ़कर 3367 हो गई है, जो निवेश में आए बड़े बदलाव को दर्शाता है।



उद्योगों को 2781 करोड़ रुपये इंसेंटिव व लेटर ऑफ कंफर्ट देते मुख्यमंत्री योगी।

### अपराधी-माफिया दुस्साहस करेगा तो यमराज का टिकट

कानून-व्यवस्था पर सख्त रुख दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उद्योगों के संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा या अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधी या माफिया यदि दुस्साहस करते हैं तो वे अपने लिए "यमराज का टिकट" स्वयं काटते हैं। मुख्यमंत्री ने कानपुर की 'लाल इमली' मिल का उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्व में गलत नीतियों और ट्रेड यूनियन के भ्रष्टाचार के कारण उद्योग बंद हुए, वर्तमान सरकार ने सकारात्मक माहौल दिया।

# जर्मन तकनीक से लैस होंगी यूपी की गोशालाएं

## गो सेवा आयोग और जीआईजेड के बीच हुआ एमओयू, आत्मनिर्भर मॉडल पर दिया जाएगा जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में गोशालाओं को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब प्रदेश की चयनित गोशालाओं को जर्मन तकनीक से लैस किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग और जर्मनी की प्रतिष्ठित संस्था जीआईजेड के बीच मंगलवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर काम किया जाएगा। इसके लिए गोशालाओं का चयन गो सेवा आयोग द्वारा किया जाएगा। इस पहल से प्रदेश की गोशालाएं अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनेंगी। साथ ही, गो सेवा से जुड़े लोगों को नई तकनीकों की जानकारी मिलने से उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। योगी सरकार की मंशा है कि गोशालाओं को आश्रय स्थल तक सीमित न रखकर उत्पादक इकाई के रूप में विकसित किया जाए।



एमओयू का आदान-प्रदान करते गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता व जर्मनी के प्रतिनिधि।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

- सरकार की मंशा गोशालाओं को केवल आश्रय स्थल तक सीमित रखने की नहीं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित करने की है। इसके तहत गोबर, गोमूत्र और अन्य गो-आधारित उत्पादों के वैज्ञानिक और व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल से न केवल गो सेवा मजबूत होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा मिलेगी।

### राज्य गो सेवा आयोग और अधिकारी करेंगे गोशालाओं का निरीक्षण

- अमृत विचार, लखनऊ: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा गाय के संरक्षण को लेकर धर्म युद्ध छेड़ने का ऐलान किया तो राज्य सरकार हरकत में आ गई है। राज्य गो सेवा आयोग और अधिकारी गोशालाओं का निरीक्षण कर गायों के बेहतर रख-रखाव के उपाय करेंगे। वहीं पुलिस से भी कहा गया है कि वह गो तस्करों के खिलाफ रासुका और गैंगस्टर जैसी सख्त कार्रवाई करे, जिससे गोवंश की सुरक्षा हो सके। शंकराचार्य ने बीते दिनों लखनऊ प्रवास के दौरान कहा था कि यूपी में गायों की हालत खासी खराब है। उनका सही संरक्षण नहीं हो पा रहा है। वह गायों की सुरक्षा के लिए धर्मयुद्ध छेड़ेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य गो सेवा आयोग ने गोशालाओं का निरीक्षण करने का प्लान तैयार किया है। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने बताया कि गोशालाओं में गोवंश के संरक्षण, भरण-पोषण, हरा चारा, भूसा, चोकर, स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। ये अभियान दो चरणों में होगा। प्रदेश भर के मंडल में आयोग के पदाधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करेंगे। साथ ही जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठकों में भाग लेंगे। प्रत्येक निरीक्षण के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा झांसी, आगरा, चित्रकूटधाम, देवीपाटन, गोरखपुर, लखनऊ, आजमगढ़, विन्ध्यांचल एवं अयोध्या मंडलों में निरीक्षण किया जाएगा। दूसरे चरण में अन्य मंडलों को लिया जाएगा। इसके अलावा पशुपालन और प्रशासन के अधिकारी भी समय-समय पर गोशालाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट शासन को भेजेंगे।

# सीएसआर कॉन्क्लेव से जुड़ेंगी बड़ी कंपनियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए योगी सरकार अब कॉरपोरेट सेक्टर की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रही है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने निर्देश दिए हैं कि विभाग की योजनाओं से बड़ी कंपनियों को जोड़ने के लिए सीएसआर कॉन्क्लेव आयोजित किया जाए, ताकि विद्यालयों के विकास में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का सहयोग लिया जा सके। विधानसभा कार्यालय में मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर बालक-बालिका तक समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। उन्होंने बालिका शिक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एसआई परीक्षा में आंसर-की पर मांगी आपत्तियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने उप निरीक्षक (एसआई) के लिए हुई लिखित परीक्षा की आंसर-की जारी कर दी है। साथ ही प्रश्नों पर आपत्तियां भी मांगी हैं। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक अभ्यर्थी यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in से आंसर-की डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने उत्तरों का मिलान करके संभावित स्कोर का अनुमान भी लगा सकते हैं। यह आंसर-की प्रोविजनल रूप में जारी की गई है। गौरतलब है कि पुलिस भर्ती बोर्ड द्वार बीते 14 और 15 मार्च को प्रदेश भर के 75 जिलों में 1090 केन्द्रों पर एसआई पद क लिए लिखित परीक्षा कराई गई थी। एसआई के 4,543 पदों के लिए आयोजित परीक्षा में 10.77 लाख अभ्यर्थियों परीक्षा दी थी, जबकि एक तिहाई ने परीक्षा छोड़ दी थी। दोनों दिनों की परीक्षा में नकल कराने के नाम पर गुमराह करने आठ आरोपियों की गिरफ्तार किया गया था, जबकि दर्जन भर से अधिक मुकदमे कायम किए गए थे।

### मिशन शक्ति में 29,193 बालिकाओं से संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'मिशन शक्ति' के तहत प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाकर 29,193 बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उन्हें आत्मरक्षा, जीवन कौशल और करियर मार्गदर्शन दिया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार बालिकाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान के तहत 6,587 विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुए, जबकि 6,256 स्कूलों में 'सेल्फ डिफेंस क्लब' बनाए गए। अधिकारियों के अनुसार, इन प्रयासों से बालिकाओं में आत्मबल, जागरूकता और निर्णय क्षमता का विकास हो रहा है।

### शिक्षा जागरुकता को लगाया शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में मंगलवार को महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड के चित्ता का पुरवा, नई बस्ती में शिविर लगाया गया। इस दौरान शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए जन भवन स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को अधिक से अधिक दाखिला कराने के लिए अभिभावकों से कहा गया। इस दौरान जन भवन की अधिकारी निधि पांडे ने स्कूल में उपलब्ध उन्नत सुविधाओं, अनुशासित वातावरण एवं उच्च शिक्षण गुणवत्ता के बारे में बताया। कहा कि राज्यपाल के संरक्षण, आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संचालित यह स्कूल निजी विद्यालयों से भी बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रहा है।

# सरकारी योजनाओं से सोमा अनीता की बदली तकदीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार की योजनाएं अब जमीन पर असर दिखा रही हैं। आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करते हुए गांवों की महिलाएं रोजगार मांगने वाली नहीं, बल्कि रोजगार देने वाली बन रही हैं। लखीमपुर-खीरी की सोमा गुप्ता और अमरोहा की अनीता देवी इसकी जीवंत उदाहरण हैं।

लखीमपुर-खीरी के सिंगाहाखुर्द गांव की सोमा गुप्ता ने 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' के तहत वर्ष 2022 में 25 लाख रुपये का ऋण लेकर गुड़ कोल्हू उद्योग शुरू किया। आज उनका उद्यम सफलता की नई मिसाल बन चुका है। सीजन में प्रतिदिन करीब 18 क्विंटल गुड़ उत्पादन के साथ उनका उत्पाद यूपी के अलावा बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल तक पहुंच रहा है। अपनी 6 एकड़ गन्ने की खेती के साथ अन्य किसानों से खरीद कर उत्पादन बढ़ाने वाली सोमा हर महीने 80 से 90 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं और क्षेत्र के कई लोगों को रोजगार भी दे रही हैं।

- गुड़ उद्योग से सोमा को 90 हजार मासिक कमाई, कई राज्यों में सप्लाई

वहीं, अमरोहा जिले के सलेमपुर गोसाईं गांव की अनीता देवी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपनी जिंदगी बदल दी। कभी मजदूरी कर परिवार चलाने वाली अनीता आज "लखपति दीदी" के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने सिलाई कार्य से शुरुआत कर इसे व्यवसाय का रूप दिया और बाद में 'शक्ति ट्रेडर्स' के नाम से किराना दुकान भी शुरू की।

सरकारी सहयोग से उन्हें विभिन्न चरणों में आर्थिक सहायता मिली, जिससे उनका व्यवसाय मजबूत हुआ। आज उनकी मासिक आय 40 से 45 हजार रुपये तक पहुंच गई है। इतना ही नहीं, उनके नेतृत्व में 27 समूह सक्रिय हैं, जिनसे जुड़ी करीब 4400 महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन चुकी हैं।

## एमएसएमई और युवा गैप कम करने की पहल

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश में युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाने और एमएसएमई सेक्टर की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देने के लिए नई पहल शुरू हुई है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के बीच हुई बैठक में उद्योग आधारित प्रशिक्षण व्यवस्था विकसित करने पर सहमति बनी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने निर्देश दिए कि औद्योगिक संगठनों को प्रशिक्षण भागीदार के रूप में जोड़ा जाए, जिससे युवाओं को बाजार की मांग के अनुरूप कौशल मिल सके और प्रशिक्षण के बाद बेहतर प्लेसमेंट सुनिश्चित हो। बैठक में डिजिटल सशक्तिकरण पर भी जोर दिया गया।

## एनएसएस विशेष शिविर : लोटा व बोतल बंद करो, शौचालय का प्रबंध करो...

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पीबीपीजी कॉलेज सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने सफाई की और रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। लोटा व बोतल बंद करो, शौचालय का प्रबंध करो। एनएसएस ने ठाना है, भारत को स्वच्छ व स्वस्थ बनाना है। आदि नारों से स्वयंसेवकों ने लोगों को जागरूक किया। किला वार्ड में सफाई कर स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। समापन में प्रबंधक अनिल प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों से समाज में सकारात्म दृष्टिकोण अपनाने की बात कहते हुए शुभकामनाएं दी। प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. देवेश कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश मोदनवाल, डॉ. भूपाल सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. वंदना सिंह, अजय कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं डॉ. पवन कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. शिव प्रताप, अशोक मौर्य, गोविंद रावत, उपमन्यु शुक्ल, श्याम लाल मौर्य आदि रहे।




स्वच्छता का संदेश देते पीबीपीजी कॉलेज के बच्चे।

## आकर्षक एवं प्रेरक प्रस्तुतियों ने मनमोहा

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** तीरथ एकेडमी हरखपुर, मानधाता के स्थापना के दस वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव तीरथ तरंग का भव्य आयोजन किया गया। छात्र – छात्राओं ने आकर्षक एवं प्रेरक प्रस्तुतियों से लोगों का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी, दिनेश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। श्रेयांशी, विशाल, मानस द्विवेदी, सिद्धार्थ सिंह, यथार्थ सिंह उज्ज्वल, अदिति, माही, किंजल, सांविका, कशिश, मुस्कान, श्लोक, विनायक, आराध्या आदि की ऑपरेशन सिंदूर, मिशन चंद्रयान, सामाजिक सद्भाव एवं फास्टफूड के दुष्परिणाम पर नाटक, नारी शक्ति, लोकनृत्य आदि की प्रस्तुतियां खूब सराही गईं। संयोजन भूमिका शुक्ला, शमामा, कोमल, अमित, हिमानी, मंगेश, अंकित, शिखा, अभिषेक, सुशील, नीतू आदि ने किया। संस्थापक शिव शंकर सिंह ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी। निदेशक आदित्य सिंह पिंटू ने सभी का स्वागत किया। प्रिंसिपल शीतल ग्रोवर ने अतिथियों ने का आभार व्यक्त करते हुए स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट सबके सामने रखी। इस अवसर पर वैभव सिंह चौहान, अरुण प्रकाश सिंह, राजकुमार पटेल, विनोद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान उमेश सिंह, आलोक सिंह, दिवाकर सिंह, दुर्गेश मिश्र, सुनील सिंह, जितेंद्र सिंह, विश्वा सिंह, सोम द्विवेदी, संगीता, शिखा, मुकेश आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** कंधई थाना क्षेत्र के नेवरा कस्तूरीपुर गांव निवासी रामराज वर्मा मकान बनवा रहे हैं। मंगलवार को भोर में उनकी 55 वर्षीय पत्नी जयंती वर्मा निर्माणाधीन मकान के बोर्ड में प्लग लगा रही थीं। तभी अचानक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। लोगों ने बाद में देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच रहा। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से परिजन रोते बिलखते रहे।

## जनकनंदिनी ने श्रीराम के गले में डाली जयमाला, गूंजा जय श्रीराम



श्रीराम व सीता के विवाह प्रसंग का मंचन करते बच्चे।

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** नवसंवत्सर और चैत्र नवरात्र पर शहर के जेलरोड लेखपाल कॉलोनी स्थित कैरियर एकेडमी में चल रही श्रीराम कथा में मंगलवार को भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य मुक्तामणि शास्त्री के मुखारबिंद से प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। उन्होंने बताया कि जनकपुरी में धनुष यज्ञ के अवसर पर विश्वामित्र जी के साथ पहुंचे श्रीराम ने शिवधनुष को सहजता से उठाकर उसका प्रत्यंचा चढ़ाया। तभी वह धनुष टूट गया। उसी क्षण मिथिला नगरी आनंदमग्न हो उठी और जनकनंदिनी सीता जी ने स्वयंवर के नियम अनुसार प्रभु श्रीराम के गले में जयमाला डाल दी। आकाश से पुष्पों की वर्षा होने लगी और देवगण जय श्रीराम का उद्घोष करने लगे। इस बीच श्रीराम और माता सीता जी की भव्य झांकी का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ओम प्रकाश पांडेय, चंद्र प्रकाश पांडेय, प्रशांत पांडेय, शशांक पांडेय, सुधांशु पांडेय, संतोष यादव, हिमांशु पांडेय, विभांशु पांडेय आदि रहे।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-कार्य निविदा सूचना**
**संख्या 10-TMC-AC-GENSET-2025-26**
**दिनांक 23.03.2026**

उप मुख्य इंजीनियर/टीएमसी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ई-कार्य निविदा आमंत्रित करते है। **क्र0 सं0: 1 खुली निविदा संख्या तथा खुलने की तिथि:** 10-TMC-AC-Genset-2025-26 due on 14.04.2026 **संक्षिप्त विवरण:** एयर कंडीसनर एवं 10 केवीए डीजी सेट की आपूर्ति इन्सटालेसन तथा कमिशनिंग का कार्य उप मुख्य इंजीनियर/टीएमसी के अन्तर्गत विभिन्न एन ई आर के ट्रैक मशीनो पर किया जाने का कार्य एन आई टी में दिये गये शेड्यूल-ए एवं शेड्यूल-बी, के अनुसार करना। **आवश्यक मात्रा** : एनआईटी में दिये गये शिडयूल के अनुसार। **कार्यस्थल** : वर्क साइट, विभिन्न एनईआर के लोकेशन पर कार्य करना। **कार्य समापन अवधि:** 06 माह। **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)** : रु. 77,89,712.70 **बयाना राशि (रु.)** : रु. 1,55,800.00 नोट: 1. उपरोक्त ई-खुली कार्य निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर निविदा बन्द होने की तिथि को 15.00 बजे तक रहेगी। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये की अपना I.T. Act - 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. दर, फाइनेन्शियल दर के पेज पर डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ही विचार किया जायेगा। इससे इतर, वेन्डरों द्वारा अन्य वित्तीय इन्ट्री किसी अन्य रूप/लेटर हेड के साथ संलग्न करने पर विचार नहीं किया जायेगा। 4. संलग्न किये जा रहे प्रपत्र पर निविदाकर्ता का हस्ताक्षर आवश्यक है। 5. बयाना राशि ऑनलाईन जमा किया जायेगा। 6. जो निविदाकार अपना आफर देते समय ऐसी शर्ते जो टेण्डर डाक्यूमेन्ट में निहित शर्तो से अलग हो एवं जिनका फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बनता हो, यदि देना चाहें तो, उन शर्तो का फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बताना होगा, इसके लिये प्रमाणित दस्तावेज के साथ गणना शीट अपने आफर के साथ संलग्न करना होगा ताकि उस दशा में फाइनेन्शियल शर्त का प्रभाव निकाल कर निविदाओं को इन्टर-से-पोजिशन ज्ञात किया जा सके। यदि कोई निविदाकार बिना फइनेन्शियल इम्पलीकेशन की गणना शीट दिये बिना ऐसी शर्ते देता है तो ऐसे आफर/निविदा को Summarily Reject कर दिया जायेगा, जिसके लिये रेलवे प्रशासन कोई भी पत्राचार स्वीकार नही करेगा। 8. यदि कोई कठिनाई आती है तो हेल्प डेस्क IREPS की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिससे सम्पर्क किया जा सकता है।

**सहा0 अधि0अभि0/टीएमसी/II**
मुजाधि/डब्लू-524 **गोरखपुर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या**
**NER-BSB0SnT-OT-15-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है :-

**क्रमांक-1,** निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-15-2026: कार्य का नाम: वाराणसी मंडल के मऊ, बलिया, सीवान, देवरिया और छपरा स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली (IPIS) का दो वर्षीय कॉम्प्रिहेंसिव AMC, **विवरण:** अनुमानित लागत (रू० में): ₹ 85,60,111.02, बयाना की राशि (रू० में): ₹ 1,71,200/-, निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 780 दिवस, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय: 17-04-2026 को 15:00 बजे।
**(1)** ई-निविदा दिनांक 17-04-2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
**(2)** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट **i.e. www.ireps.gov.in** देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/सिंग. एवं दूरसंचार**
मुजाधि/सिगनल-119 **वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## आवश्यकता है

**स्वामी ब्रम्हानंद महाविद्यालय**
**आगमपुर शाहाबाद-हरदोई**
**(सम्बद्ध लखनऊ वि0वि0 लखनऊ)**

निम्नलिखित पदों पर प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।

**B.A. हेतु**
1- संस्कृत - 4 पद
**M.A. हेतु**
1- भूगोल - 4 पद,
2- ग्रहविज्ञान - 4 पद
**M.Sc. हेतु**
1- जन्तु विज्ञान - 4 पद,
2- वनस्पति विज्ञान - 4 पद,
3- भौतिक विज्ञान - 4 पद
**M.Sc. कृषि हेतु**
1- एग्रोनोमी - 4 पद,
2- हॉर्टिकल्चर - 4 पद

**योग्यता एवं वेतनमान - यू.जी.सी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानकानुसार देय होंगे।**

**इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिन के अंदर करें। साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं देय होगा।**

**प्रबंधक- मो0 : 6393051845**

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.04.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00272026 दिनांक 21.03.2026 | | | |
| 2. | निविदा संख्या | 1. | 34-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 2. | 35-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| | | 3. | 36-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 4. | 37-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | 1. | Sr.DEN&V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, ADEN/AYC के अधीन SSE/W/AYC के AYC में यार्ड ड्रेन का निर्माण कार्य एवं ABP.SLW सेक्शन में शेष कार्य। | | |
| | | 2. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पुलों पर स्टील चैनल स्लीपरों के स्थान पर H-Beam स्लीपरों को लगाना। (प्रा.सं. 18-2025 & 39-2026) | | |
| | | 3. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN-AYC के अधीन, SSE-W-AYC सेक्शन में (AY और AYC को छोड़कर) ABP (Ex.) से DYD स्टेशन तक स्टेशन भवन की मरम्मत का कार्य। (प्रा.सं. 38-2026) | | |
| | | 4. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN/AYC खंड में पुल का विविध मरम्मत कार्य। (प्रा.सं. 37-2026) | | |
| 4. | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 3,28,81,100.85 | 2. | Rs. 2,61,50,224.36 |
| | | 3. | Rs. 1,99,91,966.96 | 4. | Rs. 49,99,248.13 |
| 5. | धरोहर राशि | 1. | Rs. 6,57,700.00 | 2. | Rs. 5,23,000.00 |
| | | 3. | Rs. 3,99,900.00 | 4. | Rs. 1,00,000.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 2 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | |
| | | 3 एवं 4 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। | | |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 02.04.2026 | | | |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.04.2026 at 15:00 hrs | | | |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 977/26

## कार्यालय समुचित सरकार/जिला कलेक्टर, अयोध्या।

संख्या 1398/वि0भू0अ0अ0/2026 दिनांक 17 मार्च 2026

प्रारूप-1

[नियम-3 का उपनियम(1)]

सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु प्रारम्भिक अधिसूचना

एस0आई0ए0 अधिसूचना

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्र के ग्राम स्तर से सम्बन्धित पंचायत से परामर्श करके निम्नांकित भूमि के अर्जन का प्रयोजन करेगी और लोक हित में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन को क्रियान्वयन करेगी। भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 की धारा-4 में दिये गये प्राविधान के अन्तर्गत अध्ययन किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अपेक्षक निकाय का नाम | लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 निर्माण खण्ड-3, अयोध्या। |
| 2 | प्रस्तावित भूमि अर्जन का उद्देश्य | जनपद अयोध्या में चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण हेतु। |
| 3 | संगठन जिसके द्वारा अध्ययन कियाा जायेगा | M/S ATLAS MANAGEMENT CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. |
| 4 | संगठन का सम्पर्क विवरण | ACACIA-E/104, TOWER-10, OMAXE RESIDENCY-2, GOMTINAGAR EXTENSION, NEAR POLICE HEADQUARTERS, LUCKNOW-226002, U.P. Mob.No. 9044488350, 9431105022 |
| 5 | भूमि का विवरण:- | |

| जिला | तहसील | ग्राम | गाटा संख्या | प्रस्तावित क्षेत्र (हे0में) |
|---|---|---|---|---|
| अयोध्या | सदर | कुढ़ाकेशवपुर उपरहार | 643 | 0.024898 |

- प्रस्तावित परियोजना से होने वाले लाभ तथा संक्षिप्त विवरण:- अयोध्या धाम में कार्तिक माह की नौमी तिथि को होने वाली चौदह कोसी परिक्रमा में आने वाले श्रद्वालुओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत मार्ग का चौड़ीकरण नितान्त आवश्यक है।
- परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्रफल:-0.024898 हे0
- क्या ग्राम सभा और/अथवा भू-स्वामी की सहमति की आवश्यकता है:- प्रस्तावित निजी भूमि को अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अर्जित किया जाना प्रस्तावित है।
- सामाजिक समाघात निर्धारण की पूर्ण होने की तिथि:- सामाजिक समाघात निर्धारण नियमानुसार 06 माह की अवधि में पूर्ण कराया जाना अपेक्षित है।

टिप्पणी:- कलेक्टर (भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ), अयोध्या के कार्यालय में सभी कार्य दिवसों में विस्तृत विवरण देखा जा सकता है।

आज्ञा से
समुचित सरकार/
कलेक्टर,
अयोध्या।

UP - 248841 दिनांक: 23/03/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

मेरा आधार कार्ड में नाम सोबरन सिंह पुत्र नन्दलाल सिंह अंकित है जो कि शुद्ध व सही है। इसे विधिक - विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **सोबरन सिंह पुत्र नन्दलाल सिंह निवासी ग्राम बखरा परसौली कानपुर देहात**

### सूचना

आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से वैदेही पाण्डेय (VAIDEHI PANDEY) दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम बैदेही पाण्डेय (BAIDEHI PANDEY) है। अत: मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **बैदेही पाण्डेय पुत्री राजेश पाण्डेय निवासी पीलीभीत सेखुईकला जिला बलरामपुर।**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Hamidullah Khan से बदलकर Hamidullah रख लिया है। भविष्य में मुझे Hamidullah S/O Mohammad Rafeek के नाम से जाना व पहचाना जाए। Add- Devria Alawal, Gonda, Uttar Pradesh

### सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD KURBAN से बदलकर MO-KURBAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMAD AMEEN ADD-PREM NAGAR BARORA HUSAIN BARI NEAR AJEET GAIS GODAM CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

### सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD ANAS से बदलकर ANAS QAMAR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-KAMRUDDIN ADD-TEDHI BAJAR, BANGARMAU, DIST-UNNAO-241501 (U.P.)

### सूचना

मैने अपना नाम KALIMULLA KHAN से बदलकर KALIMULLA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SAMIULLA ADD-VILL-KADIPUR, MOTIPUR, DIST-LAKHIMPUR KHERI-262725 (U.P.)

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में मेरा नाम अमीर अहमद पुत्र कसीम दर्ज है, जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में तार बाबू पुत्र कसीम अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति हैं। प्राथह्न ड्राइविंग लाइसेंस में भी अमीर अहमद दर्ज करवाना चाहता है। मुझे अब अमीर अहमद पुत्र कसीम के नाम से जाना व पहचाना जाए। **अमीर अहमद पुत्र कसीम घासीपुर, पोस्ट फखरपुर जिला बहराइच मो. नं.** 9984572386

### सूचना

पहले मेरा नाम फातिमा खातून (FATIMA KHATOON) था अब मैं अपना नाम बदल कर फातिमा बुतूल (FATIMA BUTOOL) रख रही हूँ अत: मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। D/o- DILDAR HUSAIN KHAN, VILL AND POST-GORABARIK, Thana, KOTWALI NAGAR DIST-SULTANPUR U.P.- 228001

### सूचना

मेरे पुत्र का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 218505743 में त्रुटिवस श्रेय सोनी दर्ज है। जबकि आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में शौर्य सोनी दर्ज है। दोनों नाम मेरे पुत्र के है। अत: अब मेरे पुत्र को शौर्य सोनी के नाम से जाना पहचाना व भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में दर्ज किया जाए। **सुरेश कुमार सोनी पुत्र देव नारायण निवासी ग्राम व पोस्ट खीरो, थाना खीरो, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली**

### सूचना

मेरा एक किता मूल दस्तावेज बैनामा दिनांक 9.2.2011 जो सब-रजिस्टर कार्यालय गोण्डा में बुक संख्या 1 जिल्द 6252 में पेज 243 से 272 तथा क्रमांक 1329 पर पंजीकृत हुआ था। जिसके विक्रेता अवधेश कुमार आदि तथा क्रेता वीरेन्द्र सिंह थे जो कही खो गया है। जिसका काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। **प्रार्थी- कृष्ण मुरारी शुक्ला पुत्र बच्चा राम शुक्ला निवासी- माधोपुर (दामोदर पुरवा) परगना ग्वारीच, तहसील-, तरबगंज जिला गोण्डा।**

### नीलामी सूचना

दिनाँक 06-04-2026 मध्यान्ह 12.30 बजे कार्यालय सहायक आसूचना ब्यूरो, 110-माल एवेन्यू लखनऊ में निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर/सहवर्ती उपकरणों, बैट्रियों आदि की नीलामी होगी। जिसमें केवल अधिकृत ई-वेस्ट, हैजर्डस, डिस्मेन्टलर एवं रिसाइकलर तथा जी0एस0टी0 पंजीकृत फर्मे, आधार, पैनकार्ड के साथ सिक्योरिटी रू0 5000.00 नगद, प्रात: 10.00-12.00 बजे तक जमाकर सामग्रियां निरीक्षण करने के उपरान्त प्रतिभाग करें **आई0पी0 सिंह एण्ड सन्स**

### सूचना

मेरा एक किता मूल दस्तावेज बैनामा दिनांक 22.07.2008 जो सब-रजिस्टर कार्यालय गोण्डा में बुक संख्या 1 जिल्द 4886 में पेज 181 से 202 क्रमांक 7846 पंजीकृत हुआ था। जिसके विक्रेता श्रीमती कृष्ण कुंवरि तथा क्रेता जीत बहादुर सिंह थे, जो कही खो गया है। किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा **प्रार्थी0- मुनीन्द्र नाथ पाण्डेय पुत्र अश्वनी कुमार पाण्डेय, निवासी - 1400 गायत्री पुरम कालोनी, जिला गोण्डा।**

### सूचना

मेरे पुत्र की पालिसी संख्या 239 571 416 में उसका घरेलू नाम आदित्य कुमार दर्ज हो गया है जबकि आधार व अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का सही नाम आदी (Aadi) है। मेरा पुत्र आदित्य कुमार और आदी दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है। मेरे पुत्र की जन्म तिथि अभिलेखों में 26- 3- 2017 अंकित है। मैं/**महेश कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी बाईपास रोड लालगंज रायबरेली।**

### सूचना

मै **नीतू पत्नी अनिल कुमार, निवासी मकान न0 4/763 सेक्टर एच, जानकीपुरम् लखनऊ 228021,** मेरे तीन बच्चे क्रमश: पुत्री अनामिका पान्डेय कक्षा 8, अनन्या पान्डेय कक्षा 5 पुत्र अयान्स पान्डेय कक्षा 2 में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। मेरा नाम विद्यालय में पुत्री अनामिका पान्डेय कक्षा 8, अनन्या पान्डेय कक्षा 5 पुत्र अयान्स पान्डेय कक्षा 2 के दस्तावेजो में त्रुटिवश नीतू पान्डेय लिख गया है जबकि मेरा नाम नीतू है। अत: मेरे पुत्री व पुत्र के विद्यालय से सम्बन्धित दस्तावेजो में मेरा नाम नीतू अंकित किया जाय।

## सप्तम कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी – काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।
बीज मंत्र...
**माँ कालरात्रि: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नम:**

## बाजार में टहलता मिला लापता युवक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज पुलिस ने विक्षिप्त गुमशुदा युवक को 3 घण्टे में बरामद कर लिया। उधौली हाईवे के किनारे कुएं के पास बाइक, कपड़े व हेलमेट मिले। पता चला कि बरामद सामान अनूप कुशफर का है। पुलिस ने गुमशुदा युवक को 3 घण्टे में उधौली बाजार से बरामद कर लिया।

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों का मशाल जुलूस

## यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के बैनर तले जीआईसी ऑडिटोरियम से निकाली गयी पद यात्रा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**




टीईटी अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस निकालते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में मंगलवार की शाम यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के बैनर तले शिक्षकों ने जोरदार मशाल जुलूस निकाला। सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने शहर से गुजर रहे लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर प्रदर्शन करते हुए आवाज बुलंद की।

मशाल जुलूस शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम से शुरू होकर पटेल चौराहा तक पहुंचा। इस दौरान शिक्षक हाथों में मशाल लिए नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरे इलाके में आंदोलन का माहौल बन गया। पटेल चौराहा पहुंचकर यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने अपनी मांगों को जल्द पूरा किए जाने की मांग की और चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, अशोक सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के पवन वर्मा, संगठन मंत्री देवेंद्र द्विवेदी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सुनील रावत, महामंत्री संतोष वर्मा, अटेवा के जिला अध्यक्ष अमित वर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा महेंद्र वर्मा, अलका गौतम, दिवाकर गांधी, सत्येंद्र भास्कर, हरेराम पटेल, प्रदीप श्रीवास्तव, अमरदीप सिंह, शबनम जबी, सनातन शुक्ल, प्रदीप महाजन, कुसुम रावत, शाहरुख मोबीन, पूर्णेश प्रताप सिंह, साकिब किदवई, आलोक श्रीवास्तव और श्रुति बैसवार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।

## ध्रुव व सती चरित्र के प्रसंग ने किया भावविभोर



भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार स्थित मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक उमेश महराज ने ध्रुव चरित्र और सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। ध्रुव चरित्र में भगवान द्वारा भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर अटल पदवी देने का प्रसंग सुनाया। श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को कथा वाचक उमेश महराज ने कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। ध्रुव कथा प्रसंग में बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की। इस मौके पर आयोजक श्रवण कुमार कश्यप, पुष्पा देवी, कृष्ण कुमार कश्यप, सुनील कुमार चौहान, देशराज यादव, कल्लू यादव, त्रिलोकी यादव, मयंक रस्तोगी, मास्टर सुरजन यादव, नरेंद्र चौहान, रामपाल रावत, काशीराम वर्मा, लल्लू यादव, लक्ष्मी गुप्ता, दिलीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बच्चों की प्रस्तुतियों ने बढ़ाया दीक्षांत का आकर्षण




मंच पर मौजूद बच्चे व अतिथि। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में मंगलवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों की उत्साह और उल्लास भरी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या मितुषी नेगी द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश चंद्र का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की आधुनिक शिक्षण पद्धति और सुविधाओं की सराहना की। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कक्षा यूकेजी ए के छात्रों ने योग प्रदर्शन किया, जिसमें आयुषी, आरोही यादव, लाइबा नूर, अमृता, और अनिका ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी। इसके बाद, यूकेजी सी ने सम्मान समारोह, यूकेजी बी जयान, अनाबिया अर्जित, रेयांश, साविका द्वारा मनमोहक गीत "टूगेदर वी कैन चेंज द वर्ल्ड", नर्सरी कक्षा मित्र हृदय अनविका करुणा द्वारा आकर्षक नृत्य, और एलकेजी के बच्चों रिद्धिमा आस्वी, अहमद, आन्या, शिखर द्वारा मनमोहक नृत्य का आयोजन किया गया। यूकेजी के ईशा, याशिका, इनाया, रयान, शिवाय द्वारा कव्वाली का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष पी.पी. सिंह, उप प्रबंधक के.के. सिंह सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। समापन पूर्व-प्राथमिक समन्वयक दीप्ति सचदेवा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## चोरी के माल समेत दो शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वाट, सर्विलांस व थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने चोरी करने वाले 2 अन्तर्जनपदीय शातिर चोर, अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी की नकदी, एक बैग, एक कूटरचित नम्बर प्लेट, 2 घटना कारित करने में प्रयुक्त ब्लेड के टुकड़े व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा की मदद से दीपक कंजड़ पुत्र स्व0 सन्तराम, गोबिन्द पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम ओमपुरी नानकगंज झाला थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई को बाबाकुटी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पैसा कमाने के उद्देश्य से चोरी, जैसे अवैध क्रिया-कलापों से धनोपार्जन कर अपराध कारित करते है।

## रेलवे क्रॉसिंग बनवाने को लेकर किया प्रदर्शन



एसएस को ज्ञापन देते किसान नेता। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी स्थित रेलवे क्रॉसिंग एवं पैदल पुल निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। भारतीय किसान मजदूर यूनियन-दशहरी के प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए, जिन्हें प्रशासन ने बीच रास्ते में रोक दिया। इस दौरान कुछ देर के लिए तनाव जैसी स्थिति बन गई। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। नगर कोतवाली, सीओ सिटी व आरपीएफ सहित कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही। इसी बीच लाठीचार्ज की अफवाह से हलचल जरूर हुई, लेकिन स्थिति नियंत्रण में रही। प्रदर्शन के दौरान कुछ नेताओं को एहतियातन नजरबंद किए जाने की सूचना है। मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर एवं स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज तथा हटाए गए पैदल पुल के पुनर्निर्माण की मांग की गई।

## ट्रक चालकों की गिरफ्तारी का विरोध

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को हाईवे जाम कर रहे ट्रक चालकों पर हुई कार्रवाई के विरोध में चालक संगठन ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से चालकों के साथ हुई कार्रवाई को गलत बताते हुए चालकों की रिहाई की मांग की गई।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चन्द्र यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे चालकों को कोतवाली पुलिस ने गेट पर ही रोक दिया। चालक डीएम कार्यालय नहीं जा सके। ज्ञापन में कहा गया कि 20 मार्च से देशभर में शांतिपूर्ण जागरूकता अभियान चल रहा है। सोमवार को जिले में हुए घटनाक्रम के दौरान पुलिस की कार्रवाई में कई चालक चोटहिल हुए व उन्हें जेल भेज दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय कुमार यादव, प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह, प्रयागराज मंडल मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर मौर्य तथा मुन्नी लाल यादव आदि मौजूद रहे।

## सऊदी भेजने के नाम पर पांच लोगों से लाखों रुपये की ठगी

**रामनगर, टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विदेश भेजने के नाम पर ठगी के दो मामले सामने आए हैं। आरोपियों ने पीड़ितों से साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक की रकम ऐंठ ली पर न विदेश भेजा और न ही रुपये ही वापस किए। दोनों ही मामलों की शिकायत पुलिस से की गई है।

पहला मामला कोतवाली रामनगर क्षेत्र का है, जहां मोहम्मद हारिश ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने सऊदी अरब में नौकरी के लिए एजेंट मोहम्मद नदीम खान से संपर्क किया। एजेंट ने होटल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर चार लोगों के पासपोर्ट व मेडिकल प्रमाण पत्र मुम्बई स्थित एक कार्यालय में मंगवाए। इसके बाद करीब 4.40 लाख रुपये यूपीआई के माध्यम से ले लिए गए। आरोप है कि 20 जनवरी 2025 को फर्जी एयरलाइंस टिकट व वीजा भेज दिया गया। तब से आरोपी न तो विदेश भेज रहा और न ही रुपये वापस कर रहा है, बल्कि धमकी दी जा रही। दूसरा मामला टिकैतनगर थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां ग्राम अजईमऊ निवासी जगमता ने न्यायालय में शिकायत करते हुए बताया कि उनके बेटे को सऊदी अरब भेजने के नाम पर दरियाबाद निवासी अनीस खान ने 1.20 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि बेटे को फर्जी टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेज दिया गया, जहां वह परेशान होकर भटक रहा और संपर्क भी नहीं हो पा रहा। जब पैसे वापस मांगने या बेटे को वापस बुलाने की बात कही गई तो आरोपी ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि वह कई दिनों तक टिकैतनगर व दरियाबाद थानों के चक्कर लगाती रही, लेकिन उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

## एनएसएस के विशेष शिविर का सफल समापन




शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय द्वारा बरेठी गाँव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास के साथ उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता को मजबूत करना रहा। शिविर के दौरान स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विशेषज्ञों और अतिथि वक्ताओं ने स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को उपयोगी जानकारी प्रदान की। शिविर के अंतर्गत गांव का सर्वेक्षण भी किया गया, जिसमें ग्रामीण समस्याओं और विकास की संभावनाओं का अध्ययन किया गया। इससे स्वयंसेवकों को जमीनी हकीकत समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिससे जागरूकता को बढ़ावा मिला। लगभग 50 स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। शिविर का शुभारंभ डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया, जबकि समापन अवसर पर डॉ. अफिया बानो ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में प्रज्ज्वल सिंह (जनरल सेक्रेटरी) और शीतल पांडेय (जॉइंट सेक्रेटरी) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों और विश्वविद्यालय परिवार की सक्रिय उपस्थिति रही। यह शिविर समाज सेवा और जनजागरूकता का प्रभावी उदाहरण बना।

## बातचीत के बाद टला वकीलों का उग्र प्रदर्शन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र में मंगलवार को प्रस्तावित वकीलों का आंदोलन प्रशासनिक पहल के बाद टल गया। हालात बिगड़ने की संभावना के बीच पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हुई बातचीत ने माहौल को शांत कर दिया।

बता दें कि फरवरी में भिटरिया इलाके में हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान दर्ज हुए मुकदमे को लेकर अधिवक्ताओं में असंतोष था। इसी को लेकर सोशल मीडिया पर कोतवाली और भिटरिया चौराहे पर प्रदर्शन की बात सामने आई, हालांकि पुलिस ने पहले ही तैयारी शुरू कर दी थी। मंगलवार सुबह से ही कोतवाली परिसर के साथ-साथ प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया। इसी बीच अधिवक्ताओं का एक समूह थाने पहुंचा और अधिकारियों से सीधे बातचीत की। पिछले मामले में आरोप था कि पुलिस ने एक युवक को घर से उठाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया, जिसके विरोध में लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया था। उसी प्रकरण में कुछ लोगों पर केस दर्ज किया गया, जिससे अधिवक्ता नाराज थे। मंगलवार को हुई बातचीत के दौरान अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने अपना प्रस्तावित आंदोलन वापस ले लिया। क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ समीर कुमार सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं द्वारा दिया गया पत्र अधिकारियों के समक्ष भेजा जा रहा है, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## रंजिश में मारपीट चार लोग घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम पाण्डेयपुर मजरे बतनेरा में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। पीड़ित हरिशंकर पाण्डेय ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 22 मार्च की रात वह अपने घर के बाहर बैठे थे, तभी गांव के ही राजकिशोर, रामकिशोर, सुरेश और घनश्याम गाली-गलौज करते हुए आ गए। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे हरिशंकर के समधी रमाकांत दूबे को भी आरोपियों ने पीट दिया। घटना में हरिशंकर, रमाकांत दूबे के अलावा उनके पुत्र अरविंद और पत्नी रेखा को भी चोटें आई हैं। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## 122 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



महिला ग्राम प्रधान को सम्मानित करते डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिले की 122 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। डीएम शशांक त्रिपाठी ने कहा कि जनपद 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में 5 ग्राम पंचायतों को स्वर्ण, 29 को सिल्वर और 88 को कांस्य श्रेणी में सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग और ग्राम स्तर पर काम कर रही टीमों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों धर्मेन्द्र कुमार (न्यामतपुर), बाबूलाल (हरचन्द्रपुर), भुलन मौर्या (सिक्रोहरा) और गुले हाशमी (जबरीखुर्द) को स्वर्ण श्रेणी में गांधी प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी से लड़ने के लिए जागरूकता, समय पर जांच और पूरा इलाज बेहद जरूरी है। सरकार मरीजों को मुफ्त जांच, उपचार और पोषण सहायता भी दे रही है। उन्होंने ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों से जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि 24 मार्च से 100 दिवसीय सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष जांच पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के., स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने और नए बच्चों का चिन्हाकन एवं नामांकन के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ में चल रहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 19 से 24 मार्च तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। जिसमें 70 अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। शिविर में स्पेशल एजुकेटर मनोरमा सिंह व सहदेव प्रजापति ने दिव्यांगता के प्रकार, आरपीडब्लूडी एक्ट 2020, समावेशी शिक्षा, ब्रेल लेखन पठन सहायक उपकरण शिक्षण सामग्री दिव्यांग बच्चों को दिए जाने वाले विभिन्न लाभों की जानकारी दी। उन्होने बौद्धिक अक्षमता एवम् प्रशस्त ऐप समर्थ ऐप के बारे में विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण में रुद्रकांत बाजपेई, अभय प्रताप सिंह, राजेश कुमार व ज्योति आदि शिक्षक उपस्थित रहे। समापन खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया।

## टीम ने किया स्वास्थ्य सेवाओं का सत्यापन

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज में मरीजों को दी जाने वाले स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता परखने राज्य स्तरीय टीम मंगलवार को अस्पताल पहुंची। टीम ने साफ-सफाई, मरीज को दी जाने वाली दवाएं, निशुल्क जांच सुविधा, प्रसव-टीकाकरण के कार्य को देखकर भौतिक सत्यापन किया। वहीं परिसर में बने कर्मचारी के आवास की रंगाई-पुताई व मेंटेनेंस की आवश्यकता भी बताई। मंगलवार को 11 बजे पहुंची टीम में मौजूद लखनऊ स्टेट कंसल्टेंट डा. कमल मिश्रा, अयोध्या मंडल के एएक्यूएम डा. संजीव कुमार और देवीपाटन मंडल के क्वालिटी एश्योरेंस के डा. संतोष कुमार ने अधीक्षक डा. राजर्षि त्रिपाठी के साथ अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था देखी। इसके बाद इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, स्त्री रोग विशेषज्ञ की ओपीडी, एक्स-रे रूम, दवा वितरण वार्ड, क्षय रोग कक्ष, प्रसव रूम और भर्ती कक्ष, वैक्सीनेशन कोल्ड चैंबर की जांच की। टीम ने सीएचसी परिसर के बाहर बने ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब की गहनता से जांच की। टीम ने स्टाफ के साथ फोटो खिंचवा कर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी किया।

**कार्यक्रम**

विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

# कब बुलबुल उत्सव में निन्दूरा ओवरआल चैंपियन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव एवं स्काउट-गाइड रैली का आयोजन बड़ेल स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ेल में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, जिला मुख्यायुक्त राम कुमार गिरि, समाज सेवी राजकरन रावत, जिला आयुक्त स्काउट दिनेश चंद्र पांडेय, नोडल अधिकारी बंकी चंद्रशेखर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। जिपं अध्यक्ष ने कहा स्काउट एवं गाइड के माध्यम से विद्यार्थी अनुशासन, सेवा एवं देशभक्ति की भावना सीखता है। बीएसए ने कहा कब-बुलबुल उत्सव के अंतर्गत बच्चे खेल-खेल में सीखने, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करना सीखते है।

स्काउट-गाइड रैली में प्रतिभागियों ने परेड, प्राथमिक चिकित्सा, गांठ बांधने की कला तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी दक्षता प्रदर्शित की। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विकास खंड निंदूरा ओवरऑल चैंपियन रहा। स्काउट संवर्ग में हैदरगढ़ द्वितीय, बंकी तृतीय, गाइड संवर्ग में निंदूरा प्रथम, त्रिवेदीगंज द्वितीय, नगर क्षेत्र तृतीय रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री, सुषमा यादव, अभिषेक गिरि, वैशाली गुलसिया, आशीष कुमार, प्रमोद कुमार, अनामिका श्रीवास्तव, प्रीति सिंह, अल्ताब, नरेंद्र कुमार, नरेंद्र भार्गव, भावना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# गोमती में मिला नौ दिन से लापता वृद्ध का शव

**रहस्य गहराया**

**बनीकोडर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** असंद्रा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नौ दिन पहले लापता वृद्ध का क्षत विक्षत शव गोमती नदी में उतराता मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे वाछिल मजरे जरौली निवासी 70 वर्षीय रामसेवक पुत्र कालीदीन उर्फ़ झिंगुरी गत 14 मार्च को घर से अचानक लापता हो गए थे। परिजन इनकी तलाश कर रहे थे वहीं पुलिस की ओर से गुमशुदगी की सूचना भी प्रसारित की गई पर कुछ पता नहीं लगा। मंगलवार को ग्रामीणों ने बाजपुरा घाट के पास गोमती नदी में शव उतराता देखा तो पुलिस को बताया। मौके पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने मृतक की पहचान लापता रामसेवक के रूप में की।

**बेंच पर मृत मिला मजदूर : हैदरगढ़ :** कोतवाली क्षेत्र के भिखरा गांव में मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर से गुजरी फोरलेन सड़क के किनारे एक बेंच पर गांव के ही रामदेव रावत (38) को मृत पड़े देखा। गांव के लोग बताते हैं कि अविवाहित रामदेव मजदूरी कर पैसे मिलते ही शराब का सेवन कर लेता था। मृतक के भाई श्यामू ने पुलिस को उसकी मौत की सूचना दी।

# सिलेंडर न मिलने से परेशान लोगों ने जाम किया हाईवे

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम खुलवाया

नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** कस्बे में गैस संकट को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा सड़क पर फूट गया। गैस न मिलने से नाराज महिलाओं व पुरुषों ने कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया। इससे कुछ देर तक यातायात ठप हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया।

कस्बे की भइया जी गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि गैस बुकिंग के बाद मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज आ जाता है लेकिन, सिलेंडर नहीं मिलता। आरोप है कि कागजों में फर्जी डिलीवरी दिखा गैस ब्लैक की जा रही है। सर्वेश, रघुराई, नेहा, रीता देवी, बबली व अशोक आदि उपभोक्ताओं ने बताया कि 13 तारीख को पर्ची काटकर पैसे जमा करा लिए गए। लेकिन कई दिन बाद भी गैस नहीं दी गई। बुजुर्ग उपभोक्ता रोज सुबह से शाम तक एजेंसी के चक्कर काटकर खाली हाथ लौट रहे हैं। सूचना पर कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह पहुंचे और लोगों को शांत कराया। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी से बात कर इसकी जांच कराने को कहा। तहसील हसनगंज से पहुंचे विभागीय कर्मचारियों ने शिकायतकर्ताओं के बयान लिये। इसमें उपभोक्ताओं ने लिखित शिकायत देकर एजेंसी की जांच व कार्रवाई की मांग की है।



गैस सिलेंडर के लिए हाईवे पर जाम लगाए उपभोक्ता। ● अमृत विचार

### सिलेंडर की कमी से एमडीएम प्रभावित, महंगे दामों पर बिक रहे चाऊमीन और कबाब पराठा

**बीघापुर, उन्नाव :** कस्बा बीघापुर में गैस सिलेंडर न मिलने से उपभोक्ता परेशान हैं। वहीं विद्यालयों में गैस की किल्लत से एमडीएम पर भी असर पढ़ रहा है। शिक्षक व शिक्षिकाएं शिक्षण कार्य छोड़कर एजेंसी में गैस सिलेंडर के लिए लाइन में खड़े होने पर मजबूर हैं। सिलेंडर की कमी से परिषदीय स्कूलों में बनने वाला एमडीएम भी प्रभावित हो रहा है। वहीं शिक्षकों को छात्र-छात्राओं को भोजन कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है। कुछ शिक्षक अपने घरों से सिलेंडर लाकर बच्चों के लिये भोजन की व्यवस्था कर रहे हैं। उप्र प्राथमिक शिक्षक महामंत्री विजय सिंह मुन्ना ने कहा कि शिक्षकों को अपने अधिकारी को समस्या से अवगत कराना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बीघापुर कस्बे में संचालित ठेला दुकानदार सिलेंडर की व्यवस्था न होने से ग्राहकों से दोगना दामों से चाऊमीन, रोल व कवाब पराठा खिला रहे हैं।



रोड किनारे लगे ठेलों पर घरेलू सिलेंडर से बनाई जाती खाद्य सामग्री। ● अमृत विचार

### न्यूज ब्रीफ

### दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर चल रहे अभियान के दौरान गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो व दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। जहां दर्ज मुकदमे के आधार पर उसके विरुद्ध कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया। क्राइम इंस्पेक्टर रामवचन भारती ने बताया कि कंचन नगर निवासी नीरज दुबे के विरुद्ध गंगाघाट कोतवाली में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज था। इसी प्रकरण में वांछित चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास चल रहे थे। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी घर पर है। जिस पर पुलिस उसके घर पहुंची और उसे दबोच लिया। इसके बाद उसे कोतवाली लाया गया। जहां उसके विरुद्ध दर्ज मुकदमे के आधार पर कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा गया है।

### मारपीट में आंख में चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस ने मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की आंख में गंभीर चोट पहुंचाने वाले वांछित को गिरफ्तार किया है। बता दें कि 13 जनवरी को नेहरू नगर निवासी दिलीप सिंह को ब्रह्म नगर निवासी प्रशांत द्विवेदी ने पीटा था। जिससे उसकी आखों में गंभीर चोटें आई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिये दबिश दे रही थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को ब्रह्म नगर स्थित एक स्वीट हाउस के पास से दबोचकर दर्ज केस के आधार पर कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

### किशोरी को अगवा करने वाले को 3 साल की सजा

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** किशोरी को अगवा करने के आरोपी को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने उस पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया। जिसे अदा न करने पर दोषी को 3 माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। बता दें कि गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने 24 अक्टूबर-2018 को अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी महेश निषाद पुत्र पुत्तीलाल पर आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच कर 6 सितंबर-2018 को किशोरी को बरामद कर आरोपी को जेल भेजा था। आईओ रविंद्र सिंह भदौरिया ने साक्ष्य एकत्र कर 24 अक्टूबर-2018 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से मुकदमा एडीजे-13 कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद महेश को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा सुनाई गई।

### ट्रायल के पहले चरण में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के अंतर्गत अंडर-19 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल का प्रथम चरण मंगलवार को सप्रू स्टेडियम शुक्लागंज में हुआ। इसमें जिले भर से आए 70 पंजीकृत खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सभी ने अपनी बैटिंग बॉलिंग व विकेट कीपिंग की प्रतिभा को दर्शाया। इसका आकलन चयनकर्ता नवीन सिन्हा, मनीष दीक्षित व ओम मिश्रा ने गंभीरता से करते हुए 40 खिलाड़ियों का चयन अगले दौर के लिए किया। अगले दौर के अंतर्गत बुधवार व गुरुवार को सेलेक्शन मैच रामकली स्टेडियम शुक्लागंज में सुबह 8 बजे से होगा। इसमें जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी राकेश अस्थाना व साकिर हुसैन मौजूद रहे।

# मेरी मां का चोला है रंग ला, शेरों वाली का चोला है रंग ला

- नवरात्र के छठे दिन भक्तों ने किये मां कात्यायनी के दर्शन व पूजन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** नवरात्र के छठे दिन मंगलवार को जिले के देवी मंदिरों में भक्तों ने मां दुर्गा के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में बजने वाले घंटों व शंखों की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया।

बक्सर स्थित मां चंद्रिका देवी धाम गंगा किनारे स्थित मंदिर में दर्शन के लिए जिले के साथ गैर जनपद से भी श्रद्धालु पहुंचे। वहीं, शहर के कल्याणी देवी, दुर्गा मंदिर, पूर्णा देवी मंदिर व सिद्धनाथ मंदिर में भी दिनभर अनुष्ठान चलते रहे। नवाबगंज स्थित मां कुशहरी के दरबार में भक्तों ने नारियल, चुनरी व श्रृंगार का सामान चढ़ाकर परिवार की खुशहाली की कामना की। भीड़ देख पुलिस व प्रशासन मुस्तैद रहा। सुरक्षा को देखते हुए प्रमुख मंदिरों के बाहर बैरिकेडिंग के अलावा महिला आरक्षियों की तैनाती की गई थी। छठा दिन होने से अब घरों व पंडालों में महाअष्टमी व महानवमी की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। मंदिरों व घरों में स्थापित कलश के सामने श्रद्धालु मां की महिमा का गुणगान कर रहे हैं। विशेष रूप से महिलाओं की टोलियों ने ढोलक व मजीरों के साथ माता के पारंपरिक भजन गाकर समां बांध दिया। मंदिरों में गूंजते भजन भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहे। मैय्या तेरी जय, लाल चुनरिया वाली पे दिल आया है, पंडालों में इस भजन पर श्रद्धालु झूमते रहे। नंगे-नंगे पांव चला आ गया री मां आदि भजनों पर भक्त झूमते नजर आए।



मंदिर में भक्तों को प्रसाद बांटते पुजारी।



जागरण में भजन प्रस्तुत करते भजन गायक। ● अमृत विचार

### मां कात्यायनी के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, मंदिरों में गूंजे जयकारे

**शुक्लागंज, उन्नाव :** नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी के दर्शन के लिए नगर के दुर्गा मंदिरों में सुबह से देररात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। राजमार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भोर होते ही भक्तों की कतारें लग गईं। जो देररात तक जारी रहीं। पूरे दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना व भक्ति का माहौल बना रहा। मंगलवार को मां कात्यायनी के स्वरूप के दर्शन के लिए मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था। चारों ओर फूलों व रोशनी से सजे दरबार में भक्तों ने मां के जयकारे लगाए। मंदिरों में बज रहे भजन-कीर्तन से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडेय ने बताया कि मां कात्यायनी की विधिविधान से पूजा करने व व्रत रखने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को और भी श्रद्धामय बना दिया। कई स्थानों पर दुर्गा सप्तशती का पाठ हुआ और प्रसाद वितरण हुआ। कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, महेश मार्ग के सिद्धिधात्री मंदिर, डाकतार कॉलोनी के सोमा गौरी मंदिर, बिंदानगर, बालूघाट के गायत्री शक्तिपीठ, गांधी नगर के काली मंदिर आदि देवी मंदिरों में भी दिनभर भक्तों की भीड़ रही। इसके अलावा नगर में विभिन्न स्थानों पर माता के जागरण का आयोजन भी शुरू हो गया है। जिससे नवरात्र का उल्लास और अधिक बढ़ गया है।



दुर्गा मंदिर में आरती के दौरान उमड़ी भक्तों की भीड़। ● अमृत विचार

### माता रानी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शुक्लागंज, उन्नाव :** शंकरपुर सराय स्थित मां काली मंदिर में सोमवार रात विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जागरण की शुरुआत मां काली की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद पूरी रात भक्त भक्तिरस में डूबे रहे और माता के भजनों पर झूमते नजर आए। न्यू कृष्णा जागरण पार्टी के भजन गायक सुरजीत अलबेला, मुकुल बाजपेई व कल्पना द्विवेदी ने बेटा बुलाए झट दौड़ी चली आई मां, माता ने बुलाया है, हम तो चले मां के द्वार जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे और पूरे परिसर में मां के जयकारे गूंजते रहे। इस दौरान गणेश जी, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, हनुमान, मां काली, शिव तांडव व दुर्गा जी की भव्य झांकियां प्रस्तुत की गईं। जिन्हें देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। पूरी रात चले आयोजन में भक्तों की आस्था व उत्साह देखने लायक रहा। मंगलवार सुबह समापन के बाद विधिविधान से कन्यापूजन हुआ फिर भंडारा हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद लिया।

### सर्वाधिक उपस्थिति व अनुशासित छात्र सम्मानित

**उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड हिलौली के प्राथमिक विद्यालय बहवा में कक्षा 5 के बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ हुआ। एआरपी विनोद कुमार ने बच्चों को और अधिक मेहनत से पढ़ने की बात कहकर अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने सभी बच्चों को उत्तीर्ण होने के बाद शत-प्रतिशत अग्रिम कक्षा में नामांकन के लिए विशेष रूप से बालिकाओं के लिए प्रेरित किया। बच्चों के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है इसके लिए सभी बच्चों को 6 से 14 वर्ष तक सरकार द्वारा निः शुल्क शिक्षा दी जा रही है। इसमें कक्षा 5 में सर्वाधिक उपस्थिति देने वाले व सर्वाधिक अनुशासित बच्चों को सम्मानित किया गया। दीपक सिंह व रणजीत सिंह ने सबका आभार जताया। इसमें कहकसा अंजुम, सीमा देवी रसोईया व बच्चे मौजूद रहे।



सम्मानित छात्रों के साथ जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह।

### रोडवेज बस ने 9 वर्षीय छात्रा को रौंदा, हुई मौत

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में घर के सामने सड़क पार करते समय रोडवेज बस ने 9 वर्षीय छात्रा को रौंद दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे से परिजनों में चीखपुकार मची है। लोगो ने बस को पकड़ कर पुलिस के सुपर्द किया है। अकबरपुर गांव निवासी गौरी (9) पुत्री देशराज यादव कक्षा - 3 की छात्रा थी। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे घर के सामने लखनऊ - बांगरमऊ मार्ग पार कर रही थी। तभी लखनऊ से आई कैसरबाग डिपो की एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे रौंद दिया। गंभीर हालत में उसे मियागंज सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। जहां इलाज शुरू होने के पहले उसकी मौत हो गई। इसकी खबर से मां सुमन ,बड़ी बहन गरिमा बेहाल रही। लोगों ने बताया कि बस इतनी तेज थी कि पीछा करने पर उसे मियागंज चौराहे पर पकड़ कर पुलिस को सौंपा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

### चलती बाइक से गिरकर वृद्धा की मौत, कोहराम

**शुक्लागंज-उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार शाम बाइक से गिरकर एक वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शुक्लागंज निवासी फूलमती (60) पत्नी सोने लाल मंगलवार शाम मरहला चौराहा से आजाद मार्ग होते हुए गजिया खेड़ा की ओर जा रही थीं। इसी दौरान अचानक बाइक के पास उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ीं। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट लग गई और वह बेहोश हो गईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पूछताछ की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### टीबी मुक्त गांव का प्रधान सम्मानित

**उन्नाव, अमृत विचार :** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर निराला प्रेक्षाग्रह में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज की अध्यक्षता में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सीडीओ ने 150 टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के प्रधानों को स्वर्ण, रजत व कांस्य रंग की गांधी प्रतिमा व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### कापियां जांचने वाले 1756 परीक्षकों में से 725 रहे अनुपस्थित

**उन्नाव, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कापियों के मूल्यांकन के छठे दिन चार मूल्यांकन केंद्रों में 1031 परीक्षकों ने 38130 कापियों का मूल्यांकन किया। वहीं, 1756 परीक्षकों में 1031 उपस्थित व 725 अनुपस्थित रहे। डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 49 मौजूद रहे और 517 परीक्षकों में 246 मौजूद रहे। इसमें 10325 कापियों का मूल्यांकन हुआ। यहां 27 में 21 अंकेक्षक परीक्षक उपस्थित हुए। अब तक 46230 कापियों का मूल्यांकन किया गया। जीआईसी में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 48 मौजूद रहे व 491 परीक्षकों में 299 उपस्थित हुए। जिन्होंने 10520 कापियों का मूल्यांकन किया। यहां 26 में 18 अंकेक्षक उपस्थित हुए। अब तक 41896 कापियों का मूल्यांकन हुआ है। जीजीआईसी में इंटर के 31 डिप्टी हेड में 26 व 287 परीक्षकों में 194 मौजूद रहे। यहां 7643 कापियों का मूल्यांकन हुआ है। यहां 17 अंकेक्षकों में 12 उपस्थित हुए। अब तक कुल 40996 कापियों का मूल्यांकन किया गया। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर के 30 डिप्टी हेड में 26 व 286 परीक्षकों में 143 परीक्षक उपस्थित हुए। यहां 9642 कापियों का मूल्यांकन किया गया। यहां 15 में 12 अंकेक्षक उपस्थित हुए। यहां अब तक 30103 कापियों का मूल्यांकन किया गया। चारों केंद्रों में अब तक 159205 कापियों मूल्यांकन हुआ है।

# निष्कासित पूर्व बार अध्यक्ष ने जमा कराया सदस्यता शुल्क

- बार एसोसिएशन ने खाते में करवाया वापस

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** सदन से निष्कासित बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने बार एसोसिएशन के खाते में सदस्यता व कंडोलेंस शुल्क जमा कराया था। जिसे नियम विरुद्ध बता बार अध्यक्ष ने उनके खाते में वापस करवा दिया। बता दें कि पूर्व बार अध्यक्ष सतीश शुक्ला पर भगवान परशुराम, राजा राव राम बक्स सिंह व आचार्य विष्णु गुप्त चाणक्य अधिवक्ता भवनों के निर्माण में 76 .22 लाख रुपये के गबन का आरोप लगा था। साधारण सभा ने 24 सितंबर-2025 को उनकी व पूर्व महामंत्री अरविंद दीक्षित की सदस्यता रद कर दी थी। साथ ही एक माह में राशि जमा करने का अल्टीमेटम दिया था। हालांकि पूर्व अध्यक्ष व मंत्री ने आरोपों को बेबुनियाद बता पूरे खर्च का ब्यौरा देने का दावा किया था। उधर शर्त पूरी न होने पर 15 दिसंबर- 2025 को सदर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। मंगलवार को वर्तमान बार अध्यक्ष गिरीश मिश्र ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक पत्र जारी किया। इसके मुताबिक पूर्व अध्यक्ष ने हाल ही में बिना अनुमति के एसोसिएशन के खाते में 2000 रुपये सदस्यता शुल्क व कंडोलेंस जमा कर दिए थे। अध्यक्ष के मुताबिक चूंकि उनकी सदस्यता रद है। इसलिए वह सदन के सदस्य नहीं हैं। इसलिए धनराशि 23 मार्च-2026 को उनके यूनियन बैंक खाते में लौटा दी गई है। इसके साथ उन्हें भविष्य में बिना सदन की मंजूरी कोई रकम न जमा करने व ऐसा दोबारा करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

# पालिका पहुंचे एससी-एसटी आयोग के सदस्य

- कर्मचारियों के न मिलने पर जताई नाराजगी

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** मंगलवार को नगर पालिका गंगाघाट में विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था व कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलने की स्थिति का जायजा लेने एससीएसटी आयोग उप्र सरकार के सदस्य रमेश चंद्र (कुंडे) पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पालिका कार्यालय में संबंधित दस्तावेजों व सफाई कर्मियों के वेतन से संबंधित कागजों की गहन जांच की।

जांच के दौरान कागजों में सफाई कर्मियों को समय पर वेतन भुगतान व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। लेकिन मौके पर कोई सफाई कर्मचारी न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कर्मियों को बुलाकर वास्तविक स्थिति की जानकारी देने को कहा। इस पर जेई घनश्याम मौर्या व एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने बताया कि कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर लगे हैं। इससे असंतुष्ट आयोग सदस्य ने अगली बार निरीक्षण में कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मियों की समस्याओं को नजर अंदाज नहीं किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने ऋषि नगर स्थित मलिन बस्ती का निरीक्षण किया। जहां इंटर लॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता देखी और पालिका से विकास कार्यों का ब्यौरा मांगा।



ऋषि नगर का निरीक्षण करने जाते एससीएसटी आयोग के सदस्य।

# आरई ने देखी रेलवे पुल की हकीकत

- अधिकारियों को दिया सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने का निर्देश

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की डाउन लाइन पर जर्जर ट्रफ हटाकर एच-बीम चैनल स्लीपर लगाने के लिए अप्रैल माह में प्रस्तावित मेगा ब्लॉक को लेकर रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को स्पेशल ट्रेन से रेल मंत्रालय नई दिल्ली से मेंबर ऑफ इंफ्रा के आरई रामेंद्र तिवारी गंगाघाट पहुंचे और ट्रेन में बैठकर रेलवे पुल का जायजा लिया।

सुबह करीब साढ़े 11 बजे उन्नाव पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले टीआरडी डिपो का निरीक्षण किया। इसके बाद स्पेशल ट्रेन से गंगाघाट रेलवे स्टेशन का जायजा लेते हुए गंगा रेलवे पुल की भी हकीकत देखी। इस दौरान उनके साथ ट्रेन में मौजूद एसएसई वैभव कुमार (टीआरडी) सहित रेलवे के अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने एसएनटी, ओएचई व इंजीनियरिंग समेत सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि 2 अप्रैल से शुरू होने वाले मेगा ब्लॉक के लिए सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाए और समयबद्ध तरीके से स्लीपर बदलने का काम पूरा किया जाए।



यूटीवी मशीन से अप लाइन पर होता कार्य। ● अमृत विचार

आयोजन | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधु की बैठक, मातहतों को दिये सख्त निर्देश

# उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधुओं की बैठक में कहा कि उद्यमियों की समस्याओं/प्रकरणों को अधिकारी गंभीरता से लेकर कार्यवाही कराएं। इसमें कोई लापरवाही ना हो। उपायुक्त उद्योग को बंथर आजाद मार्ग के लिए अंडरपास के लिए प्रपोजल लखनऊ एनएचआई को भेजने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने दही चौकी नवाबगंज त्रिभुवन खेड़ा के ब्लैक स्पॉट के लिये शासन से स्वीकृत 130 करोड़ में फ्लाई ओवर का कार्य प्राथमिकता से कराने का आश्वसन दिया। इब्राहिम स्टेट नेहरू बाग औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, नाला, स्ट्रीट लाइट व विद्युत आदि की स्थापना सुविधाओं के विकास के लिए उपायुक्त उद्योग व सचिव केडीए को संयुक्त रूप से सर्वे किए जाने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र दही चौकी साइड-2 की सड़क नंबर 5 में समुचित जल निकासी व क्षतिग्रस्त हो गई सड़क के लिए नाली की मरम्मत कराने के लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदाई संस्था नामित करने हेतु प्रस्ताव मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। मेसर्स सेफी बायो फील्ड व सेमडे इंफ्राटेक लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र यूपीसीडा साइट नंबर-1 से सिमडे सिटी तक मार्ग निर्माण, धर्म कांटा मगरवारा के सामने आनंदेश्वर स्टील के आगे छतिग्रस्त सड़क की मरम्मत व नाली निर्माण, औद्योगिक क्षेत्र साइट नंबर-1 में सड़क निर्माण, मिनी सचिवालय चांदपुर तक सड़क चौड़ीकरण, एचपी गैस प्लांट के बाहर सड़क पर गैस टैंकर खड़े होने से असुविधा संबंधी प्रकरण सहित अन्य प्रमुख प्रकरणों पर गंभीरता से चर्चा कर प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस दौरान सीडीओ कृति राज, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, उपायुक्त उद्योग अधिशासी अभियंता विद्युत आदि अधिकारी व औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े औद्योगिक संगठनों के प्रभारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।




बैठक में मातहतों को निर्देशित करते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

# गड्ढे से पलटा ई-रिक्शा, कई लोग घायल

- शहर के मुख्य मार्ग पर लीकेज से हुआ गड्ढा बना जानलेवा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के मुख्य मार्ग पर नगर पालिका की लापरवाही सामने आई है। छोटा चौराहा और बड़ा चौराहा के बीच अताउल्ला नाले के पास पाइप लाइन लीकेज होने से हुआ गहरा गड्ढा अब राहगीरों के लिए काल साबित हो रहा है। मंगलवार को इस गड्ढे की वजह से कई ई-रिक्शा पलट गए। जिसमें सवार यात्री चोटहिल हो गए।

बता दें कि अताउल्ला नाले के पास कुछ दिन पूर्व पाइप लाइन में रिसाव शुरू हुआ था। धीरे-धीरे पानी के कटाव से सड़क के बीचोबीच गहरा गड्ढा हो गया। जिम्मेदार अफसरों द्वारा समय रहते सुध न लेने से यह गड्ढा अब हादसों का कारण बन गया है। मंगलवार को गड्ढे में पानी भरा होने से वाहन चालकों को इसकी गहराई का अंदाजा नहीं मिल सका। इससे एक के बाद एक कई ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गए। ई-रिक्शा पलटने से उसमें बैठी सवारियां सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। मौजूद लोगों व दुकानदारों ने दौड़कर घायलों को बाहर निकाला और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए भेजा। क्षेत्रीय लोगों में नगर पालिका प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश है। लोगों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।



अताउल्ला नाले के पास पलटा ई-रिक्शे को उठाते लोग। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**पुरवा, उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जगेथा के पास सोमवार रात दरोगा विनोद सिंह ने चेकिंग के दौरान एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम कुलदीप उर्फ कुल्ली निवासी गांव चितौली माखी बताया है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि कुलदीप के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

### लोडर की टक्कर से मां और बेटा हुए घायल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के हरवंश खेड़ा गांव निवासी नीरज (30) पुत्र राजकुमार अपनी मां राजवती (50) को बाइक से लेकर ननिहाल माखी थानाक्षेत्र के रऊफपुर गांव गया था। मंगलवार को लौटते समय रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग पर आसीवन थानाक्षेत्र के खरगौरा गांव के पास सामने से आए लोडर ने उसे टक्कर मार दी। इसमें दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायल मां-बेटे को सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां से नीरज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोगों ने लोडर व चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

### नेता प्रतिपक्ष के आतिथ्य में सौहार्द मिलन समारोह आज

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** प्रमुख समाजसेवी व सपा नेता इमरान सिद्दीकी की ओर से बुधवार दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक नगर के श्याम कला व कलावती गेस्ट हाउस में सौहार्द मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय मुख्य अतिथि होंगे।

# 27 लाख के शुद्ध लाभ का बजट पारित

## नपा परिषद बोर्ड की बैठक में पास हुआ प्रस्ताव, सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक को सोमवार को शाम बोर्ड हाल में अध्यक्ष श्रीमती नसरीन बानो की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें वर्ष 202627 का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमें 27 लाख के शुद्ध लाभ दर्शाया गया बजट सर्वसम्मत से पास किया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में सड़क निर्माण, जल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं सहित विकास कार्यों के लिए कई प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किए गए।



बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष नसरीन बानो।

सोमवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिका अध्यक्ष नसरीन बानो की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सत्ताईस लाख के लाभ का बजट पास हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष नसरीन बानो ने बोर्ड बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर के मुख्य मार्गो के निर्माण से नगरवासियों को राहत मिली है बाकी शेष अधूरे मार्गों का भी अति शीघ्र निर्माण करवाया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष ने समस्त सभासदों को उनके वार्डो में विकास कार्य सुचारू रूप से करवाने का भरोसा दिलाया। पालिका अध्यक्ष ने कहा वार्डो की साफ सफाई व्यवस्था का उचित ध्यान रखा जाये, इसके लिए वार्ड के सुपरवाइजर सजग रहे और सफाई से जुडी कोई शिकायत आती है तो सम्बंधित कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान बर्ष 2026-2027 की आय व व्यय का बजट पास किया गया। जिसमें पालिका की आय 79 करोड़ 47 लाख रुपये की आय तथा 79 करोड़ 20 लाख रुपये व्यय का अनुमोदन किया गया। इस प्रकार कुल 27 लाख के शुद्ध लाभ का बजट ध्वनि मत से पास हुआ। इसी के साथ पिछले वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट के प्रस्ताव को अनुमति दी गई। वहीं बोर्ड बैठक में बजट विवरण सुनाते हुए प्रभारी अधिशासी अधिकारी सुप्रिया राव द्वारा सभी बिंदुओं का विस्तृत ब्यौरा दिया गया। इस बैठक में अजहर मसूद, आदित्य गौतम, जिया जुनैद, रतिराम, अजीत कुमार, इमरान, सुष्मिता, अनीता देवी, नैना, अहिवरन, पूनम गुप्ता, मुईद आदि सभासद सहित लेखाकार असद खा, जेई विजय कृष्ण यादव मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्रदेव का घटाया मान

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। यजमान महेंद्र सिंह व उमा देवी ने बताया कि भागवत कथा का आयोजन धर्म का प्रचार प्रसार निमित्त कराया जा रहा है। कथा व्यास पंडित वशिष्ठ जी महाराज ने भागवत कथा के पंचम दिवस पर कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि ब्रजवासी मानते थे कि इंद्र की कृपा से ही वर्षा होती है और फसलें उगती हैं। एक दिन बाल कृष्ण ने सभी ब्रजवासियों से कहा कि हमें इंद्र की नहीं, बल्कि गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए, क्योंकि यह पर्वत हमें घास, जल और भोजन प्रदान करता है। कृष्ण जी की बात मानकर सभी ने इंद्र पूजा छोड़कर गोवर्धन पर्वत की पूजा की। यह देखकर इंद्र देव क्रोधित हो गए और उन्होंने वृंदावन में मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया और सभी ब्रजवासियों को उसके नीचे आश्रय दिया। सात दिन तक लगातार वर्षा होती रही, लेकिन किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। आखिरकार इंद्र देव को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने कृष्ण जी से क्षमा मांगी। तब से गोवर्धन पूजा की परंपरा शुरू हुई। मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह, मंडल अध्यक्ष राकेश रंजन मिश्र, गौरव दीक्षित, राजेश प्रधान नादखेडा, अनुज सिंह मवैया, आशीष मिश्रा प्रधान, आकाश सिंह पत्रकार सहित गांव के काफी ग्रामीण काफी संख्या में मौजूद रहे।



भागवत कथा सुनाते वशिष्ठ महाराज।

# शराब व तंबाकू से दूरी बनाना ही बेहतर

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** मानसिक रोग व बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के कानूनी अधिकार व नशीले पदार्थों के दुरुपयोग व उसके बचाव के विषय, पर मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश रीता कौशिक, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/ सचिव काव्या सिंह के निर्देश पर तहसील विधिक सेवा समिति सदर सचिव/तहसीलदार सचिंद्र कुमार शुक्ला के निर्देशन में मानसिक रोग व बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के कानूनी अधिकार व नशीले पदार्थों के दुरुपयोग व उसके बचाव के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ज़िला महिला अस्पताल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता डा.कुंवर अखिलेश असिस्टेंट प्रोफेसर मानसिक रोग विभाग ने की और मानसिक एवं बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया कि ऐसे व्यक्ति को भी समाज में समान रूप से रहने का अधिकार है, उनके साथ कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए। शिविर में लीगल एंड क्लीनिक कीर्ति कश्यप ने भी जानकारी साझा की।



शिविर में मौजूद महिलाएं व पुरुष। अमृत विचार

# गौशाला में घुसे तेंदुए ने बछड़े पर किया हमला

**संवाददाता, हरदोई**

- पिहानी के अम्बारी गांव में जंगली जानवर की दस्तक से दहशत
- वन विभाग की टीम ने शुरू की कांबिंग, लगाए नाइट विज़न कैमरे

**अमृत विचार।** पिहानी के अम्बारी गांव में तेंदुएं की दस्तक से दहशत है, उसने गौशाला में घुसते ही गाय के बछड़े पर हमला बोल दिया, इससे पहले एक ग्रामीण के ऊपर हमलावर हुआ। इसका पता होते ही वन की टीम अर्लट मोड में आ गई। तेंदुए को पकड़ने के लिए उसके पैरों के निशानों से मूवमेंट कांबिंग की जा रही है। साथ ही नाइट विज़न कैमरे लगाए गए हैं। लखीमपुर के रास्ते से यहां पहुंचा तेंदुआ बरबर की तरफ गया, उसके पैर के निशानों से की जा रही मूवमेंट कांबिंग करने से ऐसा पता चला है।

मंगलवार को तेंदुए ने अम्बारी गांव की गौशाला में गाय के बछड़े के ऊपर हमला कर दिया, उससे दो दिन पहले एक ग्रामीण के ऊपर भी हमलावर हो चुका था। इसका पता होते ही उप प्रभागीय वन अधिकारी अर्चना रावत, क्षेत्रीय वन अधिकारी पिहानी नीलम मौर्या, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी पिहानी नरेंद्र वर्मा, वन दरोगा आशीष पाल और वन रक्षक राहुल कुमार व विपिन पाल की टीम अम्बारी पहुंची। तेंदुएं के पैरों के निशान ढूंढ कर मूवमेंट कांबिंग शुरु की गई, साथ नाइट विज़न कैमरें लगाए गए है। वन रक्षक राहुल कुमार ने बताया कि मूवमेंट कांबिंग से पता चल रहा है कि तेंदुआ लखीमपुर की तरफ से अम्बारी पहुंचा और वहां से बरबर की तरफ गया, फिलहाल उनकी टीम कांबिंग कर रही है, इलाकाई लोगों को घर में ही रहने की सलाह दी गई है।



तेंदुए के पैरों के निशान।



तेंदुए की सूचना पर गांव में कांबिंग करती टीम व लगाए गए नाइट विजन कैमरे।



# निपुण बच्चों को किया सम्मानित

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई**

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन में ब्लॉक सभागार में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर आधारित प्रायःसो से जन समुदाय को जागरूकता हेतु ब्लॉक स्तरीय हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें शैक्षिक निपुण छात्रों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि रहे ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर नें बताया शिक्षा का उद्देश्य का भाव छोटे बच्चों में शुरू से ही जागरूक करना हर शिक्षक का उद्देश्य होना चाहिए। बीईओ कृष्ण कुमार त्रिपाठी नें बताया सभी शिक्षकों के सहयोग से जनपद में भरावन को शैक्षिक निपुणता में प्रथम स्थान दिया गया यह गर्व का विषय है चाहे एस आई आर का कार्य हो, जनगणना का कार्य हो और शिक्षा का कार्य हो बड़ी निपुणता से सहयोग भावना से जनपद में प्रथम स्थान मिला है। कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर अनुराग कुमार, शिक्षक आशीष दीक्षित, दीनू सिंह, संजीव पाण्डेय, शुभम तिवारी, मनोज दीक्षित, प्रकाश चंद्र दुबे, अभिषेक सिंह, शितांशु पाण्डेय, प्रज्ञा मिश्रा, रजनी शर्मा अनीता श्रीवास्तव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।



सम्मानित छात्रों के साथ ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर व शिक्षकगण।

# अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक सवार तीन लोगों की गई जान

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन पर मंगलवार देर रात बाइक सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। इससे तीनों की मौत हो गई। पुलिस से मिली सूचना पर हरदोई से पहुंचे परिजनों में चीखपुकार मची है। हरदोई जिला के कासिमपुर थाना क्षेत्र के गांव अटिया गांव के राजू राठौड़ (60) पुत्र राम भजन के चाचा राम जीवन की मंगलवार को बीमारी से मौत हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर देर शाम हुआ था। जहां से राजू पड़ोसी गांव सिद्दीकपुर निवासी रामबालक (50) पुत्र शिवराज व गढ़ी निवासी पवन (40) पुत्र श्रीराम के साथ एक बाइक से गांव लौट रहा था। तभी बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के रानीपुर ग्रंट से गंगा एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर करीब 5 किलोमीटर आगे रात करीब साढ़े दस बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे तीनों गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर गए। ग्रामीणों से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में चीखपुकार मच गई। अंतिम संस्कार से लौट रहे अन्य लोग भी सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

# आयुष्मान योजनाओं पर दिया जोर

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के परसोला स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मंगलवार को स्कूल संस्था के सहयोग से स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार ने फीता काटकर किया और अध्यक्षता करते हुए ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व तथा विकास में उनके योगदान पर विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य अतिथि डॉ. स्मिता ने एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद आयुष्मान आरोग्य मंदिर की समुदाय में बढ़ी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड योजना एवं संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की भी विस्तार से जानकारी दी। संस्था की ओर से शशि कुमार, अपर्णा और प्रमिला गुप्ता ने एनीमिया एवं परिवार नियोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को जागरूक किया। स्कूल संस्था से किरण देवी, अमिताभ और अनुज मिश्रा ने संचालन करते हुए आरोग्य मंदिर में उपलब्ध जांच और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी साझा की। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी जूली और एएनएम आरती ने भी ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पंचायत से जुड़े कई लोग, जिनमें पूजा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



हेल्थ मेले में महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

### अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में लगी आग

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव में गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और निजी संसाधनों से आग बुझाने में जुट गए। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला गांधीनगर निवासी संत कुमार त्रिवेदी के पीथनहार गांव के पास स्थित खेतों में बोई गई गेहूं की फसल में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग बुझाने में जुट गए। सूचना के करीब 1 घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची।

# रिटायर्ड बीडीओ और सूबेदार मेजर के घरों में चोरी

**संवाददाता, बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र में बीते दो महीनों में हुई आधा दर्जन चोरियों की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बेखौफ चोरों ने बेहटा भवानी गांव में सोमवार रात दो घरों व ओसियां में एक घर से लाखों का जेवर व हजारों की नगदी पार कर दी। पीड़ित परिवारों ने थाने में तहरीर दी है। फिंगरप्रिंट टीम व डॉग स्क्वायड ने मौके की जांच की है।

गांव निवासी सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी बेनी माधव चौधरी के घर चोरों ने सोमवार रात धावा बोलकर सोना व चांदी पार कर दी। बेनी माधव के पुत्र राज नारायण चौधरी ने बताया कि दिसंबर-2025 में उनके छोटे बेटे की शादी हुई थी। घर में वह पत्नी व पिताजी थे। बहू परीक्षा की तैयारी के लिए बेटे के साथ बाहर गई थी। चोरों ने घर की छत पर चढ़कर कमरे का ताला तोड़ दिया और आलमारी व बक्से के ताले तोड़कर उसमें रखे 105 ग्राम सोने व 900 ग्राम चांदी के जेवरात के अलावा 15 हजार नगद पार कर दिये। वहीं बेनीमाधव के घर से 100 मीटर दूर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर रामविलास चौधरी के घर में भी चोरों ने दस्तक दी। लेकिन घर में सामान न मिलने से केवल कपड़े व 3 हजार रुपए ले गए। रामविलास ने बताया कि वह तेलीबाग लखनऊ में रहते हैं। घर में केवल खाना बनाने के बर्तन, सिलेंडर व कपड़े थे। चोर घर के पीछे से छत पर चढ़कर नीचे उतरे। घर के सभी कमरों के तालों को काटकर पूरा घर खंगाला लेकिन सामान न होने से उन्हें कुछ हाथ नहीं लग सका। सूचना पर सीओ मधुपनाथ मिश्र व कोतवाली प्रभारी राजपाल ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई।

वहीं अन्य घटना में कोतवाली क्षेत्र के ओसियां गांव निवासी अमित ने थाने में दी तहरीर में बताया कि चोरों ने सोमवार रात घर में घुसकर बक्से व आलमारी के ताले तोड़ दिये और 50 ग्राम सोने व 1 किलो चांदी के जेवरात के अलावा 32 हजार नगद पार कर दिये। सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि बेहटा भवानी में हुई चोरी के खुलासे के लिए टीम गठित कर दी गई है। वहीं ओसियां के मामले में जांच की जा रही है। कहा कि ओसियां की चोरी प्रथम दृष्टया संदिग्ध दिख रही है।



जांच करती पुलिस व डॉग स्क्वायड टीम। अमृत विचार



चोरों द्वारा घर में फैलाया गया सामान देखती महिला।

# मजदूरी मांगने पर युवक को पीटा, आंख में आई चोट

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के खोखापुर गांव निवासी दूबर पुत्र फकीर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में गांव के सत्य नरायन व विजय शंकर पर मारपीट करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। उसके अनुसार वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।

बताया कि मार्च माह में आरोपियों ने अपने खेत में लाही कटवाने का काम कराया था। आरोप है कि 19 मार्च को जब वह मजदूरी मांगने गया तो इसे लेकर दोनों आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीट दिया और मां-बहन की गालियां दीं। इस दौरान एक लाठी उसकी आंख में लग गई जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने घायल दूबर को सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी आंख पूरी तरह खराब हो गई है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस में शिकायत करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## धर्म कर्म

### अमरादेवी मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

# श्रीराम जन्म की कथा सुन लोग हुए भाव-विभोर

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के ओसिया गांव स्थित अमरादेवी मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का श्रवण कराया गया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कथावाचक आदित्य द्विवेदी ने श्रीराम जन्म की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम का अवतार धर्म की स्थापना व अधर्म के नाश के लिए हुआ था। उन्होंने रामजन्म के प्रसंग को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया और आयोजन स्थल पर भक्ति, आस्था व उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान करते रहे। आयोजन समिति व ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। आगामी दिनों में भी कथा के विभिन्न प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। इसके लिए क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। इस दौरान समर बहादुर सिंह, तुषार सिंह, मनोज, ध्रुव शुक्ला, हरिश्चंद्र यादव, दीपेंद्र यादव, सहजराम, रोहित कुशवाहा, सुनील शर्मा, रूप राज, पप्पू चौरसिया आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कथावाचक आदित्य द्विवेदी।

### मलहटी देवी मंदिर में आज होगा हवन पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव चहलहा स्थित मां मलहटी देवी मंदिर में बुधवार को विशाल परम्परागत मेले का आयोजन होगा। शाम को यज्ञ, हवन व पूजन के बाद रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। मेले में दूर-दूर से श्रृद्धालु आते हैं और मां मलहटी जी के दर्शन कर खुद को कृतार्थ करते हैं। यह मेला हरवर्ष चैत्र मास की सप्तमी को होता है। मेला समिति संरक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से यज्ञ, हवन, पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। आने वाले श्रृद्धालु मां मलहटी जी के साथ बाबा गीधराज व बाबा मंगलेश्वर के भी दर्शन करते हैं।

### ट्रक की टक्कर से अधेड़ की गई जान

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र उन्नाव - हरदोई मार्ग पर बाबा ढाबा के पास मंगलवार रात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। हादसे की खबर पर सीएचसी पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मऊ गांव निवासी राजू तिवारी (50) सफीपुर कस्बा में एक दुकान पर काम करता था। मंगलवार को रात करीब 10 बजे वह बाइक से घर लौट रहा था। तभी बाबा ढाबा पास तेज रफ्तार ट्रक उसकी बाइक में टक्कर मारता हुआ भाग निकला। इसमें सड़क पर गिर कर राजू गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय अतहा प्रथम व उच्च प्राथमिक विद्यालय अतहा द्वारा संयुक्त रूप से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू कराया। इसमें बच्चों ने अनपढ़ बहु व स्वच्छता पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। बच्चों ने आध्यात्मिक नाटक के रूप में शिव तांडव पर प्रस्तुति दी। सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार दिये। पुरस्कार पाने वाले बच्चों में दीपा, दिव्यांशी, अभिजीत, लक्ष्मी, मनीषा, रामजी, आकाश, रिया, दिव्यांशु, सुनील, आरती, अजीत व निधि रहे। इस दौरान सत्य प्रकाश द्विवेदी, एआरपी बलवीर सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाओं में सुधीर शुक्ला, आरती सोलंकी, तबस्सुम फरहा, आभा, मधु तिवारी, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र, पूजा अग्निहोत्री, सुनीता शर्मा, नसरीन व अभिभावक उपस्थित रहे।



छात्रा को पुरस्कृत करतीं खंड शिक्षाधिकारी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को तत्काल किताब वितरण का दिया निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में मंगलवार को निपुण भारत की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि प्रेरणा पोर्टल पर प्रगति फीड करने के निर्देश दिए एबीएसए प्रतिदिन दो स्कूल का निरक्षण करने के निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि अटल विद्यालय में बच्चों की किताबें तत्काल सभी स्कूलों में वितरण करना सुनिश्चित करके 28 मार्च तक प्रमाण पत्र सभी बीएसए के माध्यम से रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

### रामनवमी पर 27 को बंद रहेगी कचहरी

**हरदोई, अमृत विचार।** रामनवमी के पर्व पर 27 मार्च को दीवानी कचहरी और संबंधित समस्त कार्यालय में अवकाश रहेगा। हाई कोर्ट ने 27 मार्च को रामनवमी का अवकाश घोषित किया है।जबकि इ सके पूर्व यह अवकाश 26 मार्च को घोषित किया गया था। अब 26 मार्च को दीवानी न्यायालय और समस्त संबंधित कार्यालय पूरी तरीके से खुलेंगे। वहीं इस बार महीने के चौथे शनिवार यानी 28 मार्च को भी दीवानी कचहरी और संबंधित समस्त कार्यालय खुलेंगे।

### बालिका से अश्लील हरकत में मिली कैद

**हरदोई, अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट मनमोहन सिंह ने बालिका के साथ अश्लील हरकतें करने के मामले में दोषी को 5 साल की कड़ी कैद और 5000 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। थाना शाहाबाद क्षेत्र के लोनी निवासी पुत्तन उर्फ बड़े भैया ने 22 दिसंबर 2016 को शाम 10 वर्षीया बालिका जो खेत में बथुआ बीन रही थी, उसे गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। घटना की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई थी।

# मां मंगला देवी सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना करतीं हैं पूरी

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** यहां पूरी होती है मनोकामना सांडी कस्बा स्थित मां मंगला देवी मंदिर में जिसने भी सच्चे मन से मनोकामना मांगी वह पूरी हो गई। लोग कहते हैं कि "तेरे दर ना कोई खाली हाथ गया, भर गई झोलियां उसकी जो भी तेरे दर पर आया। कस्बे के बस अड्डे तक आने के लिए परिवहन निगम की बसें व प्राइवेट बसें चल रही हैं तथा बस अड्डे से करीब आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित उक्त मंदिर तक जाने के लिए ई रिक्शा बड़ी संख्या में चल रहे हैं।

सांडी कस्बे के मां मंगला देवी मंदिर में करीब 500 वर्ष पूर्व कंकडों पर बनी देवी जी की मूर्ति की पूजा होने की जन चर्चा है जो कि प्राचीन है इसी मंदिर परिसर में मां फूलमती देवी का भी मंदिर है।



मां मंगला देवी का दरबार। अमृत विचार

मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने मंदिर की महत्ता का बखान करते हुए बताया कि यहां क्षेत्र में किसी की शादी होती है तो दूल्हा मां के चरणों में शीश नवाने आते हैं। बड़ी संख्या में बहू बेटियों की गोद भराई भी होती है, बच्चों का मुंडन संस्कार कराया जाता है। नवरात्र में विशेष पूजा अर्चना हवन आदि होता है तथा नवरात्र पर मां के जयकारों से गूंजता है तथा महिलाएं भजन कीर्तन मंदिर में करती हैं। नवरात्र पर सुबह से ही भीड़ भाड़ पूजा-अर्चना के लिए शुरू हो जाती है जिसके लिए बबला रस्तोगी व लाला गिरीशचंद्र गुप्ता द्वारा मंदिर की साफ-सफाई व प्रसाद आदि की व्यवस्था कराई जाती है तथा प्रसाद व फूल आदि के लिए परिसर मैं ही दुकानें लगवा कर भी व्यवस्था करा दी जाती है।

### मंदिर के पुजारी बोले



मंदिर के पुजारी गौरव तिवारी ने बताया कि चैत्र नवरात्र में यहां प्रतिदिन सुबह से पूजन हवन व प्रसाद चढ़ाने का कार्य श्रद्धालुओं द्वारा शुरू हो जाता है जो कि देर शाम तक चलता रहता है। सुबह-शाम आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। कई वर्षों से मंदिर परिसर में मां मंगला देवी दुर्गा पूजा समिति द्वारा चैत्र नवरात्र पर मंदिर में सुबह शाम आरती व प्रसाद वितरण किया जाता है, जो इस वर्ष भी जारी है।

### मंदिर के व्यवस्थापक ने कहा



मंदिर के व्यवस्थापक पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि जो जानकारी मिली है इससे 500 वर्ष पूर्व से कंकड़ पर बनी देवी जी की मूर्ति की पूजा अर्चना करने का सिलसिला चला आ रहा है करीब 200 वर्ष पूर्व से नई मां मंगला देवी की मूर्ति मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित कराई गई तथा वर्तमान में मंदिर की भव्यता देखने को श्रद्धालुओं को मिल रही है मंदिर के अंदर चारों ओर संगमरमर की चकाचौंध है। मंदिर का गेट भी वर्तमान में अभी 4 वर्ष पूर्व में माता रानी के भक्त अनिल गुप्ता द्वारा भव्य निर्माण कराया गया, वर्तमान में अधिक भव्य संगमरमर पत्थरों से आधुनिक कारीगरों द्वारा बनवाया गया, मंदिर के पीछे शारदीय नवरात्र मां दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए बहुत बड़ी फील्ड का निर्माण नगर पालिका द्वारा कराया गया था।

## माता कात्यायनी की पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

**हरदोई, अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के छठे दिन मंगलवार को भक्तों ने माता कात्यायनी से मुरादें मांगी। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। चैत्र नवरात्र पर मंगलवार को मां श्रवण देवी मंदिर, मां संतोषी माता मंदिर, बाबा तुरंत नाथ मंदिर, बाबा सिद्धनाथ मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, फूलमती मंदिर आदि में सुबह से ही मंदिरों में मां की पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों ने मंदिरों व घरों में मां कात्यायनी का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत देवी जी को फल, मिठाई आदि से भोग लगाया गया। भक्तों ने उपवास रख कर मां से मुरादें मांगी।



# जनशिकायतों का समयबद्ध हो निस्तारण

## सीडीओ ने ब्लाक हरियावां का किया निरीक्षण, ब्लॉक से बाहर जाने पर कर्मचारी दें सूचना

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद में विकास कार्यों की प्रगति एवं व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के क्रम में मंगलवार को सीडीओ सान्या छाबड़ा ने विकास खण्ड कार्यालय हरियावां का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम खण्ड विकास अधिकारी कक्ष, स्थापना पटल, शिकायत पटल एवं आवास पटल का अवलोकन किया गया। विभिन्न पटलों पर अभिलेखों एवं पत्रावलियों के रख-रखाव की स्थिति का निरीक्षण करते हुए उन्हें और अधिक सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने उपस्थिति पंजिका एवं भ्रमण पंजिका का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि ब्लॉक से बाहर जाने वाले प्रत्येक कर्मचारी का विवरण भ्रमण पंजिका में अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। साथ ही सेवा पुस्तिकाओं एवं जीपीएफ पासबुक का परीक्षण कर सभी प्रविष्टियों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए गए। जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों एवं प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एनआरएलएम के अंतर्गत राशन कार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने, विभिन्न कैडर के मानदेय भुगतान एवं समूह गठन, बैंक लिंकेज आदि पैरामीटर्स की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ब्लॉक परिसर में संचालित प्रेरणा कैंटीन को उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान डॉ. रत्नेश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी हरियावां, मो. आबिद अली, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), सर्वेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



कर्मचारी को निर्देश देतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा। अमृत विचार

### 90 दिवस का रोजगार देने में मिली लापरवाही

खंड विकास कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मनरेगा के अंतर्गत आवास लाभार्थियों को 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य की समीक्षा में प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 31 मार्च तक प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों को निर्धारित 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाए।



कोतवाली का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा।

## वार्षिक निरीक्षण कर एसपी ने परखी पुलिसिंग

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार कों पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शाहाबाद कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया और कोतवाली प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कोतवाली परिसर, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष,महिला हेल्प डेस्क, जनशिकायत रजिस्टर,मेस, बैरक, सीसीटीवी, हवालात, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि जन शिकायत रजिस्टर में शिकायत निस्तारण संबंधी पूर्ण विवरण दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों की निगरानी रजिस्टर का निरीक्षण किया और कमियों को जल्द दुरुस्त करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शास्त्र खाना में सरकारी शस्त्रों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार राय, सभी चौकी प्रभारी, हल्का इंचार्ज और पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# दुकान के बाहर खड़े दिहाड़ी श्रमिक पर नशे में धुत ड्राइवर ने चढ़ा दी बस, मौत

संवाददाता, हरदोई, मल्लावां

**अमृत विचार।** एक दुकान के बाहर खड़े दिहाड़ी मजदूर पर वहां से सवारियां लेकर गुजर रहे नशे में धुत ड्राइवर ने बस चढ़ा दी। इसमें श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया।

मल्लावां कोतवाली के सुमेरपुर निवासी 30 वर्षीय चिम्मन सिंह पुत्र महिपाल सिंह शुक्लापुर में छविनाथ सिंह यादव की सीमेंट-मौरंग की दुकान पर दिहाड़ी मज़दूर था और वहीं किराए पर रहता था। उसके भाई सोनू सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह चिम्मन सिंह दुकान के बाहर खड़ा था। उसी बीच मल्लावां से राघौपुर सवारियां ले जा रही बस के चालक ने उसे कुचल दिया। चिम्मन सिंह की वहीं पर मौत हो गई। हादसा होते देख पीछे दौड़ी भीड़ ने बस को मीननगर की मोड़ पर पकड़ लिया, उसका ड्राइवर नशे में था, जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



चिम्मन सिंह की फाइल फोटो।

### पुलिस पर आरोप

**हरदोई।** चिम्मन सिंह की हादसे में मौत होने से उसके घर वालों को गहरा सदमा पहुंचा है, भाई सोनू सिंह का कहना है कि हत्या करने के इरादे से जानबूझ कर बस चढ़ाई गई,उसने आगे आरोप लगाया है कि ड्राइवर को बचाने के लिए पुलिस उल्टे सुलह करने का दबाव बना रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत, बिसरा सुरक्षित

संवाददाता, हरदोई

- पति से मुकदमे के सिलसिले में बेटी को साथ लेकर कचहरी में किसी व्यक्ति से मिलने गई थी महिला
- कचहरी से ही बियर पार्टी में शामिल हुईं थी मां-बेटी
- मां ने फांसी लगाने की दी थी सूचना, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विषाक्त पदार्थ के सेवन से मौत की पुष्टि

**अमृत विचार।** मुकदमे के सिलसिले में मां-बेटी कचहरी गईं थी, पहुंच कर कहीं ऐसे ठिकाने पर पहुंची,जहां बियर पार्टी हुई,वहां से देर शाम को दोनो घर पहुंची,मां का कहना है कि घर पहुंचते ही बेटी ने फांसी लगा ली,उसे किसी तरह मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। इस बीच चौंकाने वाली बात है कि कोई अपना नहीं,बल्कि कुछ बाहरी लोगों ने उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया था। बियर पार्टी वाली बात खुद मां ने कही,लेकिन उसकी फांसी वाली बात झूठी निकली,क्यों कि पोस्टमार्टम में प्वाइ़़ज़निंग की तरफ इशारा करते हुए उसका बिसरा प्रज़र्व किया गया है,अब बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।



नेहा सोनी की फाइल फोटो।

शहर की शुगर मिल कॉलोनी निवासी गीता देवी ने बताया कि वह अपनी नेहा सोनी (20) को लेकर करीब पांच साल से पति से अलग रहती है। पति पप्पू चाय की दुकान करता है और कोतवाली देहात की कांशीराम कालोनी में रहता है। उसने पति पर गुजारे-भत्ते का मुकदमा कर रखा है। उसी सिलसिले में वह सोमवार की शाम बेटी के साथ व्यक्ति से मिलने के लिए कचहरी गई थी। गीता ने बताया कि जब वह कचहरी पहुंची तो वहां उस व्यक्ति के अलावा 4 लोग और भी मौजूद थे। वहां से सभी एक जगह जाकर बियर पार्टी की। जिसमें मां-बेटी भी शामिल हुईं।

मृतका की मां गीता के अनुसार बियर पार्टी में मौजूद एक व्यक्ति ने उसकी बेटी को अपने साथ हिमांचल प्रदेश ले जाने को कहा। बदले में 30 हज़ार देने को भी कहा। गीता के अनुसार बियर पार्टी से घर पहुंची बेटी नेहा ने बाथरूम में फांसी लगा ली। जानकारी होने पर नेहा को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। चौंकाने वाली बात है कि नेहा को कुछ बाहरी लोगों ने मेडिकल कालेज पहुंचाया था, जो बाद में लापता हो गए। गीता ने बेटी के फांसी लगाने की बात बताई थी, जबकि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्लाज़निंग से मौत होने की बात कही गई है।

### मां के बयानों व पीएम रिपोर्ट ने उलझाया

**हरदोई।** नेहा सोनी की मौत और उसकी मां की जुबानी काफी जुदा है। पहले तो मां गीता ने बेटी के फांसी लगाकर आत्महत्या की बात कही। पुलिस ने पंचनामे में उसकी बात लिखी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट मां की बात को झुठला दिया। उसमें मौत का सही-सही पता लगाने के लिए बिसरा प्रज़र्व किया गया है। उसकी रिपोर्ट के आने तक मौत की उलझी कहानी में पुलिस खुद उलझी हुई दिखाई पड़ रही है।



मुकुल सिंह आशा का स्वागत करते व्यापारी।

## भाजपा नेता का व्यापारियों ने किया स्वागत

**हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा की घोषित नवनियुक्त कमेटी में जिला सह कार्यालय मंत्री के रूप में नियुक्त मुकुल सिंह आशा का मंगली पुरवा, सैया पुरवा के व्यापारियों ने उनके आवास पर पहुंचकर बड़ी माला से स्वागत किया। व्यापारियों ने कहा कि मुकुल सिंह आशा श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के संस्थापक दिवंगत पत्रकार अखिलेश सिंह के सुपुत्र हैं। मुकुल सिंह आशा पूरे तरीके से अपने पिता के पद चिन्हों पर चल रहे हैं। इस मौके पर व्यापारी उमाकांत गुप्ता, संचित गुप्ता, दीपेश गुप्ता, शुभम सिंह, अरुण सिंह, पवन गुप्ता, अनिल राठौर, सुनील सैनी, अजय गुप्ता, नरेश सक्सेना, हिमांशु सैनी , सनी, धीरज कश्यप, चंदन राठौर, बंटी श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# प्रदेश को मिली विकास और सुशासन की नई दिशा

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बिलग्राम तहसील सभागार में 'नव निर्माण के 9 वर्ष'के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह 'आशू' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश भय, अव्यवस्था और पिछड़ेपन से जूझ रहा था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को विकास और सुशासन की नई दिशा मिली है। आज प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और महिलाएं स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं। विधायक ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए "वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टयोजना को स्थानीय रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने में मील का पत्थर बताया। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले अपराध और माफिया का बोलबाला था, वहीं आज पारदर्शिता और विकास का माहौल है। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी एन. राम, तहसीलदार यशवंत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर, माधौगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, नगर अध्यक्ष नीरज गुप्ता सहित तहसील क्षेत्र के प्रधान, लेखपाल, कानूनगो और बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया और सरकार की उपलब्धियों पर आधारित जानकारी साझा की गई।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते विधायक आशीष सिंह 'आशू'।

- योगी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने गिनाईं उपलब्धियां

# चुंगी के बाहर से होगा सभी बसों का संचालन : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने मंगलवार को स्वामी विवेकान्द सभागार में निजी बस आपरेटरों के साथ बैठक की। डीएम ने कहा कि सभी मार्गों पर चलने वाली बसों का रंग अलग-अलग होगा। नगर को जाम एवं अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए सभी बसों का संचालन चुंगी के बाहर से किया जायेगा। प्रत्येक बस पर बारकोड लगाया जायेगा तथा बस पर मालिक एवं चालक का नाम लिखा जायेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि 15 अप्रैल से बसों का संचालन नये बस स्टैंड से कराया जाये। बैठक में एसपी अशोक कुमार मीणा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, एआटीओ अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं बस आपरेटर आदि उपस्थित रहे।

### 87 शिकायतें सुनीं

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में मंगलवार को कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

**निपुण भारत मिशन** | ब्लाक संसाधन केंद्र पर हुई उन्मुखीकरण कार्यशाला, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा

# विद्यालय की तस्वीर बदलने में समाज की भूमिका अहम

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** ब्लॉक में 'निपुण भारत मिशन' को गति देने के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र पर किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व खंड शिक्षा अधिकारी सांडी डॉ सुनील कुमार ने दीप प्रज्जवलन व मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर प्रेमावती ने कहा कि विद्यालय की तस्वीर बदलने में समाज की भूमिका अहम हैं। प्रधानों को चाहिए कि सबसे पहले विद्यालय का कायाकल्प करें। विद्यालय ही गांव की असली तस्वीर प्रस्तुत करता है व विद्यालय को नई पीढ़ी का निर्माण स्थल मानना चाहिए। विशिष्ट अतिथि नगर पलिका अध्यक्ष ने ऑपरेशन कायाकल्प के जरिए स्कूलों को आधुनिक व उच्च स्तरीय सुविधाओं से लैस करने की अपील की। साथ ही समूह की भागीदारी व सहयोग की बात की। खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ सुनील कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक अभिभावक व समाज की भूमिका अहम है। विद्यालय और समुदाय के बीच मजबूत तालमेल से ही विद्यालय का विकास सम्भव है।



मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

उच्च प्राथमिक विद्यालय सांडी देहात के बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना व प्राथमिक विद्यालय बमटापुर खास के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर समां बाँधा। प्राथमिक विद्यालय गांधी के बच्चों की प्रस्तुति सराही गई। ब्लॉक प्रमुख ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा, यही नन्हे कदम भविष्य की नींव रख रहे हैं। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिका शाहीन अख्तर, अनुराधा शुक्ला, अपर्णा, राखी श्रीवास्तव, मीनू गुप्ता, रेनू सिंह, नीलम देवी, शुभा वर्मा, संतोष व सारिका के साथ राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा मे उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय औरेनी, सदुल्लापुर,मलवा अखवेलुर व कंपोजिट स्कूल सँगैचामऊ के बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संचालन अजीत शुक्ल व अनुराधा शुक्ला ने किया। एआरपी आदर्श अवस्थी ने आभार व्यक्त किया।

# हरदोई ब्लू की टीम 60 रनों से जीती

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** यूपीसीए ट्रायल मैच के अंतर्गत हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराए गए अंडर- 19 मैच जो कि मंगलवार को सीएसएन पीजी कॉलेज में खेला गया, जिसमें हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की चार टीमें बनाई गई। जिनका आपस में मैच कराया गया। हरदोई ब्लू की टीम ने पहले बल्लेबाजी की जिसमें उन्होंने निर्धारित 40 ओवरों में 195 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरदोई रेड टीम 135 रनों पर ढेर हो गई। हरदोई ब्लू की टीम ने मैच 60 रनों से जीत लिया।

मैच के दौरान हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा व कोषाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा मौके पर मौजूद रहे। मैच में निर्णायक की भूमिका अक्षय द्विवेदी व मो. इस्माइल ने निभाई। स्कोरिंग की भूमिका सोनेन्द्र त्रिपाठी ने निभाई। अगला मैच बुधवार सुबह 8 बजे शुरू होगा, जोकि अंदर-19 खिलाड़ी के बीच खेला जाएगा।



एक-दूसरे से परिचय प्राप्त करते खिलाड़ी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### आलोक प्रसाद बने अपर पुलिस अधीक्षक

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मंगलवार को क्षेत्राधिकारी लहरपुर आलोक प्रसाद को पदोन्नति मिलने पर उनके कंधे पर अशोक स्तंभ लगाकर शुभकामनाएं दीं। आलोक प्रसाद को क्षेत्राधिकारी से अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रोन्नत किया गया है। इस अवसर पर एएसपी उत्तरी और एएसपी दक्षिणी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और नवीन दायित्वों के सफल निर्वहन की कामना की।

### सात ग्राम पंचायतों में शुरू होंगे आधार सेवा केंद्र

**सीतापुर।** पंचायती राज विभाग द्वारा जिले की सात ग्राम पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत आधार सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. निरीश चन्द्र साहू ने बताया कि विकास खण्ड बेहटा की ग्राम पंचायत मुगलपुर, पहला की संसारपुर व शमशाबाद, पिसावाँ की बारामऊकलाँ, रामपुर मथुरा की करनापुर, सकरन की ताजपुर सलौली और सिधौली की गनेरा में आधार सेवा केंद्र संचालित होंगे। इन केंद्रों के लिए पंचायत सहायकों की ऑपरेटर आईडी सक्रिय कर दी गई है और कंप्यूटर सिस्टम भी अपग्रेड हो चुके हैं। आधार सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन और तकनीकी प्रशिक्षण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है, जिससे अब ग्रामीणों को गांव में ही आधार संबंधी सुविधाएं मिल सकेंगी।

### पिसावां थाने में यदुनाथेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा

**मिश्रिख।** पिसावां थाना परिसर में नवनिर्मित यदुनाथेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान और भव्य हवन-पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। आचार्य पवन बाजपेयी व अन्य विद्वानों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शिवलिंग सहित शिव परिवार, राम दरबार, मां दुर्गा, राधा-कृष्ण व बालाजी की मूर्तियां स्थापित की गईं। इस दौरान स्वर साधन म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुंदरकांड का पाठ और विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में विधायक शशांक त्रिवेदी, राजा बक्स सिंह, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश सिंह यादव सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### लहरपुर में भाजपा विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन

**लहरपुर।** विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन विधि-विधान और पूजा-पाठ के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजेश वर्मा ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए हर राज्य में कमल खिलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनेगी। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि सीतापुर की सभी 9 सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए कार्यकर्ताओं ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। इस दौरान निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।

### राम-लक्ष्मण ने किया ताड़का का वध

**मछरेहटा।** स्थानीय भारासेनी मंदिर परिसर में चल रही रामलीला में सोमवार को कलाकारों ने ऋषि विश्वामित्र द्वारा यज्ञ रक्षा के लिए राम-लक्ष्मण को मांगने और ताड़का वध के प्रसंग का मनोहारी मंचन किया। प्रसंग के अनुसार, ऋषि विश्वामित्र राक्षसों के आतंक से मुक्ति के लिए अयोध्या से राम-लक्ष्मण को अपने साथ वन ले जाते हैं, जहां श्रीराम ने एक ही बाण से ताड़का का वध किया। रास्ते में प्रभु ने चरण स्पर्श से शापग्रस्त अहिल्या का उद्धार भी किया। आयोजक संतोष शुक्ला ने बताया कि 25 मार्च को देवी जागरण और राम नवमी को हवन के साथ मेले का समापन होगा।

### पेड़ों में लगी आग दमकल ने पाया काबू

**इमलिया सुल्तानपुर।** इमलिया सुल्तानपुर कस्बे में घर के बाहर लगे दो पुराने पेड़ में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल विभाग की मुस्तैदी से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। कस्बा निवासी सेवक राम के मुताबिक, उसके घर के बाहर नीम और बरगद के दो पुराने पेड़ लगे हैं। सुबह इन दोनों पेड़ों से आग की लपटें उठने लगी। दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। आग की चपेट में कोई जनहानि की सूचना नहीं है।

# 124 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, प्रधान सम्मानित

## 'स्वर्ण' पदक से नवाजी गई ग्राम पंचायत 'निलौआ', ग्राम प्रधानों ने अधिकारियों से साझा किये अनुभव

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर खैराबाद के भूमिजा हॉल में आयोजित समारोह में जिले की 124 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री ने प्रधानों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने बताया कि मानकों के आधार पर ग्राम पंचायतों को तीन श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया है। प्रथम श्रेणी में स्वर्ण लगातार तीसरी बार टीबी मुक्त होने पर ग्राम पंचायत निलौआ को गांधी जी की स्वर्ण प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय श्रेणी में रजत लगातार दूसरी बार टीबी मुक्त रहने वाली आठ पंचायतों को रजत पदक मिला। तृतीय श्रेणी में कांस्य प्रथम वर्ष टीबी मुक्त घोषित होने वाली 115 पंचायतों को कांस्य पदक से नवाजा गया।



किट देते नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु। अमृत विचार



महिला प्रधान को गांधी प्रतिमा देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि और सीएमओ।

### सौ दिवसीय विशेष अभियान का आगाज

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त घोषित होने के लिए प्रति एक हजार जनसंख्या पर एक से कम मरीज होने का कड़ा मानक रखा गया है। उधर, राज्यमंत्री ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रधानों को ग्रामीणों से निरंतर संवाद स्थापित करने के लिए कहा।

### जांच के लिए चलेंगी मोबाइल वैन

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज कुमार देशमुख ने बताया कि अभियान के तहत जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी शामिल किया गया है। वर्तमान में जिले के पास 24 एक्सरे मशीनें, 4 हैंड हेल्ड एक्सरे मशीनें और 27 ट्रूनॉट मशीनें उपलब्ध हैं। इसी कड़ी में 4 मोबाइल वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बताया कि गांव-गांव जाकर संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग और एक्सरे करेंगी।

### हत्या के दोषियों को उम्रकैद जानलेवा हमले में 10 वर्ष की सजा

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत सीतापुर पुलिस को सफलता मिली है। न्यायालय ने दो अलग-अलग आपराधिक मामलों में कुल तीन दोषियों को कठोर सजा सुनाई है।



पहला मामला थाना बिसवां के अंतर्गत वर्ष 2014 में हुई एक दंपत्ति की निर्मम हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी न्यू ने दोषी भागीरथ और उसकी पत्नी तारा देवी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही दोनों पर 15-15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। दूसरा मामला थाना संदना क्षेत्र में वर्ष 2017 में जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट नंबर एक ने दोषी रामू को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 21 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी है।



होली मिलन समारोह के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि कारागार मंत्री व अन्य।

### थानगांव में होली मिलन समारोह आयोजित

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** थानगांव के मानपुर गांव में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने ब्लॉक मुख्यालय रेउसा में राजकीय डिग्री कॉलेज और क्षेत्र में राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना के लिए मंत्री को मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने मांग पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। समारोह में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा और क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने भी शिरकत की। अतिथियों का स्वागत ब्लॉक प्रमुख मंजू चौहान ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# लक्ष्य प्राप्ति में ढिलाई पर बिफरे जिलाधिकारी

सीतापुर कार्यालय।

**संपूर्णता अभियान 2.0**

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 'संपूर्णता अभियान 2.0' के तहत आकांक्षात्मक विकास खंड बिसवां की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुल 40 इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा के दौरान डीएम ने कड़ा रुख अपनाया।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और पोषण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लक्ष्य के सापेक्ष कम उपलब्धि पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन इंडिकेटर्स में प्रगति धीमी है, उनमें तत्काल सुधार कर समयसीमा के भीतर संतृप्ति सुनिश्चित की जाए। डेटा फीडिंग में देरी और त्रुटियों पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि गलत डेटा पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। निर्देश दिए कि प्रत्येक इंडिकेटर के लिए विभागवार नोडल अधिकारी नामित हों।

फील्ड विजिट अनिवार्य कर लाभार्थियों से सीधा संवाद किया जाए। टीकाकरण और कुपोषण निवारण पर विशेष जोर दिया जाए। डीएम ने कहा कि बिसवां ब्लॉक को उत्कृष्ट श्रेणी में लाना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मंझिया में निर्विरोध कोटेदार चुनी गईं गुड़िया

**महमूदाबाद।** विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत मंझिया में लंबे समय से रिक्त चल रही सस्ते गल्ले की दुकान के लिए चयन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। इस प्रक्रिया में गुड़िया देवी को सर्वसम्मति से निर्विरोध कोटेदार चुना गया है। नामांकन प्रक्रिया एडीओ पंचायत दिनेश कुमार मिश्रा और ग्राम पंचायत सचिव शिवकुमार कश्यप की निगरानी में पूरी हुई। निर्धारित समय सीमा के भीतर केवल गुड़िया देवी ने ही अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। किसी अन्य प्रत्याशी के मैदान में न होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान रणविजय सिंह, पंचायत सहायक अनुज कुमार वर्मा, रोजगार सेवक सितारा देवी व पुलिस टीम मौजूद रही।

### अवैध प्लॉटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर


प्लाटिंग को ढहाता बुलडोजर।

**नैमिषारण्य / औरंगाबाद।** मिश्रिख के नैमिषारण्य में ठाकुर नगर में तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मानक विहीन अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। तहसीलदार मिश्रिख अजीत जायसवाल के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माणों को ढहा दिया। प्रशासन के अनुसार, राजस्व विभाग को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि नैमिषारण्य क्षेत्र में बिना नक्शा और लेआउट पास कराए अवैध रूप से जमीनों की बिक्री की जा रही है। तहसीलदार व नायब तहसीलदार अजय कुमार की मौजूदगी में टीम मौके पर पहुंची और अवैध प्लॉटिंग को जमींदोज कर दिया। तहसीलदार ने सख्त चेतावनी दी है कि बिना अनुमति भूमि विक्रय करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान लेखपाल व पुलिस बल मौजूद रहा।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

बिसवां, सीतापुर।

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया।

समारोह को संबोधित करते हुए राजेश वर्मा ने कहा कि नया भवन न्यायिक कार्यों को अधिक व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक निर्मल वर्मा ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता देने की बात दोहराते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने की तथा संचालन आर.एन. सिंह ने किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मौके पर एसडीएम शिखा शुक्ला, सीओ अमन सिंह, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश नारायण गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने नए भवन को न्याय व्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम बताया। अंत में अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष। अमृत विचार

# मौसम का स्वास्थ्य शिविर पर असर, पहुंचे 182 मरीज


चिकित्सा शिविर में प्राथमिक उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** उप स्वास्थ्य केंद्रों पर लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में बारिश और प्रतिकूल मौसम के चलते मरीजों की संख्या सामान्य से कम रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले पांच केंद्रों पर कुल 182 मरीजों ने ही अपना पंजीकरण कराया। केंद्रवार मरीजों की संख्या रही जिसमें बिलरिया में डॉ. आदित्य सिंह ने 36 मरीज मरीज देखे, ढखेरा में डॉ. तलत जहां ने 27 मरीज, अकेचनपुर फरीदपुर में डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद ने 29, खैरुल्लापुर में डॉ. रवि वर्मा ने 48, अकबरपुर में डॉ. अख्तर ने 42 देखे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि मेलों में अधिकतर मरीज वायरल फीवर, जुकाम से संबंधित पहुंच रहे हैं।




### मेधावियों को देख खिले अभिभावकों के चेहरे

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल हिन्दी माध्यम का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिराज अहमद एवं विद्यालय प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा 'बबुआ' द्वारा मां सरस्वती के पूजन से किया गया। प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा व मुख्य अतिथि सिराज अहमद ने कहा कि समाज में शिक्षित व्यक्ति ही सम्मान पाता है, जिसमें माता-पिता की भूमिका अहम है। परीक्षाफल में चित्रा श्रीवास्तव कक्षा नर्सरी-प्रथम वर्ग, काशिफ हुसैन कक्षा 2-5 वर्ग और खदीजा अंसारी कक्षा 6-8 वर्ग ने अपने-अपने वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त अब्दुल्ला अफरोज, आलमीन, अनामिका अकबर, अल्फिशा बानो, नवीला, मिदहत, अशरा बानो और ईशू मौर्य ने अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य विवेक सिन्हा ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर सहप्रबंधक आनंद कुमार खत्री, उपप्रधानाचार्य शीबा खान, रामकुमार कश्यप सहित शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे। संचालन शिक्षिका उसबा खान ने किया।

# निरीक्षण में बंदियों से संवाद, सेहत परखी

**जिला कारागार का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने किया निरीक्षण**

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश आशीष जैन के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान ने जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला बैरक, पाकशाला और बच्चा बैरक का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने महिला बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों और अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी ली। पाकशाला में भोजन रोस्टर के अनुसार और साफ-सुथरा पाया गया।

जेल लाइब्रेरी के निरीक्षण में बताया गया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा तैनात शिक्षक बंदियों को निःशुल्क शिक्षित कर रहे हैं। इसके अलावा, सचिव ने 18 वर्ष से कम आयु के बंदियों के सत्यापन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत समीक्षा की। जेल लीगल एड क्लीनिक के निरीक्षण में उन्होंने बंदियों के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थिति जांची और कानूनी जागरूकता की जानकारी दी। इस दौरान जेल अधीक्षिका प्रीती यादव व बृजेन्द्र कुमार अवस्थी उपस्थित रहे।


कारागार का निरीक्षण कर निकलते सचिव। अमृत विचार

# लटका मिला विवाहिता का शव, परिजनों का हंगामा

- मछरेहटा थानाक्षेत्र के बहोरनपुर गांव का है मामला

**संवाददाता, मछरेहटा।** इलाके के बहोरनपुर गांव में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर मामले में छानबीन शुरू की। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित किये जाने का आरोप लगाया है।

रामकोट थानाक्षेत्र के रस्यौरा निवासी संतोष के मुताबिक, उनकी पुत्री निमिषा उर्फ मुस्कान का विवाह तीन वर्ष पूर्व मछरेहटा थानाक्षेत्र के बहोरनपुर गांव वासी अतुल पुत्र रामगोपाल के साथ हुआ था। निमिषा के बाबा छोटेलाल फौजी का आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर निमिषा को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। दावा करते हुए कहा कि उसकी पुत्री की योजनाबद्ध तरीके से हत्या कर दी गई। उधर, सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार विवेक तिवारी और सीओ मिश्रिख विशाल गुप्ता की उपस्थिति में थानाध्यक्ष मछरेहटा प्रभात कुमार गुप्ता द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। एसओ का कहना है शव मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### बारिश से सड़क धंसी आवागमन बाधित

**रामपुर मथुरा।** विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र में छतौनी में बारिश के चलते पठाननपुरवा मार्ग का एक हिस्सा करीब डेढ़ फीट चौड़ा और पांच फीट गहरा धंस गया। यह मार्ग पठाननपुरवा को मुख्य हाईवे बांसुरा घाट से चंदौली घाट रोड से जोड़ता है। सड़क धंसने वाली जगह पर जल निकासी के लिए पुलिया और पाइप डाले गए थे, जिसके पास का हिस्सा अचानक बैठ गया। इस मार्ग से प्रतिदिन करीब पांच सौ से अधिक लोगों की आवाजाही होती है, जो अब पूरी तरह ठप हो गई है। स्थानीय निवासी गोलू, चांद, हारिश ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि पुलिया की जल्द मरम्मत कराई जाए ताकि ग्रामीणों का संपर्क मुख्य मार्ग से दोबारा जुड़ सके।



सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते विधायक। अमृत विचार

### विधायक ने बच्चों संग ली सेल्फी, बांटे उपहार

**संवाददाता, महोली।** विधायक शशांक त्रिवेदी ने तहसील कार्यालय के बाहर नगर पंचायत द्वारा निर्मित भव्य 'सेल्फी प्वाइंट' का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ सेल्फी खिंचवाई और उन्हें उपहार भेंट कर प्रोत्साहित किया। विधायक ने इसे ईओ रामकृष्ण वर्मा की विकासवादी सोच का परिणाम बताया। उन्होंने शक्ति लर्निंग टेंपल स्कूल की छात्रा अनवी, अनुष्का, अंजली, काव्या, आराध्या, ऐलिश, अंशिका और रागिनी को उपहार दिए। इस अवसर पर एसडीएम देवेंद्र कुमार मिश्रा, ईओ रामकृष्ण वर्मा, चेयरमैन केतुका देवी, दिनेश गुप्ता 'टीटू' और बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरिकरन नाथ दीक्षित सहित अन्य मौजूद रहे।

### परिषदीय विद्यालयों में नवारम्भ उत्सव आज

**सीतापुर।** समस्त प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में स्थित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों व बालवाटिकाओं में नवारम्भ उत्सव का आयोजन किया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों का नामांकन बढ़ाना और उन्हें औपचारिक शिक्षा से जोड़ना है। कार्यक्रम के तहत 3-4 वर्ष के बच्चों का बालवाटिका में प्रवेश कराया जाएगा, जबकि 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का कक्षा-1 में नामांकन सुनिश्चित होगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय को आयोजन के लिए 3 हजार रुपये का बजट आवंटित किया है, जिससे बच्चों के लिए जलपान, स्टेशनरी और शिक्षण सामग्री की व्यवस्था की जाएगी।

### अचिन के जन्मदिन पर युवाओं ने किया रक्तदान

**सीतापुर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व खत्री सभा के अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा का जन्मदिन पर समर्थकों ने सेवा कार्यों के साथ मनाया। अचिन मेहरोत्रा व भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। इसके पश्चात समर्थकों ने चुंगी चौकी स्थित गौशाला में गायों को फल व सब्जियां खिलाईं। सेवा का यह क्रम खैराबाद स्थित कुष्ठ आश्रम भी पहुंचा, जहां जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, राशन व बच्चों को खिलौने वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय मिश्रा, दिपिल अरोड़ा, जितेंद्र मेहरोत्रा, उत्तम पांडे, प्रतीक सक्सेना, दारा सिंह यादव, आलोक वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हुआ केशरीगंज

**लहरपुर।** क्षेत्र के ग्राम केशरीगंज स्थित देवी मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जय माता दी युवा जागरण समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कथा में नैमिष धाम से पधारे कथा व्यास पंडित वीरेंद्राचार्य महाराज ने कृष्ण जन्म का सजीव वर्णन किया। जैसे ही भगवान के प्राकट्य का प्रसंग शुरू हुआ, पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर झूमने लगे। कथा व्यास ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब धर्म की स्थापना के लिए प्रभु अवतार लेते हैं। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि यह मानव शरीर सत्कर्मों के लिए मिला है, इसे मोह-माया में व्यर्थ न गंवाकर ईश्वर के ध्यान में लगाएं। इस अवसर पर विपिन गुप्ता, विशाल शुक्ला, विकास शुक्ला, रंजीत वर्मा, हिमांशु, शिवम, कन्हैया, गोविंद तिवारी, राहुल, अनूप निगम, शंभू दयाल व रामकिंकर शर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### शहीदों के सपनों को साकार करेंगे जागरूक युवा

**सीतापुर।** शहीद दिवस के अवसर पर समता युवा मंच द्वारा 'शहीदों का सपना : जागरूक युवा' विषय पर सम्मेलन एवं संकल्प रैली का आयोजन किया गया। हरदोई चुंगी स्थित श्याम गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ऋचा सिंह, मुकेश भार्गव व अन्य साथियों ने भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता जेएनयू शोधार्थी अमितांशु ने भगत सिंह के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और क्रांतिकारी विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शहीदों का सपना अन्याय व शोषण मुक्त समाज बनाना था। इस दौरान संगठन की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और आगामी वर्ष के लिए जिला स्तरीय टीम का चयन भी हुआ। सम्मेलन के पश्चात हरदोई चुंगी से शहीद स्मारक तक भव्य संकल्प रैली निकाली गई। गूंजते इंकलाबी नारों के बीच युवाओं ने नशा मुक्ति, सामाजिक समानता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रामजीवन, रोहित, लक्ष्मी, नीतू सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### हिंदू जागरण मंच ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बिसवां।** शहीद दिवस के अवसर पर कस्बे के मोहल्ला जोशी टोला में हिंदू जागरण मंच द्वारा देश के अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दीपदान कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक शिवांशु पांडे 'रोहित' ने युवाओं से शहीदों के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान जिला सहसंयोजक सौरभ जोशी, सुधांशु मिश्रा, विभव अवस्थी, ऋषभ अवस्थी, बबलू अवस्थी, दीपक दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



न्यूज ब्रीफ

## छात्राओं ने की पक्की सड़क की मांग

**रायबरेली :** विकास खंड दीनशाह गौरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेल्खा स्थित राजकीय बालिका विद्यालय गुरगुजपुर तक जाने वाला मुख्य मार्ग बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। रायबरेली-उत्तरपारा मार्ग के भेलाई तिराहे से लगभग 2 किलोमीटर लंबा यह रास्ता लंबे समय से जर्जर पड़ा हुआ है, जिससे छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से भेलाई, लाला का पुरवा, माएमऊ, पूरे सूबेदार, पूरे अवस्थी समेत दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। सड़क खराब होने के कारण लोगों को खासतौर पर बरसात के मौसम में कीचड़, गड्ढों और जलभराव से जूझना पड़ता है, जिससे रास्ता पूरी तरह दुर्गम हो जाता है। विद्यालय जाने वाली छात्राओं को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार फिसलकर गिरने और छोटे-बड़े हादसों की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक व प्रशासन से इस मार्ग को पक्का कराए जाने की मांग की है।

## शहीद लाखन सिंह के नाम बस सेवा शुरू करने की मांग

**रायबरेली :** विधानसभा क्षेत्र ऊंचाहार के ग्रामीणों ने विधायक से प्रार्थना पत्र देकर क्षेत्र के वीर शहीद सूबेदार लाखन सिंह की स्मृति में उनके नाम पर बस सेवा प्रारम्भ किए जाने की मांग उठाई है। ग्राम टीकर अगाचीपुर के निवासी शहीद लाखन सिंह भारत-श्रीलंका युद्ध के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके बलिदान को क्षेत्रवासी आज भी गर्व और श्रद्धा के साथ याद करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शहीद के सम्मान में यदि उनके नाम पर बस सेवा शुरू की जाती है, तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ग्रामीणों ने बस का रूट टीकर अगाचीपुर से बेहीखोर, पूरे सरदार सिंह, पूरे चौहान होते हुए रायबरेली तक रखने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे टीकर अगाचीपुर, बेहीखोर, पूरे बल्लू, लायक सिंह पुरवा सहित कई गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने विधायक से जनहित के लिए बस सेवा शुरू कराने की मांग की है।

# लापरवाह एनटीपीसी चौकी इंचार्ज पर गिरी गाज

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** विवादित कार्यशैली और बेलगाम पुलिसिंग के लिए बदनाम एनटीपीसी चौकी इंचार्ज के विरुद्ध आखिरकार कार्रवाई हो गई। पुलिस अधीक्षक रवि कुमान ने उन्हें लाइन हाजिर करने के साथ उनके विरुद्ध विभागीय जांच का आदेश भी दिया है।

ऊंचाहार कोतवाली की एनटीपीसी चौकी प्रभारी रहे वागीश मिश्र काफी विवादित थे। उनकी कार्यशैली को लेकर अरसे से शिकायतें मिल रही थी। पुलिस कार्रवाई के दौरान बेलगाम होकर काम करते थे। धीरे-धीरे यह शिकायतें पुलिस के आला अफसरों तक पहुंची तो पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने उन्हें लापरवाही के कारण तत्काल लाइन हाजिर कर दिया। यही नहीं उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी एसपी के दिए है, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

# सड़क जाम और पुलिस से धक्का-मुक्की करने में 23 नामजद

जगतपुर (रायबरेली)

कार्रवाई

- जगतपुर-डलमऊ मार्ग पर शव रखकर सड़क जाम करने का मामला, 100-150 अज्ञात पर दर्ज की गई एफआईआर

**अमृत विचार।** डलमऊ मार्ग पर शव रखकर जाम करने और पुलिस से धक्कामुक्की के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। स्थानीय पुलिस ने 23 लोगों को नामजद करते हुए 100-150 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने नामजद आरोपियों की तलाश में छापेमारी करनी शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि ग्राम छिछौरा मजरे अलावलपुर निवासी 55 वर्षीय सुरेश कुमार की 20 मार्च को अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। परिजनों द्वारा पहले सीएचसी जगतपुर ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद शव को घर लाया गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन परिजनों व ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि भीड़ ने पुलिस की बात न मानते हुए अभद्रता की और शव को लेकर जगतपुर-डलमऊ मार्ग स्थित विश्वनाथगंज तिराहे पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिया। बाद में काफी प्रयास के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। पुलिस के मुताबिक 21 मार्च को पोस्टमार्टम हाउस पर भी कुछ लोगों ने पुलिस से अभद्रता की और मुख्य मार्ग पर शव रखकर धरना देने की धमकी दी थी।

**इन पर दर्ज हुआ मुकदमा:** पुलिस ने नीरज निर्मल, सर्वेश पटेल, शिवबचन, सोहनलाल सहित 23 नामजद व्यक्तियों के खिलाफ और 100-150 अज्ञात पुरुषों व महिलाओं के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। सभी पर कानून व्यवस्था बाधित करने, सड़क जाम करने, सरकारी कार्य में बाधा व अभद्रता करने का आरोप है।

## हादसे के मामले में कार चालक पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज (रायबरेली)।** कंसपुर मजरे अचली गांव निवासी शेर बहादुर ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम उसका भतीजा विशाल सिंह अपने साथी राजेंद्र कुमार के साथ महराजगंज बाजार से वापस घर लौट रहा था। तभी पाली गांव के आगे हलोर की तरफ से महराजगंज को आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से रेफर होने पर एम्स में भर्ती कराया गया। कोतवाल जगदीश ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

▶ नेशनल हाईवे पर मधुकरपुर के पास हुआ हादसा, सड़क पर खड़ी महिला गंभीर रूप से घायल

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर मधुकरपुर के पास डंपर की टक्कर लगने से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। वहीं सड़क पर खड़ी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दुर्घटना करने वाले डंपर की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मधुकरपुर गांव निवासी देवा रैदास पुत्र संतोष कुमार मंगलवार सुबह ई रिक्शा से सब्जी लादकर मंडी लालगंज आ रहा था। तभी तेज रफ्तार डंपर के चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे देवा और सड़क पर खड़ी सुनीता देवी पत्नी रोहित गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर देवा की मौत हो गई। देवा की मौत से मां शशि कला और भाई आशीष का रो रोकर बुरा हाल है। लालगंज प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**अज्ञात कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर, बछरावां:** लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ओवरब्रिज पर चढ़ते समय एक बाइक सवार को अज्ञात कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अंकित सोनी पुत्र रामदेव सोनी निवासी तमनपुर अपनी बाइक से बछरावां से घर लौट रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया।

वहीं आसपास मौजूद लोगों के द्वारा कार का नंबर नोट करते हुए तत्काल घटना की सूचना 112 पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल को सीएचसी बछरावां पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**ओवरलोडिंग पर चार वाहनों का चालान, रायबरेली:** डीएम हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अन्य जनपदों से आने वाले डंपरो की खनन टास्क फोर्स की टीम ने छापेमारी करते हुए चार वाहनों का चालान किया है। इससे वाहन चालकों में हड़कंप मचा है। टीम में शामिल उपजिलाधिकारी डलमऊ सतेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी और खनन अधिकारी सुरेश की संयुक्त टीम द्वारा डलमऊ-लालगंज मार्ग में अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया गया। जांच अभियान के तहत चार वाहनों का ऑनलाइन चालान करते हुए एक लाख 46 हजार का जुर्माना जमा कराया है।

## बाइकों की भिड़ंत में 4 लोग घायल


सीएचसी में घायल को लेकर जाते परिजन। अमृत विचार

**महराजगंज, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जियापुर गांव मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें टूक गांव निवासी बीडीसी सदस्य और उनकी पत्नी समेत चार लोग घायल। पति-पत्नी गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे टूक गांव निवासी बीडीसी सदस्य रामचंद्र पुत्र फत्ते और उनकी पत्नी राधा बरवलिया गांव से वापस आ रहे थे। हैदरगढ़ मार्ग पर स्थित जियापुर गांव के पास पहुंचे तभी महराजगंज की तरफ से हरचंदपुर बाला निवासी काली प्रसाद की बाइक से टक्कर हो गई। घटना में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने राम चंद्र व उनकी पत्नी राधा की हालत बेहद नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉ. अनिल भारद्वाज ने बताया कि दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हुए हैं। पति-पत्नी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। कार्यवाही की जाएगी।

## थाना परिसर में चौकीदार की मौत से मचा हड़कंप


रामप्रकाश पासी की फाइल फोटो।

**खीरों (रायबरेली) अमृत विचार।** सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में थाना परिसर में चौकीदार की मौत हो गई। इससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह के मुताबिक चौकीदार काफी दिनों से गम्भीर बीमारी से पीड़ित था। मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। थाना क्षेत्र के अकोहरिया गांव निवासी रामप्रकाश पासी (60) पुत्र स्व. रामऔतार अपनी ग्राम पंचायत अकोहरिया में चौकीदार के पद पर तैनात थे। सोमवार की रात लगभग आठ बजे वह अपने बड़े बेटे सुजीत कुमार के साथ थाना खीरों पहुंचे। थाना परिसर में पहुंचते ही अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और वह गिर गए। आनन-फानन में सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां पहुंचते ही डॉ. प्रजेश श्रीवास्तव ने मृत घोषित कर दिया। मौत खबर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस घटना से मृतक की पत्नी चंदावती, पुत्र सुजीत कुमार, नवल कुमार, बेटी निशा, सीमा सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मंगलवार को शव का अन्तिम संस्कार कर दिया है।

## श्रीमद्भागवत कथा में भजनों से झूमा पंडाल


कथा कहते कथावाचक राजन जी महराज।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक के झकरासी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में भक्तों का भारी हुजूम देखने को मिला। अवधूता छतरपुर मध्य प्रदेश से आए कथा व्यास राजन जी महराज ने कृष्ण लीला के साथ भक्तों को पूतना वध का वर्णन किया। इसके साथ ही माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन, चीरहरण, गोवर्धन पूजा की कथा श्रवण कराई। कृष्ण लीला की कथा के साथ भोला भंडारी आया, मोहन तेरी गली में भजन सुनकर भक्तगण भाव विहोर हो उठे। उन्होंने कहा कि जगत को ना देखो जगदीश्वर को देखो, वंश को ना देखो वंशी वाले को देखो। जीवात्मा और परमात्मा का मिलन भक्त भगवान एक हो जाए तो उसे महारास लीला कहते हैं। इसे ही विजय लीला भी कहते हैं। भगवान शंकर भगवान बालकृष्ण जी का दर्शन करने आए, जिसमें भगवान शिव गोपी रूप बनाकर बालकृष्ण के दर्शन किए, तभी से गोपेश्वर महादेव के नाम से जान गए। भगवान कृष्ण ने भगवान इंद्र का अभिमान मिटाकर गोवर्धन की पूजा कराई। आयोजक यजमान कृष्णा चंद्रमणि शुक्ला ने बताया कि श्री हरि की कृपा से श्रीमद् भागवत कथा ईश्वर की प्रेरणा व माता पिता के आशिर्वाद से कराने का अवसर प्राप्त हुआ है। कथा शाम चार से रात्रि आठ बजे तक भक्तगण श्रवण करते हैं।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर किया गया जागरूक


महिला को किट प्रदान करते अधिकारी।

**रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज व दरियापुर में सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमबीबीएस इंटर्न्स द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य वार्ता के माध्यम से टीबी के लक्षण, रोकथाम एवं उपचार के बारे में संदेश दिया गया। एक टीबी चैंपियन ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रेरणादायक वक्तव्य दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. भोला नाथ ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जनसमुदाय से संवाद कर टीबी की शीघ्र पहचान, पूर्ण उपचार एवं पूर्ण स्वस्थ होने के महत्व पर बल दिया। प्रतिभागियों को पोषण किट वितरित करते हुए टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने की शपथ भी दिलाई। नोडल अधीकारी डॉ. नीरज पवार ने टीबी नियंत्रण में पोषण के महत्व पर विशेष जोर देते हुए सभी से टीबी जागरूकता एवं उन्मूलन प्रयासों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। पीजी रेजिडेंट्स डॉ. प्रज्ञा वर्मा एवं डॉ. शशांक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में दरियापुर गांव के ग्राम प्रधान, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ, आशा बहु, स्कूल शिक्षकों एवं समुदाय के लाभार्थियों की सहभागिता रही। इस मौके पर डॉ. मुकेश शुक्ला, डॉ. सौरभ पॉल मौजूद रहे।

## बीआरसी में संचारी कार्यशाला आयोजित


आयोजित कार्यशाला में मौजूद लोग।

**छतोह।** मंगलवार को बीआरसी में संचारी रोग से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मो. इरफान द्वारा समस्त प्रअ को जानकारी दी गई। बताया गया कि रोग वे बीमारियां हैं जो वायरस, बैक्टीरिया, कवक या परजीवी जैसे सूक्ष्मजीवों के कारण होती हैं और संक्रमित व्यक्ति, जानवर या दूषित पानी/भोजन के माध्यम से एक से दूसरे में फैलती हैं। इसके मुख्य उदाहरण डेंगू, मलेरिया, टीबी, फ्लू, और एचआईवी हैं। लक्षण में बुखार, खांसी और कमजोरी प्रमुख हैं। इस अवसर पर एआरपी रीता, अनिल कुमार शुक्ला, कृता सरोज, गीता सिंह, सलोनी लाल जायसवाल, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एक करोड़ 45 लाख रुपये से होगा विकास कार्य


बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** मंगलवार को स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय सभागार में ब्लॉक प्रमुख विभा सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। यहां पर क्षेत्र के विकास के लिए एक करोड़ 45 लाख का बजट स्वीकृत किया गया। विगत वित्तीय वर्ष में 96 लाख रुपये का विकास कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने निपुण भारत अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। कृषि विभाग की ओर से बताया गया कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है वह शीघ्र रजिस्ट्री करवा ले वरना एक जून से उन्हें खाद व बीज नहीं मिल पाएगा। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ने बताया कि 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोगों की रोक थाम के लिए दवा का छिड़काव कराया जाएगा। जल निगम के अवर अभियंता ने सदन को बताया कि क्षेत्र की 79 टंकियां में 26 ग्राम पंचायतो को जलापूर्ति शुरू कर दी गई है। शेष ग्राम पंचायत में भी शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख जयप्रकाश सिंह, सीडीपीओ संजय सिंह, सुशील सिंह, जितेंद्र सिंह, मनोज सिंह, बसंत सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव, कोहराम

**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के परसीपुर गांव में 20 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में चीख-पुकार मची हुई है और गांव में मातम का माहौल है। साहिल (20) पुत्र अमृतलाल का शव मंगलवार की सुबह घर के भीतर कमरे की छत में लगी धन्नी से दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ पाया गया। घटना के वक्त साहिल की मां गुड्डी देवी और बहन शालू खेतों पर गई हुई थीं, जबकि छोटा भाई आदित्य गांव में ही था। जब आदित्य घर के पीछे के रास्ते से अंदर दाखिल हुआ, तो उसने अपने भाई को फंदे से लटकते देख शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में साहिल को फंदे से उतारकर रोहनिया सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीएचसी रोहनिया के अधीक्षक डॉ. अनवर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक की मृत्यु हो चुकी थी।

# बेहतर अंक पर मेधावियों और अभिभावकों को किया सम्मानित


बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा पत्र वितरण समारोह में मौजूद अतिथिगण और शिक्षिकाएं। अमृत विचार

हरचंदपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा पत्र वितरित समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। साथ ही सभी कक्षाओं में बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के साथ-साथ चतुर्थ से दसवें स्थान तक लाने वाले मेधावी बच्चों और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय प्रबन्धक विनोद कुमार श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य एडवोकेट अनिल श्रीवास्तव, अध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव व उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित किया। प्रधानाचार्या सपना श्रीवास्तव, विशिष्ट सलाहकार विकास श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मंच का संचालन शिक्षिका माही दुबे ने किया।

आयोजन

प्रधानाचार्या ने गत सत्र 2025-26 की उपलब्धियों के साथ-साथ नवीन सत्र 2026-27 में बच्चों बच्चों के चौमुखी विकास के लिए बच्चों की शैक्षणिक व्यवस्था के बारे में बताया। कहा कि कई नए परिवर्तन के साथ विद्यालय में पांच नए हाल बनवाए गए हैं।इसी सत्र से 35 कंप्यूटर की कंप्यूटर लैब भी प्रारंभ होगी।

इस दौरान पीजी ए में आयत, आस्था शुक्ल, आरोही, पीजी बी में अक्षांश प्रताप, अविरल, ह्रदय नारायण, एलकेजी ए में रियंशी सिंह, तनिष्का, अयाची, एलकेजी बी में शिवाय, आयुषी सिंह, एलकेजी सी में अभि, अभ्युदय, आरोही, यूकेजी ए में आयशा बानो, जन्नत, प्रियल यादव, यूकेजी बी में अद्वित अवस्थी, अक्षत गुप्ता, सुयंश तिवारी, यूकेजी सी में आदित्य, वेद प्रताप, वैष्णवी साहू को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्या साजिया, मोनिका, स्नेह, सीता, सोनाली, प्रतिभा, नेहा, श्रद्धा, सुनैना, नीलू, पारुल शुक्ला, प्रिया, अंजलि, दीपा, सिम्मी, अभय कश्यप, मनीषा, पूजा सिंह, शिखा श्रीवास्तव, कुलदीप शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान में सरकार की उपलब्धियों पर की गई चर्चा


अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता।

**लालगंज, अमृत विचार।** गेगासो मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल महा प्रशिक्षण अभियान के उद्घाटन सत्र में पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने भाजपा की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। वहीं दूसरे सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास और विकास बहुत ही रोचक है। प्रशिक्षण अभियान के तृतीय सत्र में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने वैचारिक प्रतिष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। संचालन भाजपा नेता चंद्र प्रकाश पांडे व अध्यक्षता जगन्नाथ पांडे ने किया। इस मौके पर विजयपाल पासवान, नीरज पांडे, दल बहादुर सिंह, अभिषेक शुक्ला, मंतोष पांडे, विकेश द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह सुशील दीक्षित, अलका पांडे, सीपी शुक्ला, विनोद सिंह, अशोक यादव, शंकर साहू, बृजेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टीबी मुक्त पंचायत के प्रधानों को मिला सम्मान

**महराजगंज।** विश्व क्षय रोग दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएमओ स्थित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित समारोह में जिलेभर की टीबी उन्मूलन की दिशा में मिसाल कायम करने वाली ग्राम पंचायत के प्रधानों को रजत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए स्वास्थ्य सर्वे में महराजगंज विकास क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों अचली, अटरा और भटसरा में क्षय रोग का एक भी मामला सामने नहीं आया। इससे इन गांवों को 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' का दर्जा मिला है। समारोह के मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि टीबी मुक्त घोषित हुई पंचायतों के प्रधानों को उनके उत्कृष्ट सहयोग के लिए अचली की ग्राम प्रधान कलावती, अटरा के ग्राम प्रधान सुखनंदन और भटसरा के प्रधान राम मिलन प्रजापति को रजत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महराजगंज सीएचसी के अधीक्षक डॉ. गणनायक पाण्डेय ने इस सफलता पर खुशी जाहिरकी। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह, एसीएमओ डॉ. अरुण कुमार, डॉ. राकेश यादव, एसटीओ वरुण देव, डॉ. करूणा शंकर मिश्र, मनीष कुमार, अतुल और डॉ. केके सहित जिले के तमाम स्वास्थ्य कर्मी और दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

कार्यक्रम — सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर आयोजित मेले/प्रदर्शनी में लगाए गए स्टॉलों का जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने किया अवलोकन

# प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का गुणगान, बांटे गए प्रमाण पत्र



आयोजित कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार


कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आरडीए के सामुदायिक केंद्र, रतापुर में 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। साथ ही जिला समाज कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं में वृद्धा व्यवस्था पेंशन के 10, अनु. जाति व सामान्य वर्ग शादी अनुदान के 07 लाभार्थियों एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के 04 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि उप्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस 09 वर्ष में मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उप्र सरकार ने जनकल्याण के लिए अनेकों कार्य किये गये है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि आम जनमानस तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचे और लोग उन योजनाओं का लाभ उठा सके।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने समाज कल्याण विभाग की प्रमुख योजनाओं के बारे में जिसमें प्रमुख रूप से संचालित राष्ट्रीय वृद्धा व्यवस्था पेंशन योजना, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव, मुकेश श्रीवास्तव, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन राजीव कुमार सिंह, वंदना सिंह आदि उपस्थित रहे।

**भारत विकास परिषद के चुने नए पदाधिकारी, रायबरेली:** भारत विकास परिषद का नव संवत्सर कार्यक्रम अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि परिषद रायबरेली में सेवा, संस्कार और संपर्क के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है। प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेई ने परिषद द्वारा संचालित विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अमित कुमार रहे। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति का केंद्र रहा है। परिषद के प्रांतीय महासचिव शशिकांत सक्सेना ने शाखा के सदस्यों की सहमति से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराते हुए आगामी सत्र के लिए उमेश अग्रवाल को अध्यक्ष, प्रभात श्रीवास्तव को सचिव एवं विजय सिंह को कोषाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय सेवा संयोजक अम्बरीष अग्रवाल, विवेक सिंह, डॉ. आरबी श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, कमलेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. चम्पा श्रीवास्तव, डॉ. अमिता खुबेले, गजानन खुबेले, राजा राम मौर्य, अजय श्रीवास्तव आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

### दो पक्षों में हुई मारपीट चार घायल, चार आरोपी गिरफ्तार

**जगदीशपुर (अमेठी) :** कोतवाली क्षेत्र के पूरे गौहर गड़रियाडीह गांव में आपसी कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान दोनों ओर से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने से चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव निवासी मोहम्मद अतीक प्रधान ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के ही नफीस, मोवीन, मोईन आदि पुरानी रंजिश के चलते अक्सर उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करते थे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। इस संबंध में कोतवाल धीरेन्द्र यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद शहवाज, इसराक, जफीर और अलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल धीरेन्द्र यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### ब्लॉक की वार्षिक बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

**संग्रामपुर (अमेठी) :** विकास खंड संग्रामपुर में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की वार्षिक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख कल्लन देवी ने की। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई और आगामी विकास योजनाओं व बजट पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जॉब कार्ड, सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार सृजन पर भी चर्चा की गई। ग्राम स्तर पर सड़क, नाली, पेयजल, टीन शेड और प्रकाश व्यवस्था से संबंधित कई प्रस्ताव पारित किए गए। वहीं कुछ क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बैठक भत्ते को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि नियम के अनुसार वर्ष में दो बार बैठक और भत्ता मिलना चाहिए, लेकिन कई बार उन्हें भुगतान नहीं मिला। बैठक में बीडीओ आकांक्षा सिंह सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सिलेंडर की किल्लत से जनजीवन व कारोबार चौपट

## समस्या: आम जनता के साथ दुकान संचालकों, कॉलेज और अस्पतालों की कैंटीनों में भी दिखने लगा असर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद अमेठी में एलपीजी गैस सिलेंडर की भारी किल्लत ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। लोगों को रोजाना घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। यह समस्या पिछले 20 दिनों से बनी हुई है। सिलेंडर की कमी का असर अब छोटे व्यापारियों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। नगर पंचायत क्षेत्र में दर्जनों चाय-चाट और छोटे होटल संचालकों को अपनी दुकानें बंद करनी पड़ी हैं। इससे उनके सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

सिलेंडर नहीं मिलने से कॉलेज और अस्पतालों की कैंटीनों में भी हालात बिगड़ते जा रहे हैं। गैस न मिलने के कारण अब कई स्थानों पर लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाते हुए देखा जा रहा है। वहीं परेशान हॉस्टल और अस्पताल कैंटीन संचालकों का कहना है कि उन्हें पिछले 20 दिनों से गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इससे मरीजों और छात्रों के भोजन की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कुल मिलाकर एलपीजी सिलेंडर की कमी ने अमेठी की जनता को गहरी परेशानी में डाल दिया है।



इंदिरा गांधी आई अस्पताल की कैटीन में मरीजों के लिए भट्ठी पर तैयार होता भोजन।



संजय गांधी अस्पताल की कैटीन में भट्ठी पर भोजन बनाते कर्मचारी। अमृत विचार

बता दें कि छोटे व्यापारियों के लिए यह किल्लत एक बड़ी चुनौती बन गई है। दर्जनों चाय-चाट और छोटे होटल संचालकों की दुकानें बंद हो गई हैं। उनके सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। कॉलेज और अस्पताल कैंटीनों में भी भोजन बनाना मुश्किल हो गया है। कई जगहों पर लकड़ी के चूल्हे का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**घरेलू गैस के दुरुपयोग पर छापा, दो सिलेंडर जब्त:** अमेठी में घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध उपयोग पर पूर्ति विभाग ने सख्ती दिखाते हुए रामलीला मैदान क्षेत्र में छापेमारी की। पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार पांडे और शुभम चौधरी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान दो दुकानों पर घरेलू गैस का व्यावसायिक इस्तेमाल पाया गया। टीम ने मौके से दो घरेलू सिलेंडर जब्त कर लिए और संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जांच में बाराबंकी निवासी मोहम्मद इश्तियाक गुर्जर की कबाब-पराठा की दुकान तथा सरवनपुर निवासी गोविंद कुमार की टिकिया, चाट व फास्ट फूड की दुकान पर घरेलू गैस का उपयोग करते हुए पकड़ा गया।

### एजेंसियों पर लंबी कतारें और मायूसी

सबसे ज्यादा भीड़ प्रकाश गैस एजेंसी पर देखने को मिल रही है। यहां लोग सुबह से ही लाइन में लग जाते हैं। लेकिन गैस का लोड न आने के कारण उन्हें शाम को मायूस होकर लौटना पड़ता है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि जब उन्हें ही पर्याप्त सप्लाई नहीं मिल रही है। तो वे उपभोक्ताओं को वितरण कैसे करें। मजबूरी में उन्हें अपने मोबाइल फोन बंद करने पड़ रहे हैं।



सिलेंडर के लिए लाइन में लगे उपभोक्ता।

### ऑनलाइन बुकिंग भी ठप

हालात ऐसे हैं कि गैस की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था भी पूरी तरह से ठप हो गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि मिस्ड कॉल के जरिए बुकिंग करने पर बार-बार "24 घंटे बाद प्रयास करें" का संदेश मिल रहा है। गैस न मिलने से परेशान कृष्ण कुमार ने बताया कि वे पिछले 20 दिनों से लगातार कोशिश कर रहे हैं। लेकिन अब तक उनकी बुकिंग नहीं हो पाई है। ऐसे ही कई उपभोक्ताओं ने अपनी परेशानी साझा की है।

# कामाख्या भवानी दर्शन से लौट रहा ऑटो पलटा, नौ लोग घायल

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)



हादसे के बाद पलटा पड़ा ऑटो।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। फैजाबाद जिले में स्थित मां कामाख्या भवानी मंदिर में दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा महिन्द्रा ऑटो पूरे पितई गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक ही परिवार के नौ लोग घायल हो गए। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जहां चीख पुकार मच गई और आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को वाहन से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शुकुल बाजार अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया, जबकि दो घायलों की हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक सभी श्रद्धालु कामाख्या भवानी मंदिर में दर्शन करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान पूरे पितई गांव के पास अचानक सड़क पर बंदर आ जाने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और महिन्द्रा ऑटो पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग घायल हो गए। हादसे में उदयराज सिंह पुत्र मानसिंह, विंध्यवासिनी सिंह पत्नी उदयराज सिंह, सुनीता पत्नी शुभम सिंह, रीता सिंह पत्नी जगपाल सिंह, सरिता सिंह पत्नी मनोज सिंह, प्रीती सिंह पत्नी मोहन सिंह, मानसी सिंह पुत्री मोहन सिंह, आनंद सिंह पुत्र मोहन सिंह और श्रेया सिंह पुत्री मोहन सिंह घायल हो गए। इनमें विंध्यवासिनी सिंह और रीता सिंह को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायल प्राथमिक उपचार के बाद अपने निजी वाहन से घर चले गए। सभी घायल रायबरेली जनपद के थाना शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम कोडरा के निवासी बताए जा रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार अधिकांश घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

वहीं इस बारे में थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि श्रद्धालु दर्शन करके लौट रहे थे। पूरे पितई गांव के पास महिन्द्रा ऑटो पलटने से हादसा हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गए दो घायल रेफर है बाकी सभी इलाज के बाद घर वापस लौट गए हैं।

# झटका तार की चपेट में आने से युवक की मौत

जामो (अमेठी)

**अमृत विचार।** सोमवार कि रात साइकिल से घर जा रहे युवक की जानवरो से खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए गए झटका तारों की चपेट में आने से मौत हो गई। मंगलवार को सुबह ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक युवक शराब का आदी था और वह शराब पीकर बीती रात घर जा रहा था और नशे में वह झटका तारों के ऊपर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के सभई चौराहे का है जहां देसी शराब का ठेका स्थित है। बीती रात पास के ही गांव राम शाहपुर का रहने वाला सुनील महारा पुत्र लल्लन 45 वर्ष बीती रात साइकिल से अपने घर जा रहा था।अभी वह ठेके से 10 मीटर दूर पहुँचा ही था कि सड़क किनारे जानवरों से खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए गए झटका मशीन के तारों की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।अंधेरा होने के कारण शव रात भर घटनास्थल भारी पड़ा रहा। मंगलवार सुबह ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद डायल 112 और जामो पुलिस मौके पर पहुंची है और विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है।बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था और रोज शराब पीता था।बीती रात शराब पीकर अपने घर जा रहा था जहां वह शराब के नशे में अनियंत्रित होकर झटका तारों पर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।थाना अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करें

- निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर आयोजित बैठक में डीएम ने दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, अमेठी




बैठक करते डीएम एवं मौजूद संबंधित अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के अंतर्गत जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को अभियान चलाकर पकड़कर स्थानीय गौशालाओं में संरक्षित कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गौशालाओं में गोवंशों के लिए पर्याप्त चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छाया और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि बीमार गोवंशों की नियमित जांच और उपचार की व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न हो।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी गौशाला में गोवंश की मृत्यु होने पर उसका तत्काल और व्यवस्थित तरीके से निस्तारण किया जाए। मृत गोवंश को खुले में न छोड़ते हुए गड्ढा खुदवाकर उसका सुरक्षित निस्तारण कराया जाए। उन्होंने 50 से कम गोवंश क्षमता वाली गौशालाओं में अतिरिक्त गोवंशों को संरक्षित कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे शीघ्र पूरा कराने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर और डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### एनएसएस छात्रों में अनुशासन और मानवीय मूल्यों को स्थापित करता है : डॉ. मनोज शुक्ल



शिविर से पूर्व बच्चों को शपथ दिलाते प्राचार्य। अमृत विचार

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** क्षेत्र के सत्य साईं पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में मंगलवार से शुरू हुए राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में प्रथम दिन प्रतिभागियों को जिम्मेदारी का बोध कराया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज शुक्ल ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को न केवल समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग और जिम्मेदारी जैसी मानवीय मूल्यों की स्थापना करती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे ऐसी गतिविधियों से जुड़कर समाज के वंचित वर्गों की सेवा करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण कर भविष्य के लिए तराशने का काम करती है। संचालन अरुण कुमार मौर्य ने किया। इस मौके पर दिवाकर सिंह, दीनानाथ तिवारी, प्रमोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### हम टीबी को खत्म कर सकते हैं के संकल्प के साथ निकाली जागरूकता रैली




जागरूकता रैली में शामिल लोग। अमृत विचार

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) संग्रामपुर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व सीएचसी प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने किया।इस दौरान डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षयरोग दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष "हम टीबी को खत्म कर सकते हैं" थीम के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, पूर्ण उपचार और उचित देखभाल से क्षयरोग (टीबी) को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है।उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान एक सशक्त आह्वान है, जो यह विश्वास दिलाता है कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद हम टीबी के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल कर सकते हैं।रैली के माध्यम से लोगों को टीबी के लक्षण, जांच और इलाज के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर एआरओ संतोष यादव, लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र वर्मा, तीर्थराज यादव, गौरव पाण्डेय, शिवांस उपाध्याय, अभिषेक सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।रैली में शामिल लोगों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं और पूरा इलाज लें, ताकि इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके।

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा के जिला कार्यालय पर मंगलवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों के साथ जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित हु।, जिसमें आगामी पंचायत एवं विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से मिशन 2027 के तहत पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह 'चुन्नू' व पूर्व जिलाध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी ने अनुशासन और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि 91 सदस्यीय कार्यसमिति में 33 महिलाओं को स्थान दिया गया है, जबकि 23 स्थायी आमंत्रित सदस्य भी शामिल हैं।

### छात्रावास के लिए 7 खेलों में ट्रायल संपन्न

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश हेतु आयोजित ट्रायल के दूसरे दिन सात खेलों में प्रतिभा का चयन किया गया। इस दौरान जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन आयोजित ट्रायल में बालिका संवर्ग की खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन प्रक्रिया में अपनी दावेदारी पेश की। चयनित खिलाड़ियों की सूची मंडल स्तरीय ट्रायल से पूर्व खेल कार्यालय में चस्पा कर दी जाएगी, ताकि खिलाड़ी आगामी चरण की तैयारी कर सकें।

# स्कूटी रैली निकालकर महिला सुरक्षा का दिया संदेश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत मंगलवार को भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने जनपद मुख्यालय गौरीगंज से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्कूटी रैली कस्बा गौरीगंज के जामो तिराहे से प्रारंभ होकर हनुमान तिराहा, जीजीआईसी रोड, चौक बाजार, सब्जी मंडी, ओवर ब्रिज के नीचे से होते हुये थाना गौरीगंज पर आकर समाप्त हुई ।रैली के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया । रैली में यूपी-112 की गाड़ियां एवं जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केन्द्र की महिला पुलिसकर्मी द्वारा भाग लिया और आमजन, विशेषकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया। साथ ही साइबर अपराध से बचाव और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर चलाए जा रहे इस विशेष जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया गया।



स्कूटी रैली निकाल कर सुरक्षा संदेश देतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# बच्ची से छेड़खानी और अभद्रता करने का आरोपी गिरफ्तार

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला आया है। यहां एक समुदाय विशेष के अधेड़ पर 10 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने और विरोध करने पर उसके पिता के साथ मारपीट व जातिसूचक अपमान करने का गंभीर आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित की 10 वर्षीय पुत्री के साथ बीते सोमवार की शाम खेत के पास जानवरों के लिए चारा, पैरा लाने गई थी। आरोप है कि वहीं पर घात लगाकर बैठे गांव के ही लियाकत ने मासूम बच्ची को अकेला पाकर उसे रोक लिया। पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि आरोपी लियाकत ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया और किसी तरह वह भागकर घर पहुंची और मां को आपबीती सुनाई। वहीं थाना अध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि पीड़ित बच्ची के पिता के तहरीर पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।

कार्यक्रम | कक्षा 8 के बच्चों तथा उनके माता-पिता को बुलाकर किया गया सम्मानित

# दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल मुरारमऊ में मंगलवार को कक्षा 8 के चौथे बैच के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने कक्षा 8 के बच्चों तथा उनके माता-पिता को बुलाकर उन्हें सम्मानित किया। प्रबंधक सुशील कुमार ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। प्रधानाचार्या पूजा शुक्ला ने बच्चों के अनुशासन एवं अध्ययन की प्रशंसा की। इस अवसर पर शिक्षक सतीश, अमित, रामबली, खुशी सिंह ने भी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अमित, रिद्धिमा, आरती, लक्ष्मी, आकांक्षा तिवारी, खुशी सिंह, खुशी निर्मल, स्वीटी, सिमरन, पूनम, दिव्या, पूजा पाल, रीमा, साक्षी आदि लोग मौजूद रहे।




समारोह में सम्मानित किए गए बच्चे, मौजूद शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मोहा मन, जगतपुर:** कस्बा स्थित पीटीजेपीएस विद्यालय में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। नृत्य, समूहगान, नाटक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर गोविन्द महराज, सुरेश पांडे, कला पांडे, राकेश सिंह राना, एनपी सिंह आदि उपस्थित रहे।




वार्षिक समारोह में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### संग्रामपुर में जुआं खेलते दो दबोचे व दो लोग फरार

**संग्रामपुर (अमेठी)।** थाना संग्रामपुर पुलिस ने जुर्म रोकथाम अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते दो लोगों को मौके से दबोच लिया। पुलिस ने छापेमारी कर 52 अदद ताश के पत्ते और 1420 रुपये नकद बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों में राजेश उर्फ हवडू (45) निवासी नेवादा कनू और कृष्ण कुमार शर्मा (27) निवासी पूरे चरई शामिल हैं। दोनों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर पुलिस की दबिश पड़ते ही राहुल सोनी और धनन्जय सिंह उर्फ डब्बू सिंह भागने में सफल रहे। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक व उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अमृत विचार

बुधवार, 25 मार्च 2026






विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण के कारखाने हैं और अध्यापक उन्हें बनाने वाले कारीगर।
–रवींद्र नाथ टैगोर, साहित्यकार

## एकपक्षीय युद्धविराम

पश्चिम एशिया में जारी उथल-पुथल के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एकतरफा "पांच दिन के युद्ध विराम" की घोषणा कूटनीतिक पहल के अलावा कई स्तरों पर दबावों का परिणाम है। यह कदम उस समय आया है, जब इजराइल-ईरान तनाव अपने चरम पर है और वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति तथा सामरिक संतुलन सभी खतरे में हैं। ट्रंप के इस निर्णय के पीछे घरेलू राजनीतिक मजबूरियां साफ दिखाई देती हैं। अमेरिका में आगामी मिडटर्म चुनावों की आहट के बीच उनकी लोकप्रियता में गिरावट और संभावित महाअभियोग का खतरा उन्हें जोखिम लेने से रोक रहा है। रक्षा बजट, जो लगभग 19 लाख करोड़ रुपये के समकक्ष है, पर भी दबाव है। ऐसे में लंबा युद्ध अमेरिकी करदाताओं पर भारी पड़ सकता है, जिसे राजनीतिक रूप से उचित ठहराना कठिन होगा। दूसरी ओर इजराइल का ट्रंप के इस फैसले पर आश्चर्य जताना इस बात का संकेत है कि वाशिंगटन और तेल अवीव के बीच इस मुद्दे पर पूर्ण सहमति नहीं है। इजराइल, जो ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद रणनीतिक बढ़त मान रहा था, किसी भी जल्दबाजी में युद्धविराम को अपने हितों के विरुद्ध मान सकता है। अतः यह स्पष्ट है कि अमेरिका की प्राथमिकताएं अब केवल इजराइल की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि व्यापक वैश्विक और घरेलू समीकरणों से प्रभावित हैं। ट्रंप का अपने पूर्व आक्रामक बयानों से यू-टर्न लेना भी कई संकेत देता है। खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना के लगभग 40 प्रतिशत के प्रभावित होने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। ताइवान में चिप उत्पादन बाधित होने की आशंका ने एप्पल और एनवीडिया जैसी अमेरिकी कंपनियों के हितों को भी खतरे में डाल दिया है। यह आर्थिक दबाव किसी भी सैन्य महत्वाकांक्षा पर भारी पड़ता है। इसके अतिरिक्त, नाटो और अन्य पश्चिमी सहयोगियों का सीमित समर्थन अमेरिका को "अकेले पड़ने" की स्थिति में ला सकता है। यूरोपीय देश पहले ही यूक्रेन संकट से थके हुए हैं और एक नए युद्ध में गहराई से शामिल होने को इच्छुक नहीं दिखते। ऐसे में ट्रंप का युद्ध विराम प्रस्ताव सामरिक पुनर्संतुलन का प्रयास भी हो सकता है।

अमेरिका-ईरान वार्ता में पाकिस्तान की मध्यस्थता और कतर, तुर्किये व मिस्र की सक्रिय भूमिका ने इस धारणा को चुनौती दी है कि भारत ही एकमात्र संतुलनकारी शक्ति है। हालांकि भारत की "रणनीतिक स्वायत्तता" और सभी पक्षों से संवाद की क्षमता उसे अब भी एक महत्वपूर्ण, अनौपचारिक भूमिका देती है। युद्धविराम की आशंकित असफलता हमारी ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य आपूर्ति और खाड़ी देशों में फंसे लाखों भारतीयों की सुरक्षित निकासी ली चुनौती बनेगी। होर्मुज जलडमरूमध्य का संभावित बंदी भारत के लिए अस्वीकार्य होना स्वाभाविक है, हमारी लगभग 60 प्रतिशत तेल आपूर्ति इसी मार्ग से होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में दी गई चेतावनी इस मामले में संकेत है कि हमें वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं, सामरिक तेल भंडार और आपातकालीन निकासी योजनाओं को तुरंत सक्रिय करना होगा। इसमें ऊर्जा विविधीकरण, कूटनीतिक सक्रियता, रक्षा सतर्कता और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना शामिल है। भारत को इस अनिश्चितता के दौर में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए संतुलित, व्यावहारिक और दूरदर्शी नीति अपनानी होगी।

### प्रसंगवश

## पर्यावरण-अनुकूल परिवहन की ओर बढ़ती दुनिया

जलवायु परिवर्तन आज मानव सभ्यता के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। बढ़ते वैश्विक तापमान, चरम मौसम घटनाओं और प्रदूषण ने विकास के मौजूदा मॉडल पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संदर्भ में परिवहन क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह आधुनिक जीवन का आधार भी है और प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत भी। परिवहन क्षेत्र वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा पैदा करता है, जबकि ऊर्जा से जुड़े कार्बन उत्सर्जन में इसकी हिस्सेदारी करीब 23 प्रतिशत तक है। यही कारण है कि विश्वभर में परिवहन व्यवस्था को पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर जोर बढ़ा है। 'ग्रीन मोबिलिटी' या 'सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट' की अवधारणा इसी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य ऐसे साधनों और ढांचों का विकास करना है, जो कम ऊर्जा उपयोग करें और प्रदूषण घटाएं।

इस दिशा में यूरोप अग्रणी है। नॉर्वे, नीदरलैंड और जर्मनी जैसे देशों ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी नीतियां अपनाई हैं। नॉर्वे में नई कारों की बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। वहीं एम्स्टर्डम और कोपेनहेगन जैसे शहरों में साइकिल आधारित परिवहन का व्यापक नेटवर्क विकसित किया गया है, जिससे प्रदूषण और यातायात दबाव दोनों कम हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार वर्ष 2022 में दुनियाभर में एक करोड़ से अधिक इलेक्ट्रिक कारें बेची गईं, जो कुल बिक्री का लगभग 14 प्रतिशत हैं। यह परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। भारत के लिए यह चुनौती और भी बड़ी है, क्योंकि यहां तेजी से शहरीकरण और वाहनों की संख्या में वृद्धि हो रही है। देश के ऊर्जा-संबंधी कार्बन उत्सर्जन में सड़क परिवहन की हिस्सेदारी लगभग 12 से 14 प्रतिशत है। पिछले दो दशकों में परिवहन क्षेत्र से उत्सर्जन 155.9 मिलियन टन से बढ़कर 368.2 मिलियन टन तक पहुंच गया है। केंद्र सरकार की फेम योजना के तहत ई-वाहनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे जैसे शहरों में ई-बसों का विस्तार हो रहा है। साथ ही मेट्रो रेल परियोजनाओं के विस्तार ने शहरी परिवहन को नया विकल्प दिया है। पर्यावरण-अनुकूल परिवहन में साइकिल की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी साधन है। भारत में आज भी बड़ी संख्या में लोग साइकिल का उपयोग करते हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, लेकिन शहरी क्षेत्रों में इसका उपयोग काफी घटा है। जहां 1990 के दशक में 20-30 प्रतिशत यात्राएं साइकिल से होती थीं, वहीं आज यह घटकर 2-5 प्रतिशत रह गई हैं। इसके पीछे साइकिल लेन का अभाव, कार-केंद्रित विकास और सामाजिक धारणाएं प्रमुख कारण हैं।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कई चुनौतियां हैं। पहली चुनौती बुनियादी ढांचे की हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पर्याप्त चार्जिंग स्टेशन अभी भी सीमित हैं। दूसरी चुनौती लागत से जुड़ी है, क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआती कीमत अधिक है। तीसरी चुनौती शहरी नियोजन की है, जहां दीर्घकालिक परिवहन दृष्टि का अभाव दिखाई देता है। चौथी चुनौती साइकिल और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्गों की कमी है। यदि शहरों में सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल मार्गों को प्राथमिकता दी जाए, तो प्रदूषण और यातायात दोनों को नियंत्रित किया जा सकता है। भारत यदि इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरी तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा को समन्वित रूप से विकसित करे, तो देश प्रदूषण नियंत्रित करने का साथ ही इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व भी हासिल कर सकता है। इस दिशा में उठाए गए कदम शहरों को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और रहने योग्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## निकट आई लाल आतंक के खात्मे की घड़ी





दिग्विजय सिंह
कानपुर

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 के समापन, आतंकवाद का खात्मा समेत कई बड़े वादों के साथ 2014 में केंद्र की सत्ता में आई भाजपा ने उन तमाम वादों को देर सबेर पूरा किया। इसलिए भाजपा नेताओं के साथ ही आमजन में यह धारणा बनी कि मोदी है तो मुमकिन है। यह धारणा नारे में तब्दील हो गई और अब भाजपा और उसके सहयोगी दलों के मंच पर इसे पूरे जोश से बोला जाता है।

अब मोदी सरकार अपने एक और वादे को पूरा करने जा रही है वह है लाल आतंक यानी नक्सल मुक्त भारत। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। नक्सलियों को डेडलाइन दी गई थी कि वे या तो आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें अथवा मुठभेड़ में मारे जाएंगे या फिर जेल जाएंगे। इस सख्ती का असर हुआ और तमाम बड़े हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटना ही उचित समझा। उनके सहयोगी भी बड़े पैमाने पर हथियार डालने को मजबूर हुए। अब नक्सल मुक्त वादे के पूरा होने में सात दिन बचे हुए हैं। सुरक्षा बलों ने अपने अभियान को तेज कर दिया है। ताकि एक- एक नक्सली की गिरफ्तारी हो जाए या फिर वह हथियार डाल दे। हालांकि अभी तमाम हार्डकोर नक्सली ऐसे हैं, जो सरेंडर करने को तैयार नहीं हैं और सुरक्षा बलों की नजरों से बचकर छिपे हुए हैं, पर सरकार की जो इच्छाशक्ति है, उसे देखकर नहीं लगता कि वे सुरक्षा बलों से बच पाएंगे। भारत सीमा पर पाकिस्तान के पाले हुए आतंकवादियों से तो लड़ ही रहा है।

देश के अंदर मौजूद उग्रवादियों, नक्सलियों के सफाए के लिए भी पूरी ताकत झोंकी जा रही है। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से 1967 में नक्सलवाद की शुरुआत हुई थी।

देश के अंदर मौजूद उग्रवादियों, नक्सलियों के सफाए के लिए भी पूरी ताकत झोंकी जा रही है। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से 1967 में नक्सलवाद की शुरुआत हुई थी। धीरे-धीरे यह लाल गलियारा ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में भी फैल गया। नक्सलियों ने बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों के जवानों, जनप्रतिनिधियों और आमजन को अपनी गोली या बारूद का शिकार बनाया। तमाम कोशिशों के बाद भी कोई सरकार उनके आतंक पर अंकुश नहीं लगा सकी, लेकिन मजबूत इच्छा शक्ति, सुरक्षा बलों को दी गई खुली छूट, मजबूत सर्विलांस सिस्टम और मुखबिर तंत्र बनाकर मोदी सरकार ने नक्सलवाद मुक्त भारत का वादा किया और 31 मार्च 2026 की डेडलाइन तय की। उम्मीद है कि मोदी सरकार डेडलाइन खत्म होने से पहले ही लाल आतंक का खात्मा कर यह घोषणा कर देगी कि पूरा भारत अब नक्सल मुक्त हो गया है।

2019 तक देश के 9 राज्यों के 61 जिलों के 245 पुलिस थानों तक नक्सलवाद फैला हुआ था। जनवरी 2026 तक सिर्फ दो राज्यों के 5 जिले और 11 पुलिस थाने ही नक्सल प्रभावित बचे हैं। मोदी सरकार ने सिर्फ सुरक्षा बलों के दम पर ही नहीं, बल्कि विकास की गंगा बहाकर भी नक्सलियों को आत्मसपर्मण के लिए मजबूर किया है। विकास, रोजगार, शिक्षा की बयार बही, तो उनकी मदद करने वाले ग्रामीण भी न सिर्फ कदम पीछे खींचने लगे, बल्कि परिवार वालों पर दबाव डालकर नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार भी किया।

प्रभावित इलाकों में विकास की बात करें, तो जनवरी 2026 तक 15 हजार किलोमीटर सड़कें बनाई गईं। मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए 9233 टॉवर लगाए गए और युवाओं, महिलाओं को दक्ष बनाकर रोजगार दिलाने के लिए 46 आईटीआई और 49 स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की गई। 179 एकलव्य मॉडल स्कूल, 6025 पोस्ट ऑफिस, विभिन्न बैंकों की 1804 शाखाएं और 1321 एटीएम स्थापित किए गए, जो नक्सली आत्मसपर्मण कर रहे हैं, उनके पुनर्वास के लिए भी सरकार खूब धन खर्च कर रही है। ऐसे में सरकार को उम्मीद है कि देश की जनता से जो वादा किया गया है वह निर्धारित अवधि में पूरा हो जाएगा।

अब बात करें आतंकवाद की तो सुरक्षा बलों की सतर्कता, मजबूत खुफिया तंत्र की वजह से इसमें 43 फीसद की कमी आई है। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 की ताजा रिपोर्ट में भारत इस बार 13 वें स्थान पर है, जबकि पिछले साल 11 वें स्थान पर था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार द्वारा लांच किए गए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किए जाने और बड़े आतंकियों के मारे जाने से उनके आका डरे हुए हैं।

पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई के आकाओं को भी पता है कि भारत ऑपरेशन सिंदूर पार्ट टू कभी भी लांच कर सकता है। ऐसे में वे ऐसी कोई हरकत नहीं कर रहे हैं, जिससे कि हमारी सेना और सरकार को कड़ा कदम उठाना पड़े। हालांकि आईएसआई भारत को अस्थिर करने की हर चाल चल रही है। आईएसआई ने भारत में तेजी से जासूसों का जाल बिछाना शुरू किया है। सोनीपत में स्टेशन के आउटर इलाके में सोलर आधारित सीसीटीवी कैमरे लगवाने का उसका खेल पकड़ में आ गया है।

एनआईए ने उसके स्लीपर सेल और जासूसों की धरपकड़ करके उसके नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम तेज किया है, लेकिन आईएसआई ने जासूसी का ये जो नया तरीका निकाला है यह हमारी सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। ईरान के सबसे बड़े धार्मिक नेता अली खामेनेई और सैन्य प्रमुखों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने ऐसे ही कैमरे ईरान में लगवाए थे। इससे यह पता चलता है कि आईएसआई भी मोसाद के नक्शेकदम पर चल रही है और हमारे प्रमुख स्थलों पर कैमरे लगवाकर निगरानी करना चाहती है। हालांकि उसकी कोई भी चाल सफल नहीं होगी, क्योंकि हमारा खुफिया तंत्र बहुत मजबूत है, लेकिन उसकी यह चाल गंभीर खतरे की तरफ इशारा जरूर कर रही है।

### आमने



एक फिल्म ने अतीक अहमद और समाजवादी पार्टी के संबंधों को उजागर कर दिया है कि किस तरह से सपा सरकार में अतीक अहमद देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा था। मैं तो यही कह सकती हूं कि योगी आदित्यनाथ यूपी के धुरंधर मुख्यमंत्री है, जिन्होंने अतीक और मुख्तार जैसे माफियाओं के साम्राज्य का अंत कर दिया।
– **पूजा पाल**, विधायक

### सामने



पूजा पाल का बयान पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। एक फिल्म धुरंधर आई, जिसमें अतीक अहमद के बारे विदेशी कनेक्शन की बात कही गई। जिस अतीक के नाम पर लोकसभा में शोक सभा हुई, जो सांसद व विधायक रहे, जिनकी पुलिस कस्टडी में हत्या कर दी, लेकिन कभी उनके विदेश से कनेक्शन की बात नहीं आई। अब बजनिए तय करेंगे कौन विदेशी है और कौन हिंदुस्तानी है?
– **इसरार अहमद**, AIMIM नेता

## तमिलनाडु विस चुनाव में दिलचस्प होगा मुकाबला



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

दक्षिण भारत की राजनीति में तमिलनाडु हमेशा से एक विशिष्ट प्रयोगशाला रहा है। यहां की राजनीति लंबे समय तक द्रविड़ विचारधारा और क्षेत्रीय अस्मिता के इर्द-गिर्द घूमती रही है। पिछले पांच दशकों से सत्ता का केंद्र लगभग दो दलों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के बीच बंटा रहा है, लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव इस पारंपरिक द्वंद्व से आगे निकलकर नए राजनीतिक समीकरणों की आहट दे रहा है।

विधानसभा चुनाव को लेकर तस्वीर अब लगभग साफ हो गई है। राज्य में चार-कोणीय मुकाबला तय माना जा रहा है, जिससे चुनावी संघर्ष और भी दिलचस्प हो गया है। राज्य में 2019 से मजबूत स्थिति में रहे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेतृत्व वाले गठबंधन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, वाम दल, विदुथलाई चिरूथैगल कच्ची, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और मनिथनया मक्कल कच्ची जैसे दल शामिल हैं। हाल ही में कमल हासन की मक्कल नीधि मय्यम और देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कड़गम भी इस गठबंधन में जुड़ गए हैं। दूसरी ओर, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन किया है। इस गठबंधन में अंबुमणि रामदास के नेतृत्व वाली पट्टाली मक्कल कच्ची, टी.टी.वी. दिनाकरन की अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम और जी.के. वासन की तमिल मनीला कांग्रेस भी शामिल हैं।

इस बीच अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलगा वेत्रि कझगम को लेकर कई अटकलें चल रही थीं। कांग्रेस के साथ उनके संभावित गठबंधन की चर्चाएं तेज थीं और यहां तक कहा गया कि राहुल गांधी से उनकी बातचीत भी हुई है। हालांकि कांग्रेस ने अंततः द्रमुक के साथ ही अपना गठबंधन बरकरार रखा। इसके बाद टीवीके के एनडीए में शामिल होने और विजय को उपमुख्यमंत्री पद की पेशकश जैसी खबरें भी सामने आईं, लेकिन इन सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए विजय ने एक इफ्तार कार्यक्रम में साफ कर दिया कि उनकी पार्टी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी। उन्होंने घोषणा की कि टीवीके अपने दम पर सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाने का दावा भी किया। वहीं, सीमान की पार्टी नाम तमिलर कच्ची भी हर बार की तरह अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। इस प्रकार राज्य में चार प्रमुख मोर्चे बन गए हैं।

मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार के "द्रविड़ मॉडल" पर इस बार एंटी-इनकंबेंसी, कानून-व्यवस्था, हिंदुत्व विरोध और परिवारवाद के मुद्दे हावी हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लगभग दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी की थी। उस समय जनता ने तत्कालीन एआईएडीएमके सरकार के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी और नेतृत्व संकट को देखते हुए परिवर्तन का फैसला किया था, लेकिन राजनीति में पांच वर्ष लंबा समय होता है। अब वही डीएमके सरकार जनता की कसौटी पर है। क्योंकि इस अवधि की ढेर सारी कमियों का चुनावी हथियार विपक्ष के हाथ लग गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में हमेशा से क्षेत्रीय पहचान, भाषा और सामाजिक न्याय के मुद्दे महत्वपूर्ण रहे हैं। द्रविड़ आंदोलन की विरासत ने यहां की राजनीति को इस तरह आकार दिया कि राष्ट्रीय दल लंबे समय तक हाशिये पर रहे, लेकिन हाल के वर्षों में भाजपा ने राज्य में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत बनाई है। भाजपा कार्यकर्ता नेटवर्क के सहारे जमीनी पकड़ और मजबूत करने के कारण आगामी विधानसभा चुनाव केवल दो क्षेत्रीय दलों की लड़ाई नहीं, बल्कि क्षेत्रीय मुद्दे बनाम राष्ट्रीय राजनीति की एक नई परीक्षा बन गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में एंटी-इनकंबेंसी का इतिहास मजबूत रहा है। कई चुनावों में देखा गया कि सत्ता में बैठी पार्टी अगले चुनाव में हार गई। ऐसा परिदृश्य इस बार और पुरजोर अंदाज में दिखाई दे रहा है। खासकर दलित, वंचित, ग्रामीण और गरीब वर्गों के उत्थान के लिए डीएमके सरकार ने कोई करिश्माई काम नहीं किया है। इसके चलते चुनाव में डीएमके को इन वर्गों का व्यापक समर्थन मिलता नहीं दिख रहा है।

तमिलनाडु में बीजेपी की स्थिति धीरे-धीरे मजबूत हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार और वैचारिक अभियान के माध्यम से अपनी उपस्थिति बढ़ाने के तेज प्रयास किए हैं। एआईएडीएमके और बीजेपी का गठबंधन मजबूत होने के चलते कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने के बजाय सीधे सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के बीच हो सकता है। इस स्थिति में बीजेपी को अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि बीजेपी पिछले चुनाव की तुलना में इस बार बड़ी छलांग लगा सकती है। गठबंधन राजनीति के सहारे उसकी सीटें पहले से बेहतर होकर दो अंकों में पहुंच सकती हैं। असल में तमिलनाडु का विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का संघर्ष नहीं, बल्कि द्रविड़ राजनीति के भविष्य का भी परीक्षण है। भाजपा समेत विपक्ष अप्रत्याशित प्रदर्शन राज्य की राजनीति में नए गठबंधन और नई रणनीतियों का दौर शुरू कर सकता है। इसी कारण आगामी चुनाव को केवल सीटों की गणना के रूप में नहीं, बल्कि तमिलनाडु की सामाजिक-राजनीतिक चेतना की नई परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि बीजेपी पिछले चुनाव की तुलना में इस बार बड़ी छलांग लगा सकती है। गठबंधन राजनीति के सहारे उसकी सीटें पहले से बेहतर होकर दो अंकों में पहुंच सकती हैं।

### सोशल फोरम

## दिवा स्वप्न

हिंदी सोशल मीडिया का एक पॉपुलर डे ड्रीम है-पेट्रो डॉलर चौपट हो जाएगा, अमेरिका तबाह हो जाएगा और भारत विश्व का नंबर एक राष्ट्र बन जाएगा। पेट्रोलियम का व्यापार डॉलर में न हो, तो अमेरिका का जो नुकसान हो सो हो। उनके पास अपने देश के लिए पर्याप्त पेट्रोलियम है वह एक्सपोर्टर हैं इंपोर्टर नहीं। इसके अलावा टेक वर्ल्ड- एआई, डिफेंस, एनर्जी इन सबमें वह आने वाले पचीस साल तक की टेक्नोलॉजी में अग्रणी हैं। उनका जो है वैसे चलता रहेगा, उनके पास अनाज पर्याप्त है, फल, तेल सब निर्यात ही करते हैं। आयात जो करते हैं वह भी इसलिए करते हैं कि उनकी कंपनियों का माल बाहर सस्ते में बनता है, बाहर महंगे में बनेगा तो वो कंपनियां अपने देश में बना लेंगी। ऐपल आईफोन फिर भारत में नहीं अमेरिका में ही बनवा लेगा। पर हां भारत के ऐंगल से मान लो कल से ईरान कह दे स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से निकलने के लिए डॉलर नहीं युआन चाहिए और मान लो ईरान यह फोर्स कर ले गया, तो भाई डॉलर तो भारत अमेरिका को एक्सपोर्ट कर कमाता है, सॉफ्टवेयर से कमाता है और एनआरआई भी भेजते हैं। युआन क्लोज्ड करेंसी है। भारत चाइना को माल बेचता नहीं खरीदता है, तो भारत युआन कहां से जुटाएगा? अरुणाचल बेचकर या कश्मीर बेचकर? वैसे डॉलर बंद हो जाएगा तो ये जो चाइना से भी इंपोर्ट में डॉलर पे करते हैं, वह भी युआन में ही करना पड़ेगा? वह कहां से आएगा?



नितिन त्रिपाठी
लेखक

फिर दूसरी मजेदार बात चलती है- ब्रिक्स। इस समय जो युद्ध चल रहा है वह ब्रिक्स के छठे ताकतवर देश यूएई और सातवें ताकतवर देश ईरान के बीच ही है। आपस में युद्ध रुक नहीं रहा है और आपको उम्मीद है कि ये एक दूसरे की मुद्रा उपयोग करेंगे। चाइना हर चार पांच साल में भारत पर चढ़ाई कर देता है, आज भी अरुणाचल को भारत का हिस्सा नहीं मानता, ऑपरेशन सिंदूर में सीधे भारत पर हमला कर रहा था और आपको लगता है वह आपके संचालन में एक करेंसी मानेगा? इसमें दो राय नहीं जैसे-जैसे लोकल कंट्रीज की पॉवर बढ़ेगी आपस में व्यापार लोकल करेंसी में होगा/होता ही आया है। रूस भारत के बीच पेट्रोल का आदान-प्रदान एक लेवल तक रुपये से ही हो रहा था, इसलिए क्योंकि रूस का स्विफ्ट अमेरिका ने बंदकर रखा है वो डॉलर नहीं ले सकता, तो रूस भारत से रुपये में उतनी पेमेंट ले रहा था, जितना वह रुपया कहीं और खर्च कर सके। शेष पेमेंट रूस भी यूएई की मिद्रा में ही ले रहा था, क्योंकि वह डॉलर से लिंक्ड ओपन मुद्रा है। भाई ये सब दिवा स्वप्न हैं जैसे-जैसे भारत/ चाइना का जीडीपी प्रतिशत विश्व के प्रतिशत जीडीपी में बढ़ेगा, उसी अनुपात में धीमे-धीमे इनकी मुद्रा का इनसे व्यापार में प्रचलन बढ़ेगा, जो स्वाभाविक भी है। **–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## जब समुद्री रास्ते वैश्विक राजनीति का केंद्र बन जाएं

दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जिनका आकार भले ही छोटा हो, लेकिन उनका प्रभाव बेहद व्यापक होता है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज ऐसा ही एक समुद्री मार्ग है, जो आज वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था के केंद्र में आ खड़ा हुआ है। यह केवल एक जलमार्ग नहीं, बल्कि दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस रास्ते से गुजरने वाला तेल और गैस कई देशों की आर्थिक धड़कन से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब इस मार्ग को लेकर किसी प्रकार की अनिश्चितता पैदा होती है, तो उसका असर सीमाओं से निकलकर पूरी दुनिया तक पहुंचता है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस समुद्री क्षेत्र का महत्व और भी बढ़ गया है। विभिन्न देशों की रणनीतिक गतिविधियां और बयानबाजी इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अब संघर्ष केवल जमीन तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि समुद्र भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। आज की वैश्विक राजनीति में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि संसाधनों और मार्गों पर नियंत्रण केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति का भी प्रतीक बन गया है। जो देश ऐसे महत्वपूर्ण रास्तों को प्रभावित करने की स्थिति में होते हैं, वे अप्रत्यक्ष रूप से वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर सकते हैं। इस पूरे परिदृश्य में एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है-निर्भरता। दुनिया के कई देश ऊर्जा के लिए कुछ सीमित क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भर हैं। यही निर्भरता उन्हें ऐसी परिस्थितियों में अधिक संवेदनशील बना देती है, जहां कोई एक निर्णय या अवरोध व्यापक संकट का रूप ले सकता है।



संध्या अग्रवाल
साहित्यकार

यह स्थिति केवल आर्थिक चुनौती तक सीमित नहीं रहती। इसका असर राजनीतिक संबंधों पर भी पड़ता है। देश अपने हितों को ध्यान में रखते हुए अपने रुख तय करते हैं और कई बार उन्हें ऐसे निर्णय लेने पड़ते हैं, जो आदर्श से अधिक व्यावहारिक होते हैं। ऐसे समय में यह भी देखने को मिलता है कि वैश्विक शक्तियां अपने-अपने तरीके से स्थिति को संभालने या प्रभावित करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह प्रयास हमेशा समाधान की दिशा में हों, यह जरूरी नहीं। कई बार ये प्रयास नए सवाल और नई जटिलताएं भी खड़ी कर देते हैं।

इस पूरी स्थिति का सबसे बड़ा प्रभाव आम जीवन पर पड़ता है। ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव सीधे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करता है। महंगाई बढ़ती है, आर्थिक दबाव बढ़ता है और एक अनिश्चितता का माहौल बनता है। भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है, जहां ऊर्जा की बढ़ती जरूरतें और वैश्विक संबंधों का संतुलन दोनों को साथ लेकर चलना होता है। ऐसे में हर निर्णय सोच-समझकर लेना पड़ता है, ताकि आर्थिक स्थिरता और कूटनीतिक संतुलन दोनों बनाए रखे जा सकें। आज का समय यह संकेत दे रहा है कि दुनिया केवल संसाधनों की लड़ाई नहीं लड़ रही, बल्कि उन रास्तों और माध्यमों की भी, जिनसे ये संसाधन गुजरते हैं। यह संघर्ष प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, इसका प्रभाव हर देश और हर व्यक्ति तक पहुंचता है। शायद यही वजह है कि अब यह सवाल और भी महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या हम इन घटनाओं को केवल दूर की खबर मानकर नजरअंदाज कर सकते हैं या फिर यह समझना जरूरी है कि इनका असर हमारी जिंदगी से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है? क्योंकि जब समुद्री रास्ते संघर्ष का केंद्र बन जाते हैं, तब उनकी लहरें केवल किनारों तक सीमित नहीं रहतीं, वे पूरी दुनिया को प्रभावित करती हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



बिहार में प्रचलित टिकुली पेंटिंग एक ऐसी विशिष्ट लोक कला परंपरा है, जिसकी जड़ें भारतीय सांस्कृतिक इतिहास में गहराई तक समाई हुई हैं। इसका संबंध केवल चित्रकला से ही नहीं, बल्कि भारतीय स्त्री-सौंदर्य, सामाजिक परंपराओं और व्यापारिक इतिहास से भी जुड़ा हुआ है। माना जाता है कि टिकुली कला की प्रेरणा प्राचीन काल से ही मौजूद रही है और इसका इतिहास कुछ विद्वानों के अनुसार बौद्ध काल तक जाता है, हालांकि इसके उद्भव की कोई निश्चित तिथि निर्धारित करना आज भी कठिन है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

# टिकुली पेंटिंग: परंपरा से आधुनिक कला तक की रचनात्मक यात्रा



## बिंदी या टिकुली लगाने की परंपरा सदियों पुरानी

भारतीय संस्कृति में सुहागन स्त्रियों द्वारा ललाट पर बिंदी या टिकुली लगाने की परंपरा सदियों पुरानी रही है। यह केवल सौंदर्य वृद्धि का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक पहचान का भी प्रतीक रही है। पुरातत्वविदों को उत्खनन में प्राप्त मौर्यकालीन नारी प्रतिमाओं के ललाट पर बिंदी के अंकन मिलते हैं, जिससे यह अनुमान लगाया जाता है कि यह परंपरा कम से कम मौर्य काल से चली आ रही है। समय के साथ यह परंपरा समाज में निरंतर बनी रही और धीरे-धीरे इससे संबंधित शिल्प और सजावटी वस्तुओं का भी विकास हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का हिस्सा

मध्यकालीन भारत में बिहार की राजधानी पटना एक महत्वपूर्ण व्यापारिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभर चुकी थी। प्रसिद्ध फ्रांसीसी यात्री और इतिहासकार जीन-बैप्टिस्ट टैवर्नियर ने अपने यात्रा विवरणों में उल्लेख किया है कि लगभग 1700 ईसवी तक पटना पूरे बंगाल क्षेत्र का एक प्रमुख महानगर बन गया था। उस समय पुर्तगाली और तिब्बती व्यापारी यहां नियमित रूप से व्यापार के लिए आते थे और स्थानीय उत्पादों जैसे मूंग, कछुए के खोल से बने आभूषण, चूड़ियां तथा सोने-चांदी से सजी टिकुलियां खरीदकर अपने देशों में ले जाते थे। यह तथ्य बताता है कि टिकुली केवल घरेलू उपयोग तक सीमित नहीं रही, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का भी हिस्सा बन चुकी थी। प्रारंभिक दौर में टिकुली मुख्यत: कांच या धातु पर बनाई जाती थी और उस पर सोने की वर्क या रंगीन सजावट की जाती थी, लेकिन आधुनिक टिकुली पेंटिंग का स्वरूप 20 वीं सदी के मध्य में विकसित हुआ। प्रसिद्ध कलाकार और शिल्प पुनरुद्धारक उपेंद्र महारथी ने इस कला को नया जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1960 के दशक में जापान यात्रा के दौरान उन्होंने वहां लकड़ी के पैनलों पर एनामेल पेंट से बिंदुओं को जोड़कर बनाए जा रहे चित्रों को देखा। इस तकनीक से प्रेरित होकर, उन्होंने पटना के कांच पर चित्रकारी करने वाले कारीगरों रामफल गुप्ता, लाल बाबू गुप्ता तथा अन्य शिल्पियों को इस शैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एक नई पहचान

इस पहल के परिणामस्वरूप टिकुली पेंटिंग ने एक नई पहचान प्राप्त की। इसमें पौराणिक कथाओं, लोकजीवन, नृत्य, प्रकृति और सामाजिक विषयों को आकर्षक रंगों तथा बारीक रेखांकन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाने लगा। एनामेल रंगों के प्रयोग ने इन चित्रों को टिकाऊ, चमकदार और बाजार-उपयुक्त बनाया। महारथी जी के निधन के बाद इस परंपरा को आगे बढ़ाने और पुनर्जीवित करने का महत्वपूर्ण दायित्व कलाकार अशोक कुमार विश्वास ने निभाया। उन्होंने न केवल पारंपरिक विषयों को संरक्षित किया, बल्कि आधुनिक डिजाइन और बाजार की मांग के अनुरूप नए प्रयोग भी किए। उनके प्रयासों से टिकुली पेंटिंग राज्य की सीमाओं से बाहर निकलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक पहुंची। आज अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शिल्प मेलों के माध्यम से नई पीढ़ी के कलाकार इस कला में दक्ष हो रहे हैं।

वर्तमान संदर्भ में टिकुली पेंटिंग केवल सजावटी वस्तु या स्मृति-चिह्न भर नहीं रह गई है, बल्कि यह बिहार की सांस्कृतिक पहचान और आत्मनिर्भर शिल्प अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, डिजाइन नवाचार और सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं ने इसके प्रसार को और गति दी है। इस प्रकार, सुहागिनों के ललाट की शोभा रही टिकुली आज एक सशक्त कला शैली के रूप में विकसित होकर परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

अनोखी परंपरा



# थापों में बसी विदाई: आदिवासी जीवन का सत्य

राजस्थान के दक्षिणी हिस्से में स्थित बांसवाड़ा का आदिवासी जीवन अपनी विशिष्ट परंपराओं और गहरी लोकमान्यताओं के लिए जाना जाता है। यहां जीवन के हर पड़ाव जन्म से लेकर मृत्यु तक संस्कारों की एक अलग ही छवि देखने को मिलती है। विशेष रूप से मृत्यु से जुड़े रीति-रिवाज इस समाज की सांस्कृतिक पहचान को बेहद अनोखे ढंग से सामने लाते हैं। जब किसी व्यक्ति का निधन होता है, तो शोक की सूचना देने का तरीका आधुनिक साधनों से बिल्कुल अलग और पारंपरिक होता है। ढोली समाज का एक सदस्य शोकग्रस्त परिवार के घर पहुंचकर ढोल बजाता है। यह ढोल साधारण नहीं होता, बल्कि इसकी थाप विशेष होती है, जिसे स्थानीय लोग 'मुर्दा ढोल' के नाम से पहचानते हैं। इसकी गूंज पूरे गांव में फैलते ही लोगों को समझ आ जाता है कि किसी के घर शोक हुआ है। इस तरह बिना किसी शब्द के ही सूचना पूरे क्षेत्र में पहुंच जाती है।

ढोल की आवाज केवल सूचना का माध्यम ही नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता का आह्वान भी होती है। जहां तक इसकी ध्वनि सुनाई देती है, वहां तक के ग्रामीण स्वतः ही शवयात्रा में शामिल होने के लिए निकल पड़ते हैं। ढोल बजाने वाला व्यक्ति अर्थी के साथ श्मशान घाट तक आगे-आगे चलता है, मानो वह पूरे गांव को अंतिम विदाई के इस मार्ग में साथ ले जा रहा हो।

अंतिम संस्कार से पहले एक और विशिष्ट परंपरा निभाई जाती है-ढोल की थाप के साथ पटाखे फोड़ना या हवा में बंदूक चलाना। यह दृश्य शोक के बीच भी एक सम्मानजनक विदाई का प्रतीक बन जाता है। आदिवासी समाज में यह मान्यता रही है कि हर व्यक्ति, चाहे वह कितना ही साधारण क्यों न हो, अपने जीवन में एक सिपाही की तरह संघर्ष करता है। इसलिए उसकी मृत्यु पर बंदूक की सलामी देकर उसे श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। इन परंपराओं की जड़ें उस समय से जुड़ी हैं, जब संचार के आधुनिक साधन उपलब्ध नहीं थे। तब ढोल और अन्य वाद्ययंत्र ही सूचना के प्रमुख माध्यम हुआ करते थे। बांसवाड़ा जैसे क्षेत्रों में, जहां बस्तियां दूर-दूर बसी हैं, वहां यह तरीका आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। भले ही नई पीढ़ी इन परंपराओं के मूल कारणों को पूरी तरह न समझती हो, लेकिन वर्षों से इन्हें देख-सुनकर उन्होंने इन्हें अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। यही कारण है कि बांसवाड़ा की यह आज भी जीवंत है और समाज की सामूहिक चेतना को एक सूत्र में बांधे हुए है।

आर्ट गैलरी

# महिषासुर : एक कालजयी कृति



महिषासुर, तैयब मेहता की सबसे चर्चित और ऐतिहासिक कृतियों में से एक है, जिसने भारतीय आधुनिक कला को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पेंटिंग पारंपरिक पौराणिक चित्रणों से अलग एक नई दृष्टि प्रस्तुत करती है। इस चित्र में महिषासुर और देवी दुर्गा को एक अनोखे आलिंगन में दर्शाया गया है। सामान्यत: जहां देवी दुर्गा को महिषासुर का वध करते हुए दिखाया जाता है, वहीं तैयब मेहता ने इस दृश्य को संघर्ष और सह-अस्तित्व के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है। यह आलिंगन केवल शारीरिक नहीं, बल्कि गहरे मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक द्वंद्व को दर्शाता है। ऐसा प्रतीत होता है मानो अच्छाई और बुराई के बीच की सीमाएं धुंधली हो गई हों और दोनों एक-दूसरे में समाहित हो रहे हों। यह पेंटिंग केवल एक पौराणिक कथा का चित्रण नहीं है, बल्कि मानव मन के आंतरिक संघर्षों का प्रतीक है। इसमें हिंसा, करुणा, पीड़ा और सह-अस्तित्व की भावनाएं एक साथ दिखाई देती हैं। यही कारण है कि यह कृति आधुनिक समाज के नैतिक द्वंद्व और जटिलताओं को भी गहराई से प्रतिबिंबित करती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी 'महिषासुर' ने भारतीय कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। यह पहली भारतीय पेंटिंग बनी, जिसने अंतर्राष्ट्रीय नीलामी में एक मिलियन डॉलर से अधिक की कीमत प्राप्त की। इस उपलब्धि ने न केवल तैयब मेहता को वैश्विक ख्याति दिलाई, बल्कि भारतीय समकालीन कला बाजार के महत्व को भी स्थापित किया। इस प्रकार, 'महिषासुर' भारतीय कला इतिहास में एक मील का पत्थर बनकर उभरी है।

## तैयब मेहता के बारे में



तैयब मेहता भारतीय आधुनिक कला के उन अग्रणी कलाकारों में गिने जाते हैं, जिन्होंने भारतीय चित्रकला को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उत्तर-औपनिवेशिक भारत की उभरती कला चेतना में उनका योगदान अत्यंत विशिष्ट रहा। उनकी कृतियां केवल सौंदर्यबोध तक सीमित नहीं हैं, बल्कि गहरे सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक प्रश्नों को भी उजागर करती हैं। तैयब मेहता का संबंध प्रसिद्ध बॉम्बे प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट्स ग्रुप से रहा, जिसने भारतीय कला को पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकालकर आधुनिक दृष्टिकोण दिया। इस समूह में एम एफ हुसैन, एस एच रजा और एफ एन सूजा जैसे महान कलाकार शामिल थे। इनका उद्देश्य भारतीय कला को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करना था, जिसमें तैयब मेहता का योगदान अत्यंत प्रभावशाली रहा। उनकी कला की सबसे विशिष्ट पहचान 'Diagonal Series' यानी विकर्ण श्रृंखला है। यह शैली संयोगवश विकसित हुई, लेकिन आगे चलकर उनकी हस्ताक्षर शैली बन गई। उनकी पेंटिंग्स में तिरछी रेखाएं जीवन के तनाव, संघर्ष और विभाजन को दर्शाती हैं। आकृतियों का खंडित और दबावपूर्ण स्वरूप आधुनिक जीवन की जटिलताओं और मानव मन के आंतरिक द्वंद्व को गहराई से अभिव्यक्त करता है।

# होलकी माई: लोक-आस्था और नारी शक्ति का अनूठा संगम

लोकायन

ग्रामीण भारत में होली का उत्सव केवल रंगों और उल्लास का पर्व नहीं, बल्कि लोकपरंपराओं और आस्था की जीवंत विरासत का भी प्रतीक है। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में प्रचलित 'होलकी माई' की परंपरा इसी सांस्कृतिक विविधता का एक अनूठा उदाहरण है, जिसे विशेष रूप से महिलाएं पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ निभाती हैं।

यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी गांवों में उतनी ही आस्था के साथ जीवित है। जहां एक ओर पुरुष होलिका दहन करते हैं, वहीं महिलाओं की अपनी अलग 'होलकी' होती है। इसमें गोइठा (उपले) और लकड़ियों का उपयोग कर प्रतीकात्मक रूप से 'होलकी माई' तैयार की जाती है। यह केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि महिलाओं की सामूहिक आस्था और सहभागिता का सशक्त रूप है।



होलिका दहन के बाद महिलाएं इस 'होलकी माई' को गांव के तालाब या जलाशय में प्रवाहित करती हैं। यह क्रिया प्रकृति और पंचतत्वों के प्रति सम्मान की भावना को भी दर्शाती है। अगले दिन प्रातः महिलाएं तालाब के किनारे एकत्र होकर रोटी चढ़ाती हैं और विधिवत पूजा-अर्चना करती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में एक गहरा सांस्कृतिक भाव निहित है, जो जीवन, प्रकृति और परंपरा के बीच संतुलन को दर्शाता है।

इस परंपरा का एक विशेष पहलू यह भी है कि इसका संबंध नवरात्र से जुड़ता है। होली के लगभग एक माह बाद, नवरात्र के दौरान 'होलकी माई' को पुनः स्थापित किया जाता है और तीन दिनों के बाद फिर से जल में विसर्जित किया जाता है। इस दौरान भी पूजा और रोटी चढ़ाने की परंपरा निभाई जाती है, जो इस अनुष्ठान को एक विस्तृत सांस्कृतिक चक्र का हिस्सा बनाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह प्रथा उनके पूर्वजों के समय से चली आ रही है। समय के साथ भले ही जीवनशैली में बदलाव आया हो, लेकिन इस परंपरा की आत्मा आज भी वैसी ही बनी हुई है। महिलाएं इसे केवल एक धार्मिक कर्मकांड के रूप में नहीं, बल्कि अपनी पहचान, एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत के रूप में देखती हैं। दरअसल, 'होलकी माई' की यह परंपरा ग्रामीण जीवन की उस गहराई को उजागर करती है, जहां उत्सव केवल आनंद का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक संबंधों और परंपराओं को सहेजने का जरिया भी होता है। बदलते दौर में भी ऐसी परंपराएं गांवों की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूती से थामे हुए हैं और आने वाली पीढ़ियों तक अपनी पहचान बनाए रखे हुए हैं।

# रंगमंच की साझा विरासत

हर साल 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। यह दिन उस कला का है, जो बिना किसी पर्दे के दर्शकों से आमने-सामने बात करती है। उत्तराखंड के नैनीताल में रहने वाले रंगकर्मी जहूर आलम को इस कला को आगे बढ़ाने के लिए साल 2023 में 'संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उनका काम दिखाता है कि रंगमंच सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज, संस्कृति और लोगों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।



हिमांशु जोशी
लेखक



## एक शुरुआत, जो धीरे-धीरे आंदोलन बन गई

युगमंच के बारे में बात करते हुए जहूर आलम बताते हैं कि साल 1976 में 'युगमंच' की शुरुआत हुई। युगमंच को शुरू करने का मकसद यह था कि पहाड़ की लोक परंपराएं, गीत-संगीत और कहानियां भी मंच तक पहुंचें। 'अंधा युग' के साथ इसकी शुरुआत हुई और उसी से 'युगमंच' नाम निकला। खास बात यह रही कि नाटक को उसी रूप में नहीं किया गया, बल्कि उसमें कुमाऊं की लोक शैली, संगीत और परंपराओं को भी जोड़ा गया। इससे नाटक लोगों के और करीब आ गए और युगमंच की एक अलग पहचान बनी।

## जब मंच पर दिखने लगी अपनी ही दुनिया

जहूर आलम की हमेशा यह कोशिश रही कि युगमंच के नाटक लोगों के अपने अनुभवों से जुड़े हों। कुमाऊं की लोक गाथाएं, पहाड़ी संगीत और यहां के किस्से नाटकों का हिस्सा बने। उन्होंने आधुनिक और लोक रंगमंच को साथ मिलाकर काम किया, जिससे दर्शकों को मंच पर अपनी ही जिंदगी दिखाई देने लगी। जहूर कहते हैं कि होली में हुड़दंग बढ़ने लगा था, इसके बदलते स्वरूप को देखकर युगमंच ने पहल करते हुए बैठ और खड़ी होली को मंच पर लाने का प्रयास किया। उत्तराखंड के अलग-अलग स्थानों से कलाकार बुलाए गए और महिलाओं को भी मंच पर आने के लिए तैयार किया गया। नई पीढ़ी को सिखाने के लिए कार्यशालाएं की गईं। इसका असर यह हुआ कि नैनीताल की होली फिर से एक सलीकेदार सांस्कृतिक उत्सव की तरह सामने आई, जिसमें आज भी परंपरा और अनुशासन दोनों साथ दिखते हैं।

## जहां लोग मिलते हैं, नहीं दिखते भेद

जहूर आलम का काम यह दिखाता है कि कला लोगों को जोड़ती है। एक मुस्लिम परिवार से होने के बावजूद उन्होंने होली जैसे आयोजन को पूरी ईमानदारी से आगे बढ़ाया। उनके लिए यह त्योहार साथ मिलकर रहने का सबसे उम्दा जरिया है। इतिहासकार शेखर पाठक भी कहते हैं कि जहूर ने उस साझा विरासत को आगे बढ़ाया है, जिसमें अलग-अलग धर्म और समुदाय के लोग साथ मिलकर अपनी संस्कृति को जीते हैं और आज के समय में धीरे-धीरे यह दुर्लभ होती जा रही है। पंचायत फेम अभिनेत्री सुनीता रजवार भी जहूर आलम और युगमंच को इसी नजर से देखती हैं। वह कहती हैं कि जहूर दा युगमंच में नाटकों के स्तंभ हैं और उन्होंने नैनीताल में रंगमंच की परंपरा को सहेज कर रखा है। उनके लिए युगमंच सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि परिवार की तरह है, जहां उन्होंने हमेशा दूसरों के लिए रास्ते बनाए। सुनीता कहती हैं कि वह खुद भी उसी रास्ते से आगे बढ़ने वालों में से एक हैं। युगमंच के साथ पच्चीस साल से ज्यादा के अपने सफर को याद करते हुए नवीन बेगाना बताते हैं कि उनके पिता भी युगमंच से जुड़े थे। किशोरावस्था में वह अक्सर लड़ाई-झगड़ों में उलझे रहते थे। ऐसे समय में जहूर आलम ने उन पर भरोसा जताया और उन्हें युगमंच से जोड़ा। यही वह मोड़ था, जहां से उनकी जिंदगी ने नई दिशा ली। आगे चलकर नवीन ने ओपन यूनिवर्सिटी से संगीत की पढ़ाई की, शिक्षक बने और अपनी एक अलग पहचान बनाई। वह कहते हैं कि जहूर दा और युगमंच ने न सिर्फ नैनीताल का नाम आगे बढ़ाया, बल्कि थिएटर को जीवित और सक्रिय बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाई है। जहूर कहते हैं कि कई मौके ऐसे आए जब लोग बड़े शहरों की ओर गए, लेकिन उन्होंने यहीं रहकर काम करना चुना। उन्होंने खुद अभिनय और निर्देशन किया और नई पीढ़ी को तैयार किया। युगमंच से जुड़े कई कलाकार राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और अन्य संस्थानों तक पहुंचे। कुछ ने मुंबई में अपनी अलग पहचान भी बनाई।

## थिएटर के लिए जरूरी है सहारा

जहूर आलम यह भी मानते हैं कि रंगमंच को पेशे के रूप में मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कलाकारों को सम्मान के साथ काम करने के लिए आर्थिक और सामाजिक सहयोग मिलना चाहिए। तभी यह कला व मजबूत हो सकती है और नई पीढ़ी भी इसे अपनाएगी।

## इंतखाब की दुकान, जहां रंगमंच सांस लेता था

जहूर आलम के लिए नैनीताल और रंगमंच क्या हैं, इसे स्मिता कर्नाटक की किताब 'डीएसबी के गलियारों से' के शब्दों में बेहतर समझा जा सकता है। वह लिखती हैं कि पहली बार वह नैनीताल के सांस्कृतिक अड्डे 'इंतखाब' में जहूर दा से मिलीं, जहां कपड़े की दुकान होने के बावजूद माहौल किसी साहित्यिक बैठक जैसा होता था। परिवार की सलाह पर उन्होंने कपड़े की दुकान जरूर खोली, लेकिन मन उनका रंगमंच में ही लगा रहा। काउंटर पर कपड़ा नापते हुए भी वह उसी दुनिया में रहते थे। 'इंतखाब' में दिनभर ग्राहकों से ज्यादा कवियों, लेखकों और कलाकारों का जमावड़ा लगा रहता। चाय और कॉफी के दौर चलते और उनके साथ गंभीर बातचीत भी। यह दुकान धीरे-धीरे एक सांस्कृतिक अड्डा बन गई, जहां से कई विचार और कलाकार आगे बढ़े। यही वह जगह थी, जहां से युगमंच से जुड़े कई कलाकार आगे निकले। निर्मल पांडे, ललित तिवारी, सुनीता अवस्थी, सुदर्शन जुयाल और इदरीस मलिक जैसे नाम इसी जमीन से जुड़े रहे। छोटे शहर के इस माहौल ने बड़े मंच तक पहुंचने वाले कलाकारों को रास्ता दिया।

जहूर आलम के लिए नाटक सिर्फ मनोरंजन नहीं है। उनका कहना है कि रंगमंच में जीवन के लगभग हर पहलू की झलक मिलती है, इसलिए यह लोगों तक सबसे असरदार तरीके से बात पहुंचाता है। उनके नाटकों में अक्सर ऐसे विषय होते हैं, जो समाज से जुड़े होते हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करते हैं। युगमंच ने नुक्कड़ नाटकों के जरिए भी लोगों के बीच जाकर सामाजिक मुद्दों पर संवाद किया और रंगमंच को सीधे समाज से जोड़ा।

## बिजनेस ब्रीफ

### जीएसपी क्रॉप साइंस का शेयर 4% बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली।** कृषि रसायन कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 320 के मुकाबले करीब चार प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 3.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 332.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में 13.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 362.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 2.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 328 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,535.12 करोड़ रुपये रहा।

### मारुति सुजुकी गुजरात में करेगी 10,189 करोड़ रुपये का निवेश

**नयी दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि वह गुजरात में अपने नए विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण में 2.5 लाख वाहनों की उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 10,189 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने गुजरात के खोराज औद्योगिक क्षेत्र स्थित विनिर्माण संयंत्र में सालाना 2.5 लाख वाहनों की पहले चरण की क्षमता जोड़ने को मंजूरी दे दी है।

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 4,439 करोड़ रुपये के ठेके

**नयी दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) और उसकी अनुषंगी इकाइयों को पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी) कारोबार में करीब 4,439 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण क्षेत्र की कंपनी ने बयान में कहा कि इनमें अफ्रीका में 400 किलोवाट पारेषण लाइन और उससे जुड़े सबस्टेशन की परियोजना, भारत में पारेषण लाइन परियोजनाओं के ठके तथा स्वीडन में एक सबस्टेशन परियोजना शामिल है।

### सुजलॉन को 100 मेगावाट का पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली।** सुजलॉन समूह ने गेल (इंडिया) लि. से 100 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, यह वित्त वर्ष 2025-26 में सुजलॉन को मिला चौथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) ऑर्डर है, जो इसकी मजबूत और समग्र क्षमताओं को दर्शाता है। इस परियोजना से उत्पन्न बिजली महाराष्ट्र के नंदुरबार में गेल के आगामी पेट्रोरसायन संयंत्र को कॉर्बन उत्सर्जन में कटौती करने में मदद करेगी।

### टाटा पावर की इकाई के जीयूवीएनएल के साथ समझौते

**नयी दिल्ली।** टाटा पावर की मूंदड़ा संयंत्र का संचालन करने वाली उसकी इकाई कोस्टल गुजरात पावर लिमिटेड ने गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ अनुपूरक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने टाटा पावर मूंदड़ा संयंत्र के लिए जीयूवीएनएल (गुजरात) के साथ अनुपूरक पीपीए निष्पादित किया है। टाटा पावर की योजना इसी तरह के समझौते महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के साथ करने की भी है।

# बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 1,372 अंक चढ़ा, निफ्टी 400 अंक मजबूत

## 7.56 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,500 अरब डॉलर हो गई निवेशकों की संपत्ति

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में भी 400 अंक की बढ़त रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की योजना को अस्थायी रूप से टाले जाने की घोषणा के बाद एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार बढ़त में रहे।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,372.06 अंक यानी 1.89 प्रतिशत चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,793 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 399.75 अंक यानी 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,912.40 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, केवल पावर ग्रिड और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट आई। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समयसीमा बढ़ा दी है। कहा कि वह ईरानी ऊर्जा स्थलों पर हमले पांच दिन के लिए टाल रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव में संभावित कमी के शुरुआती संकेतों ने निवेशकों का कुछ भरोसा बहाल करने में मदद की है। यह सौदे को पूरा करने को लिवाली और निचले स्तर पर खरीदारी को दर्शाता है। एशिया के अन्य बाजारों में भी तेजी रही। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में ज्यादातर नुकसान में थे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों में अस्थायी विराम के बाद घरेलू बाजार में राहत भरी तेजी देखी गई। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.56 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,78,312.77 करोड़ रुपये (4,500 अरब डॉलर) हो गई। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.77 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 2.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,968 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,295 में गिरावट आई। वहीं 168 के भाव अपरिवर्तित रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.96 प्रतिशत बढ़कर 101.9 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 10,414.23 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 12,033.97 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# दिल्ली: एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




बजट पेश करने से पहले, एक ग्रुप फोटो में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता (केंद्र में) व अन्य।

- नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य संबंधी जांच
- 1.3 लाख छात्राओं को साइकिल और मेधावी छात्रों को लैपटॉप
- 'आपात संचालन केंद्र' और नई सेमीकंडक्टर नीति की भी घोषणा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य संबंधी जांच, 1.3 लाख छात्राओं को मुफ्त साइकिल और मेधावी छात्रों के लिए लैपटॉप सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गई। साथ ही आपदा प्रबंधन के लिए 'आपात संचालन केंद्र' के अलावा एक नई सेमीकंडक्टर नीति की भी घोषणा की गई।

दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बजट पेश करते हुए वित्त मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रही गुप्ता ने इसे 'हरित बजट' करार दिया और बताया कि कुल आवंटन का 21 प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण पहल के लिए रखा गया है। उन्होंने दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय के देश में तीसरे स्थान पर होने का उल्लेख किया और कहा कि 'ट्रिपल इंजन' सरकार के साथ राष्ट्रीय राजधानी तेजी से प्रगति कर रही है। सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 19,326 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो कुल बजट का 18 प्रतिशत है। इसके बाद स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 13,034 करोड़ रुपये, परिवहन के लिए 12,613 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिए 11,572 करोड़ रुपये, सामाजिक कल्याण के लिए 10,537 करोड़ रुपये और जलापूर्ति के लिए 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए कई कदमों की भी घोषणा की और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव से पहले जिस 'महिला समृद्धि योजना' का वादा किया था वह जल्द लागू की जाएगी। इसके लिए 5,110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए जल्द ही पंजीकरण मंच शुरू किया जाएगा।

### गैस संकट से जूझ रहा एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उद्योग संगठन एल्युमिनियम एक्सट्रूजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलईएमए) ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण एलपीजी तथा पीएनजी की आपूर्ति के गंभीर संकट से प्रभावित एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग के लिए सरकार से राहत उपायों की मांग की है। एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न एक निर्माण प्रक्रिया है, जिसमें गर्म एल्युमिनियम मिश्र धातु को एक विशिष्ट आकार की डाई के माध्यम से दबाकर ट्यूब, छड़, फ्रेम आदि बनाए जाते हैं। एएलईएमए ने सरकार से ब्याज दरों में कटौती और ऋण भुगतान की अवधि में छूट (मोराटोरियम) जैसे त्वरित राहत उपाय लागू करने का आग्रह किया है।

# एचडीएफसी बैंक ने बाहरी विधि कंपनी को सौंपी जांच

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




- पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने अपने त्याग पत्र में बैंक संचालन को लेकर उठाए थे गंभीर मुद्दे

एचडीएफसी बैंक ने पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के त्याग पत्र में उठाए गए मुद्दों की स्वतंत्र जांच के लिए बाहरी विधि कंपनियों को नियुक्त किया है। बैंक ने कहा कि यह कदम तथ्यों पर आधारित एवं निष्पक्ष आकलन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

एचडीएफसी बैंक के प्रवक्ता ने कहा कि बाहरी विधि कंपनियों की नियुक्ति एक सक्रिय कदम है, ताकि पत्र में उठाए गए सभी पहलुओं की स्वतंत्र रूप से समीक्षा की जा सके और वस्तुनिष्ठ एवं तथ्य आधारित मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह कदम बैंक द्वारा दशकों से अपनाए जा रहे उच्चतम कॉरपोरेट कामकाज मानकों के अनुरूप लगातार समीक्षा एवं तुलना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

उल्लेखनीय है कि देश के दूसरे सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए अपना पद अचानक छोड़ दिया था। उनका इस्तीफा 18 मार्च से प्रभावी हुआ।

यह पहली बार है जब बैंक के किसी अंशकालिक चेयरमैन ने कार्यकाल के बीच में इस्तीफा दिया है जिससे बैंक के कामकाज को लेकर सवाल खड़े हो गए। चक्रवर्ती ने 17 मार्च को लिखे अपने इस्तीफे में कहा था-पिछले दो वर्ष में बैंक के भीतर मैंने कुछ ऐसी घटनाएं एवं कार्य प्रणालियां देखीं जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों व नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। इसी आधार पर मैंने यह निर्णय लिया है। शासन, नामांकन, पारिश्रमिक समिति के चेयरमैन एच. के. भनवाला को लिखे पत्र में चक्रवर्ती ने कहा था कि उपरोक्त के अलावा मेरे इस्तीफे का कोई अन्य महत्वपूर्ण कारण नहीं है

चक्रवर्ती को आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में सेवानिवृत्ति के करीब एक वर्ष बाद पांच मई 2021 से अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 2024 में तीन और वर्ष के लिए बढ़ाकर चार मई 2027 तक कर दिया गया था।

चक्रवर्ती 1985 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं और अप्रैल 2020 में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए। इससे पहले वह निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के सचिव थे। ये दोनों विभाग वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं।

## रुपया 35 पैसे टूटकर 93.88 प्रति डॉलर के रिकार्ड निचले स्तर पर

**मुंबई, एजेंसी।** रुपया मंगलवार को 35 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 93.88 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती और वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण निवेशकों में चिंता का माहौल रहने से घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशकों की निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.66 पर खुला और पूरे सत्र के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा। अंत में यह 93.88 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद स्तर से 35 पैसे की गिरावट है।

# एथनॉल: पीडीएस में टूटे चावल की मात्रा घटाएगी सरकार:खाद्य सचिव

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत वितरित अनाज में टूटे चावल के आवंटन को 25 से घटाकर 10% करने का प्रस्ताव मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगी। इससे एथनॉल क्षेत्र को करीब 90 लाख टन टूटा चावल उपलब्ध हो सकेगा।

ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) के सम्मेलन में चोपड़ा ने कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य एथनॉल उद्योग को साल भर कच्चे माल की स्थिर आपूर्ति प्रदान करना है जिससे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के साबुत अनाज के भंडार पर इसकी निर्भरता कम हो जाएगी। जलवायु परिवर्तन एक वास्तविकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आपूर्ति श्रृंखला बाधित न हो। एथनॉल क्षेत्र को टूटे हुए चावल की निरंतर आपूर्ति यह सुनिश्चित करने में सहायक होगी। पीडीएस के तहत वर्तमान में वितरित अनाज में 25% टूटे हुए चावल होते हैं जो 80 करोड़ लाभार्थियों को प्रदान किए जाते हैं। नई योजना के तहत इसे घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया जाएगा। प्रतिवर्ष वितरित होने वाले करीब 360-370 लाख टन चावल में से बचे हुए अतिरिक्त टूटे चावल को एथनॉल उत्पादकों, पशु आहार निर्माताओं और अन्य को नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। पांच राज्यों में इसका प्रायोगिक परीक्षण पहले ही किया जा चुका है।

### एथनॉल को रसोई ईंधन के रूप में करें विकसित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम क्षेत्र ने मंगलवार को उद्योग जगत के दिग्गजों से एथनॉल को भारतीय परिवारों के लिए एक स्वच्छ रसोई ईंधन के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। इससे आयातित एलपीजी पर निर्भरता कम करने और जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों को बल मिलेगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री के निदेशक (डाउनस्ट्रीम) आर एस रवि ने ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह अपील की। उन्होंने एथनॉल आधारित रसोई स्टोव पर जारी शोध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एलपीजी उपकरण अनुसंधान केंद्र (एलईआरसी) और विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में इस दिशा में काफी काम हो रहा है तथा इसके प्रारूप (प्रोटोटाइप) जल्द ही तैयार होने की संभावना है।

## आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 55,837 करोड़ रुपये डाले

**मुंबई, एजेंसी।** आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में तीन दिवसीय 'वैरिएबल रेट रेपो' नीलामी के जरिये मंगलवार को 55,837 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दर पर डाली गई।

यह राशि एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। बैंकिंग प्रणाली में 23 मार्च तक अनुमानित नकदी करीब 26,196.36 करोड़ रुपये आंकी गई है। केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में 2,08,208 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

# गैर-पंजीकृत क्षेत्रों में रोजगार 6.18% बढ़ा, 74.52 लाख नये अवसर सृजित: सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** गैर-पंजीकृत उद्यम क्षेत्र में रोजगार 2025 में 6.18 प्रतिशत बढ़कर 12.80 करोड़ हो गया। इस अवधि के दौरान 74.52 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित हुए। सरकार के एक सर्वेक्षण में यह कहा गया है। मंगलवार को जारी गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई), 2025 के अनुसार, अक्टूबर, 2023 से सितंबर, 2024 की अवधि के दौरान इस क्षेत्र में श्रमिकों की संख्या 12,05,99,800 थी जो 2025 में बढ़कर 12,80,51,800 हो गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने जनवरी, 2025 से दिसंबर, 2025 की अवधि के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। इस क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 7.97 प्रतिशत बढ़कर 2025 (जनवरी 2025-दिसंबर 2025) में 7.92 करोड़ हो गई जो 2023-24 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) में 7.34 करोड़ थी। सर्वेक्षण के अनुसार, 'अन्य सेवाएं' क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की संख्या में 10.29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। इसके बाद विनिर्माण क्षेत्र में 6.48 प्रतिशत और व्यापार क्षेत्र में 6.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक विस्तार को बताती है।

## गडकरी बोले-सड़क परियोजनाओं के लिए जुटा सकते हैं आठ लाख करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** राजमार्ग क्षेत्र में खर्च की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल आठ लाख करोड़ रुपये तक जुटा सकती है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से राजमार्ग निर्माण का बहुत महत्व है। इस पर खर्च करने से देश की आर्थिक वृद्धि को गति मिल सकती है। एनएचएआई द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की बीएसई पर सूचीबद्धता के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि हमारी समस्या यह है कि हम खर्च करने में असमर्थ हैं। हमारे खर्च करने की गति बहुत धीमी है। उन्होंने कहा कि सरकार राजमार्ग क्षेत्र की मजबूत परिसंपत्तियों के आधार पर बाजार से हर साल पांच लाख करोड़ रुपये जुटा सकती है, इसके अलावा 3.2 लाख करोड़ रुपये का बजटीय सहयोग भी मिलता है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# भाजपा की मुहर से साबित हो गया आयोग को कौन चला रहा है: ममता

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के पत्र पर कथित तौर पर भाजपा की मुहर लगी होने के बाद यह बात संदेह से परे साबित हो गई है कि कौन सी पार्टी पर्दे के पीछे से आयोग को चला रही है। निर्वाचन आयोग के मार्च 2019 के एक पत्र पर भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई की मुहर लगी पाई जाने के बाद सोमवार को राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था।

बनर्जी ने चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने के लिए उत्तरी बंगाल के बागडोगरा रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि निर्वाचन आयोग की अधिसूचना पर भाजपा की मुहर लगी होने से यह स्पष्ट हो गया है कि पर्दे के पीछे से आयोग को कौन चला रहा है। पोल खुल चुकी है। उन्होंने अपने दावों को सही साबित करने के लिए इस विवाद पर एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिखाई।

मुख्यमंत्री ने आयोग का जिक्र किए बिना कहा कि पर्दे के पीछे से अपने खेल खेलने की कोई जरूरत नहीं है। खुलकर सामने आएं और हमसे आमने-सामने मुकाबला करें। बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा नंदीग्राम के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) का तबादला भवानीपुर में करने के कदम से राजनीतिक साजिश की बू आ रही है। उन्होंने परोक्ष रूप से दावा किया कि बीडीओ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी हैं। भवानीपुर सीट पर बनर्जी और अधिकारी का मुकाबला होगा।

## असम: हिमंत के खिलाफ चुनाव लड़े रहे कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों के नामांकन मंगलवार को हुई जांच के दौरान खारिज कर दिए गए, जिनमें से एक का नामांकन जलुकबारी सीट से था, जहां से मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। शाम साढ़े चार बजे तक कुल 18 नामांकन पत्र खारिज किए जा चुके थे। हालांकि, नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, ढकुआखाना सीट से कांग्रेस उम्मीदवार आनंद नराह, हाफलोंग सीट से निर्मल लंगथासा और जलुकबारी सीट से विदिशा नेओग के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं।ढकुआखाना सीट पर वर्तमान में भाजपा के पूर्व मंत्री नबा कुमार डोले का कब्जा है। हाफलोंग सीट के लिए भाजपा की कैबिनेट मंत्री नंदिता गारलोसा की कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में उम्मीदवारी स्वीकार कर ली गई है। गोरलोसा रविवार रात को विपक्षी दल में शामिल हुईं थीं।

## केरल: भाजपा अध्यक्ष के हलफनामे पर विवाद चंद्रशेखर की कांग्रेस को कोर्ट जाने की चुनौती

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर के हलफनामे को लेकर सियासी विवाद छिड़ गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चंद्रशेखर ने बेंगलुरु स्थित एक महंगी संपत्ति का विवरण छिपाया है और उसने इस संबंध में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। चंद्रशेखर ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संपत्ति छिपाने के दावे निराधार हैं और अगर कांग्रेस में अपने दावों को साबित करने का साहस है तो वह अदालत का रुख कर सकती है। नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव में चंद्रशेखर नेमम सीट से वी. शिवनकुट्टी और पूर्व कांग्रेस विधायक के. सबरीनाथन के खिलाफ मैदान में हैं। सबरीनाथन ने कहा कि हलफनामे से जुड़े आरोप गंभीर हैं।



तमिलनाडु में घोषणा पत्र जारी करते अन्नाद्रमुक के नेता।

## तमिलनाडु : मुफ्त फ्रिज, नकद सहायता देगी अन्नाद्रमुक

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रही मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें कुल 297 वादे शामिल हैं। मुफ्त योजनाओं में रेफ्रिजरेटर, एकमुश्त 10,000 रुपये की सहायता, महिलाओं के लिए मासिक सहायता, शिक्षा ऋण माफी, कार्ड धारकों के लिए 1,000 रुपये का पोंगल उपहार पैकेट आदि शामिल हैं। अन्नाद्रमुक के महासचिव और राजग के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने बुधवार को दक्षिण चेन्नई के मायलापुर इलाके में एक बैठक के साथ अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करने की पूर्व संध्या पर मंगलवार को अन्नाद्रमुक कार्यालय में घोषणापत्र जारी किया। मुख्य वादा चावल राशन कार्डधारकों को मुफ्त रेफ्रिजरेटर उपलब्ध कराना है। उन्होंने आगे कहा कि गृहिणियों के घरेलू कामों का बोझ कम करने के लिए, चावल राशन कार्डधारकों को मुफ्त रेफ्रिजरेटर दिया जाएगा। ईपीएस द्वारा अन्नाद्रमुक के सत्ता में आने पर किए गए वादों की सूची में करों के बोझ और महंगाई से निपटने के लिए प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपये की विशेष सहायता, समाज में आर्थिक समानता लाने के लिए कुला विलाक्कु योजना के अंतर्गत सभी कार्डधारक परिवारों को 2,000 रुपये की मासिक सहायता- जो सीधे परिवार की महिला मुखिया के बैंक खाते में जमा होगी। इसकेअलावा महिलाओं के समान पुरुषों के लिए मुफ्त बस यात्रा, ग्रामीण क्षेत्रों में जिनके पास घर या भूखंड नहीं है उनके लिए पक्के मकान बनाकर देंगे।



पहले दिन से ही हमारी सोच साफ़ रही है, हम यहां हिस्सा लेने नहीं आए हैं। हम यहां मुकाबला करने और जीतने आए हैं। एक नई टीम के लिए, यह सोचना आसान है कि इसमें समय लग सकता है, लेकिन हमारा नज़रिया कभी ऐसा नहीं था।
**–आशीष नेहरा, गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच**

## हाईलाइट

### ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज पर किया क्लीन स्वीप

**सेंट विन्सेंट, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को डीएलएस मेथड से वेस्टइंडीज को 40 रन से हराकर महिला टी 20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। बारिश ने वेस्टइंडीज के 212 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल कर दिया, जिससे 10 ओवर में उनका स्कोर 61/3 हो गया। इसी दौरान किंग्सटाउन बारिश होने लगी। बाद में मैच का नतीजा डीएलएस मेथड से तय किया गया। ऑस्ट्रेलिया के टोटल में जॉर्जिया वोल का 52 गेंदों पर पहला टी20 शतक सबसे ऊपर रहा। वह मेग लैनिंग (दो बार), बेथ मूनी (दो बार) और एलिसा हीली के साथ ऑस्ट्रेलिया महिला टी20 शतक बनाने वालों में शामिल हो गईं। नौ चौके और छह छक्के लगाकर, उन्होंने 17वें ओवर में अपना शतक पूरा किया।

### खेल पत्रकार एस त्यागराजन का निधन

**चेन्नई, एजेंसी।** नामचीन खेल पत्रकार एस त्यागराजन(85) का सोमवार शाम को निधन हो गया। त्यागराजन "त्यागु सर" के नाम से भी मशहूर थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं। एक गाइड और मेंटर के तौर पर, उन्होंने इस रिपोर्टर को भी यूएनआई के एक जाने-माने जर्नलिस्ट के तौर पर बनाने में अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने 1984 में स्पोर्ट्स कवर करके अपना सफ़र शुरू किया था। मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट्स लिखने में माहिर होने के कारण, बाद में उन्होंने इंडियन हॉकी को कवर करना शुरू किया और इंडियन टीम के लगभग सभी इवेंट्स को कवर करते हुए बहुत यात्रा की, जिसमें सुल्तान अज़लान शाह, एशिया कप और दूसरे इवेंट्स शामिल हैं।

### बारानिका ने कायम किया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** तमिलनाडु की बरनिका एलंगोवन ने राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप के शुरुआती दिन महिला पोल वॉल्ट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस 29 वर्षीय एथलीट ने 4.22 मीटर की ऊंचाई पार कर यह नई उपलब्धि हासिल की। बरनिका का यह प्रयास पहले से कायम आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 4.21 मीटर से भी बेहतर रहा, जो 2022 से राजी मीणा पौलराज के नाम दर्ज था। यह राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप पहली बार आयोजित की जा रही है, इसलिए महिला पोल वॉल्ट के लिए आधिकारिक तौर पर कोई इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड पहले से मौजूद नहीं था।

### रिंकू सिंह केकेआर के उप-कप्तान नियुक्त

**कोलकाता, एजेंसी:** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मंगलवार को आईपीएल 2026 के लिए विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया। यह फैसला फ्रेंचाइजी की दीर्घकालिक नेतृत्व रणनीति की ओर संकेत करता है। रिंकू सिंह कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ टीम की जिम्मेदारियां निभाएंगे। केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वेंकी मैसूर ने टीम के 'नाइट्स अनप्लग्ड 3.0' कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा करते हुए कहा कि रिंकू कप्तान के साथ करीबी तालमेल में काम करेंगे। मुख्य कोच अभिषेक नायर ने इस फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि टीम में रिंकू के विकास ने उन्हें नेतृत्व की भूमिका के लिए स्वाभाविक विकल्प बना दिया है।

# टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे ऋषभ पंत : एलएसजी कोच जस्टिन लैंगर



**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर को उम्मीद है कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज एक क्रिकेटर के रूप में तब और भी बेजोड़ बन जाता है जब खेलते समय उनके चेहरे पर मुस्कान होती है। एलएसजी ने पिछले साल पंत को 27 करोड़ रुपये की मोटी कीमत पर खरीदा था, जिससे वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे।

लेकिन आईपीएल 2025 में पंत और एलएसजी के लिए खुश होने का कोई खास कारण नहीं था, क्योंकि उनकी टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। लैंगर ने कहा कि हालांकि पंत पिछले साल अपना प्रभाव छोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे तथा इस दौरान उनके साथ बिताए गए समय से फ्रेंचाइजी और कोचिंग स्टाफ को उनके बारे में और अधिक समझने में मदद मिली। एक न्यूज चैनल से बातचीत में लैंगर ने बताया कि इस बार हम ऋषभ को पहले से अधिक सहज देख रहे हैं। वह अब खिलाड़ियों को अच्छी तरह से जानता है और हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। उसके चेहरे पर मुस्कान है और वह खूब मस्ती कर रहा है। जब वह क्रिकेट खेलता है तो उससे अधिक रोमांचक खिलाड़ी कोई दूसरा नहीं होता है।

### यश दयाल बाहर, लेकिन हटाए नहीं गए: आरसीबी

बेंगलुरु, एजेंसी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मंगलवार को पेसर यश दयाल का साथ दिया, जबकि उन्होंने कन्फर्म किया था कि वह इस समय आने वाले इंडियन प्रीमियर लीग सीजन के लिए टीम में शामिल नहीं होंगे। रिपोर्ट्स में उनकी गैरमौजूदगी को चल रहे कानूनी मामलों से जोड़ा जा रहा है। आरसीबी के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबट ने कहा कि दयाल एक "पर्सनल सिचुएशन" से जूझ रहे हैं, उन्होंने दोहराया कि फ्रेंचाइजी खिलाड़ी को सपोर्ट करती रहेगी और उनके साथ रेगुलर कॉन्टैक्ट में रहेगी।

### आकाशदीप और एडवडर्स की जगह दुबे व पेन विकल्प



नई दिल्ली,एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल से पहले चोटिल आकाशदीप और जैक एडवडर्स की जगह सौरभ दुबे और डेविड पेन को शामिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं। वह बेंगलुरू में उत्कृष्टता केंद्र में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे। आईपीएल मीडिया बयान में कहा गया कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ केकेआर में आकाश की जगह लेंगे। वह 30 लाख रुपये में केकेआर से जुड़ेंगे। वहीं, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज पेन को एसआरएच ने जैक एडवडर्स की जगह लिया है जो पैर की चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें पहले एसआरएच ने तीन करोड़ रुपये में खरीदा था। वह डेढ करोड़ रूपये में एसआरएच से जुड़ेंगे। इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स ने चोटिल नाथन एलिस की जगह उनके हमवतन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। इससे पहले गुजरात टाइटन्स और केकेआर के लिए खेल चुके जॉनसन 1.5 करोड़ रुपये में सीएसके में शामिल होंगे।

# पांच खिलाड़ियों को लक्ष्मण, छह को रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड

## लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांस्य प्रतिमा के साथ दिए प्रशस्ति पत्र और चेक

**3.11** लाख रुपये, कांस्य प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार में दिए गए

**06** अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को नौकरी के नियुक्ति पत्र भी दिए गए, क्रिकेटर रिंकू सिंह नहीं पहुंच सके

**1.64** करोड़ रुपये से 14 अन्य खिलाड़ियों को नकद धनराशि देकर किया गया सम्मानित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले पांच खिलाड़ियों को लक्ष्मण अवॉर्ड और चार खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 14 अन्य खिलाड़ियों को 1.64 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। छह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को नौकरी के नियुक्ति पत्र भी दिए गए। योगी ने बटन दबाकर एकलव्य क्रीड़ा कोष से खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता का अंतरण भी किया।

लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई एवार्ड में प्रत्येक खिलाड़ी को 3.11 लाख रुपये, कांस्य प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। नियुक्ति पत्र पाने वालों में हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल और पैरालंपिक ऊंची कूद खिलाड़ी प्रवीण कुमार को डीएसपी पद पर नियुक्ति दी गई। अजीत सिंह और सिमरन को जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रीतिपाल को खंड विकास अधिकारी तथा क्रिकेटर रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी पद दिया गया है। रिंकू सिंह समारोह में उपस्थित नहीं हो सके।





लोकभवन में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

### लक्ष्मण अवॉर्ड

- उत्तम सिंह (हॉकी), अभिजीत कुमार (जिम्नास्टिक), जोंटी कुमार (कुश्ती), यश कुमार (पैरा कैनोइंग) और प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स)।

### रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड

- प्राची (एथलेटिक्स), तान्या चौधरी (एथलेटिक्स), प्रगति केसरवानी (पैरा टेबल टेनिस) और वंतिका अग्रवाल (शतरंज) को सम्मानित किया गया।






लोकभवन में आयोजित समारोह में लक्ष्मण अवार्ड लेते अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ी। अमृत विचार

### 14 खिलाड़ियों को नकद प्रोत्साहन

- पदक विजेताओं में विनय (पैरा पावरलिफ्टिंग) को 40 लाख रुपये, विक्रांत बालियान (वुशु), सागर दांगी (शूटिंग), दीपक कुमार व ले. कर्नल भानु पाठक (पर्वतारोहण) को 15-15 लाख रुपये दिए गए। इसके अलावा अन्य खिलाड़ियों को 2 लाख से 14 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।



चेक लेतीं तनुश्री पांडेय।

# सोमानी ने 16,290 करोड़ में राजस्थान रॉयल्स को खरीदा

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स आईपीएल टीम के मौजूदा शेयरहोल्डर कल सोमानी ने जयपुर की इस टीम को 1.63 अरब डॉलर में खरीदकर फ्रेंचाइजी अपने हाथ में ले ली है, जो लगभग 16,290 करोड़ रुपये है। टाइम्स ग्रुप, जो इस दौड़ में भी था, बोली की दौड़ में दूसरे स्थान पर रहा। सोमानी एक कंसोर्टियम को हेड करेंगे जिसमें वॉलमार्ट भी शामिल है, और उनके ग्रुप ने रॉयल्स में पूरी 100 परसेंट हिस्सेदारी खरीद ली है। उम्मीद है कि 2026 सीजन के बाद वह यूके में रहने वाले इमर्जिंग मीडिया के मनोज बडाले की जगह टीम की कमान संभालेंगे। स्कॉट्सडेल, एरिज़ोना के रहने वाले, 50 साल के कल सोमानी को क्रिकेट के अलावा गोल्फ़ में भी दिलचस्पी है। वह मोटर सिटी गोल्फ़ क्लब के फाउंडर्स में से एक हैं, जिसका गोल्फ के लेजेंड टाइगर वुड्स से जुड़ाव है। उनके बेटे, अर्जुन सोमानी, यूएस जूनियर सर्किट में एक होनहार टैलेंट हैं। सोमानी की दिलचस्पी पढ़ाई से लेकर खेल तक है और वह कई कंपनियों के फाउंडर हैं। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स की 1.6 बिलियन डॉलर की वैल्यूएशन कोई हैरानी की बात नहीं है। एलारा कैपिटल के करण तुरानी ने कहा कि आरआर डील ज़्यादा फ्रेंचाइज वैल्यूएशन को सही ठहराती है। कल सोमानी की लीडरशिप वाले कंसोर्टियम द्वारा राजस्थान रॉयल्स को 1.63 बिलियन डॉलर में खरीदना हमारे इस विचार को मज़बूत करता है कि आईपीएल फ्रेंचाइज की वैल्यू अब 1.5-2.0 बिलियन डॉलर की रेंज में है, जिसे मजबूत मीडिया मोनेटाइज़ेशन और ग्लोबल इन्वेस्टर की बढ़ती दिलचस्पी का सपोर्ट मिला है। माना जा रहा है कि बोली सोमवार को खत्म हो गई थी और विनर का नाम उसी समय फाइनल हो गया था।

### आदित्य बिरला ग्रुप आरसीबी का अधिग्रहण करने को तैयार

- बेंगलुरु, एजेंसी। यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आदित्य बिरला ग्रुप, द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन के एक गठजोड़ को 16,660 करोड़ रुपये (1.78 अरब डॉलर)के नकद सौदे में बेच दिया है। इस समूह ने यूएसएल के साथ फ्रेंचाइजी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का समझौता कर लिया है। इस सौदे में आरसीबी की पुरुष और महिला दोनों टीमों को शामिल किया गया है।

# लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार राशि होगी 10 लाख



पैरालंपिक खिलाड़ी को लक्ष्मण अवार्ड देते मुख्यमंत्री।

- अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हर मेडल के पीछे संघर्ष, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की कहानी होती है। जितना पसीना बहेगा, जीत उतना ही निकट आएगी। खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र, लक्ष्मण एवं रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार और पदक जीतने पर बधाई देते हुए ऐलान किया कि इन दोनों प्रतिष्ठित पुरस्कारों की राशि 3.11 लाख रुपये से बढ़ाकर 10-10 लाख रुपये की जाएगी। इसके लिए उन्होंने खेल विभाग को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि मेरठ में बन रहे मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का लोकार्पण मई-जून में किया जाएगा। इसके साथ ही हर मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज और हर विकासखंड स्तर पर मिनी स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं। सांसद और विधायक निधि से भी खेल मैदान और ओपन जिम को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में खिलाड़ियों को 200 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि दी गई है। ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपये, रजत पर 4 करोड़ और कांस्य पर 2 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पहले जहां खेल उपेक्षित थे, वहीं अब बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शी व्यवस्था और प्रोत्साहन के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

### मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंची कप्तान हरमनप्रीत कौर

# भारत की सलामी बल्लेबाज मंधाना दूसरे स्थान पर कायम



**दुबई, एजेंसी।**

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है।

दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों ने उन्हें सूची में दो स्थान ऊपर18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी। इससे उन्होंने 66वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है।

### दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए काशवी भारतीय टीम में शामिल



काशवी गौतम।

- **नई दिल्ली, एजेंसी :** तेज गेंदबाज़ ऑलराउंडर काशवी गौतम को अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर काशवी ने टेस्ट और वनडे दोनों सीरीज में हिस्सा लिया था, लेकिन अब तक उनका टी20 डेब्यू नहीं हुआ है। चयनकर्ताओं ने उमा छेत्री को भी दल में ऋचा घोष के बैकअप के रूप में शामिल किया है। छेत्री ने 17 साल की जी कमालिनी की जगह ली है जिन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ में टी20 डेब्यू करने के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। दक्षिण अफ़्रीका का ये दौरा डरबन में शुरू होगा जहां 17 और 19 अप्रैल को पहले दो टी20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग में अगले दो मैच तथा 27 अप्रैल को बेनोनी में दौरे का आख़िरी मैच खेला जाएगा।
- **भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफ़ाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, श्री चरणी, श्रेयंका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा।

